वर्ष 72 ▸▸ अंक 291 ▸▸ पृष्ठ 12
रीवा, शनिवार 19 जुलाई, 2025
श्रावण कृष्ण पक्ष 09, विक्रम संवत् 2082
नगर ▸▸ मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

"अधिकांश सभ्यताएं केवल बाहरी खतरों के कारण नहीं, बल्कि आंतरिक कमज़ोरी, भ्रष्टाचार, या अपने मूल्यों और आदर्शों को साकार करने में विफलता के कारण विफल हुई हैं।
- कोरी बुकर

## ऑफ बीट

### कोर्ट में गाना गाकर हो रहा विवादों का निपटारा



*चीन के गुइझाउ प्रांत में अदालती विवादों को सुलझाने के लिए एक अनोखा तरीका अपनाया जा रहा है। यहां की मान्यताओं के मुताबिक, फोक सॉन्ग संवाद करने का एक अधिक शक्तिशाली तरीका है। इसलिए अब कई अदालतों ने माइनॉरिटी कम्युनिटी के बीच कानूनी विवादों का निपटारा करने के लिए फोक सॉन्ग मीडिएटर का इस्तेमाल कर रहे हैं। हाल ही में एक ऐसा मामला सामने आया, जिसमें एक व्यक्ति ने मानहानि करने वाली महिला पर मुकदमा दायर किया था। दोनों पक्ष शुई कम्युनिटी से थे, इसलिए अदालत ने दो फोक सॉन्ग मीडिएटर बुलाए। उन्होंने सुलह के गीत गाए, जिससे दोनों पक्षों में समझौता हो गया। महिला ने करीब 1 लाख 20 हजार मुआवजा दिया। अब चीन के इस राज्य में 19 फोक सॉन्ग मीडिएटर अप्वाइंट किए गए हैं।*

छत्तीसगढ़ : कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की बड़ी कार्रवाई

# भूपेश के बेटे को जन्मदिन पर किया गिरफ्तार, 5 दिन की मिली रिमांड

**रायपुर, जेएनएन।** छत्तीसगढ़ में शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शराब घोटाले से जुड़े मामले में छापेमारी की। ईडी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उनके बेटे चैतन्य बघेल से जुड़े ठिकानों पर रेड की। इसके बाद ईडी ने चैतन्य को गिरफ्तार कर लिया। ईडी ने चैतन्य को रायपुर की स्पेशल कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने चैतन्य को 22 जुलाई तक ईडी की 5 दिन की रिमांड पर भेज दिया है। कोर्ट में भूपेश बघेल, चरणदास महंत, मोहम्मद अकबर समेत कई बड़े नेता मौजूद रहे। ईडी के इस कदम के बाद छत्तीसगढ़ में सियासी सरगर्मियां शुरू हो गई हैं।

दरअसल, 2017 में छग में रमन सिंह की सरकार ने एक नई आबकारी नीति का एलान किया था। इसके तहत छग स्टेट मार्केटिंग कॉर्पोरेशन लि. (सीएसएमसीएल) की स्थापना की गई। इसको शराब उत्पादकों से शराब खरीदने और स्टोर्स के जरिए बेचने का काम दिया गया। छग सरकार इस योजना के जरिए शराब बिक्री का पूरा रिकॉर्ड केंद्रीकृत करना चाहती थी। ईडी का कहना है कि रमन सरकार की योजना साफ थी, लेकिन जब 2018 में छग में सरकार बदली तो सीएसएमसीएल का प्रबंधन भी बदल दिया गया। इस तरह शराब सिंडिकेट ने कब्जा जमाया और एक समानांतर आबकारी विभाग शुरू कर दिया। सिंडिकेट में राज्य के वरिष्ठ नौकरशाहों से लेकर नेता और आबकारी विभाग के अधिकारी शामिल हो गए।


चैतन्य बघेल को कोर्ट में पेश किया।

### यह है मामला


छग में 2018 में कांग्रेस ने चुनाव जीता और भूपेश बघेल सीएम बने। बताया जाता है कि शराब घोटाले की शुरुआत 2019 में हुई, इससे 2022 तक छग में शराब के जरिए काली कमाई की गई। ईडी का कहना है कि यह सब भूपेश सरकार की नाक के नीचे हुआ। ईडी का कहना है कि घोटाले में कथित तौर पर संलिप्त लोगों ने नकली होलोग्राम बनाने नोएडा में कंपनी प्रिज्म होलोग्राफी सिक्योरिटी फिल्म्स प्रालि को टेंडर दिया था। यह कंपनी होलोग्राम बनाने के लिए पात्र नहीं थी, फिर भी नियम बदलकर टेंडर दिया गया। एक और खुलासा यह हुआ कि यह कंपनी छग के ही एक नौकरशाह से जुड़ी थी।

### तीन साल तक कैसे हुआ शराब घोटाले का खेल?

फरवरी 2019 में भारतीय दूरसंचार सेवा (आईटीएस) के अफसर अरुणपति त्रिपाठी को सीएसएमसीएल का प्रमुख बनाया गया। मई 2019 में उन्होंने एमडी की जिम्मेदारी संभाली। ईडी के मुताबिक, इसके बाद से सरकारी वेंड्स से शराब की अवैध बिक्री शुरू हुई। अफसरों ने उस कंपनी को ही बदल दिया, जो शराब की बोतलों में लगने वाले होलोग्राम का प्रमाण बनाती थी। इसकी जगह एक दूसरी कंपनी को होलोग्राम बनाने का ठेका दे दिया गया। इस कंपनी को असली के साथ कुछ नकली होलोग्राम बनाने के लिए भी कहा गया। नकली होलोग्राम को कथित तौर पर सीधे त्रिपाठी को भेज दिया जाता था, जो इसे देशी शराब के उत्पादकों को भेजते थे, इन डुप्लिकेट होलोग्राम के साथ डुप्लिकेट बोतलें भी हासिल की गईं। इनमें शराब भरकर राज्य के वेयरहाउस की जगह सीधे ठेकों में पहुंचाया जाने लगा। इन कारगुजारियों के चलते छग में तीन साल तक बड़ी मात्रा में शराब की अवैध तरह सप्लाई की गई। करीब 40 लाख लीटर शराब सरकारी रिकॉर्ड में नहीं आ पाई।


### जीजाजी को 10 साल से कर रहे परेशान

नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कहा, सरकार दस साल से मेरे जीजाजी (रॉबर्ट वाड्रा) को परेशान कर रही है। यह चार्जशीट उसी षडयंत्र का हिस्सा है।



उन्होंने लिखा, मैं रॉबर्ट, प्रियंका और उनके बच्चों के साथ हूं, क्योंकि उन्हें राजनीतिक रूप से प्रेरित बदनामी और उत्पीड़न झेलना पड़ रहा है। आखिर में सच्चाई की जीत होगी। राहुल का यह बयान उस वक्त आया है, जब ईडी ने गुरुवार को गुरुग्राम लैंड डील केस से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में रॉबर्ट के खिलाफ चार्जशीट पेश की थी।

### विस में अडानी का मुद्दा उठेगा, इसलिए ईडी भेजा



भूपेश बघेल ने पोस्ट किया, ईडी आ गई। आज विधानसभा सत्र का अंतिम दिन है। अडाणी के लिए तमनार में काटे जा रहे पेड़ों का मुद्दा आज उठाना था। भिलाई निवास में 'साहेब' ने ईडी भेज दी। विस जाते वक्त भूपेश ने कहा, पिछली बार मेरे जन्मदिन पर ईडी को भेजा गया। इस बार बेटे के जन्मदिन पर मोदी-शाह ने मालिक को खुश करने ईडी को भेजा है। भूपेश न झुकेगा और न ही डरेगा। आज विधानसभा में अडाणी का मुद्दा उठेगा, इसलिए ईडी को भेजा गया।

हाईकोर्ट ने मानवाधिकार आयोग को दिया आदेश

# आरोपी का जुलूस निकालने वाले पुलिसकर्मियों पर करें कार्रवाई

**जबलपुर/भोपाल, जेएनएन।** भोपाल पुलिस के कुख्यात गैंगस्टर जुबेर मौलाना का सिर और दाढ़ी-मूंछ मुंडवाकर जुलूस निकालने के मामले में जबलपुर हाईकोर्ट ने मप्र मानवाधिकार आयोग को कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं। जुबेर की पत्नी शमीम बानो ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। जुबेर और उसके तीन गुर्गों को दो माह पहले पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उसके पास से एक देसी पिस्टल, चार जिंदा कारतूस और तीन छुरी जब्त की गई थीं। जुबेर और उसके साथियों ने शहर के मंगलवारा और टीला जमालपुरा क्षेत्र में वाहनों में तोड़-फोड़ के साथ ही फायरिंग की थी। हालांकि, पुलिस का दावा था कि जुबेर ने अपनी पहचान छिपाने के लिए खुद ही दाढ़ी, मूंछ और सिर मुंडवा लिया था।



### जुबेर पर भोपाल में कई केस दर्ज

गैंगस्टर जुबेर ने पुरानी रंजिश के चलते भोपाल में बदमाश साद खान पर फायरिंग की थी। आरोपियों के गोली चलाते हुए सीसीटीवी फुटेज भी सामने आए थे। जुबेर मौलाना के खिलाफ गैरतगंज के अलावा भोपाल में कई अपराध दर्ज हैं। उस पर 30 हजार रुपए का इनाम भी घोषित था।

अधिवक्ता प्रशांत चौरसिया ने बताया कि यह मामला आर्टिकल 21, 22, 25 और ह्यूमन राइट्स के उल्लंघन का है। कोर्ट को बताया गया कि किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तार करने के बाद उसका जुलूस नहीं निकाला जा सकता है। पुलिस को संबंधित कोर्ट में पेश करने का अधिकार है, इसके बाद उसे ज्यूडिशियल कस्टडी में भेजा जाएगा। चौरसिया ने बताया कि वारंट तामीली मामले में पुलिस ने जुबेर को गिरफ्तार कर जुलूस निकाला। कमिश्नर और आयोग को शिकायत पत्र देकर जांच, कार्रवाई की मांग की थी।

## ..तो अंडर ट्रायल आरोपियों को जमानत देने को होंगे मजबूर : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने कि अगर एनआईए (राष्ट्रीय जांच एजेंसी) के मामलों की तेज सुनवाई के लिए स्पेशल कोर्ट और अलग इन्फ्रास्ट्रक्चर जरूरी है। जल्द नहीं बनाया गया, तो अदालतें आरोपियों को जमानत देने पर मजबूर होंगी। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने शुक्रवार को कहा, अगर केंद्र और राज्य सरकारें टाइम से सुनवाई के लिए स्पेशल कोर्ट नहीं बनातीं, तो अदालतों के पास अंडरट्रायल आरोपियों को जमानत देने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचेगा। कोर्ट एक ऐसे मामले की सुनवाई कर रही थी, जिसमें आरोपी सालों से जेल में बंद है, जबकि अभी मुकदमे की सुनवाई शुरू भी नहीं हुई थी। कोर्ट ने कहा, यूएपीए और मकोका जैसे गंभीर मामलों के लिए विशेष अदालतें जरूरी हैं। कोर्ट ने एनआईए सचिव के हलफनामे पर भी नाराजगी जताई। सुप्रीम कोर्ट ने पहले भी कहा था कि जब एक व्यक्ति सालों से जेल में है और मुकदमा शुरू ही नहीं हुआ, तब जमानत देना या न देना, सीधे संविधान के अनुच्छेद 21 (व्यक्तिगत स्वतंत्रता) का उल्लंघन बन जाता है।

## संक्षिप्त खबरें

### नौसेना प्रमुख आज रीवा आयेंगे



**रीवा।** देश के नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी आज रीवा आयेंगे। वह ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा में आयोजित युवा अभिप्रेरण कार्यक्रम में छात्रों को प्रेरक उद्बोधन देंगे। उल्लेखनीय है कि नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी रीवा संभाग के सतना जिले के महुडर गांव के निवासी हैं। श्री त्रिपाठी की विद्यालयीन शिक्षा-दीक्षा रीवा सैनिक स्कूल से हुई है। रीवा से उनका गहरा नाता है। टीआरएस कालेज प्राचार्य डॉ अर्पिता अवस्थी ने बताया कि नौसेना प्रमुख श्री त्रिपाठी को छात्रों को प्रेरित करने के लिए कार्यक्रम में आने का आग्रह किया गया है।

### कैश केस: सुप्रीम कोर्ट पहुंचे जस्टिस वर्मा


**नई दिल्ली, जेएनएन।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने कैश कांड केस में खुद को दोषी ठहराने वाली जांच रिपोर्ट को रद्द करने की मांग की है।



जस्टिस वर्मा ने गुरुवार को अपील में कहा, उनके खिलाफ जो कार्रवाई की गई, वह न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ है। मुझे खुद को साबित करने का पूरा मौका नहीं दिया गया। कार्यवाही में एक व्यक्ति और एक संवैधानिक अधिकारी दोनों के अधिकारों का उल्लंघन किया गया है। यह याचिका संसद का मानसून सत्र शुरू होने से कुछ दिन पहले आई है। सत्र के दौरान जस्टिस वर्मा को हटाने के लिए प्रस्ताव पेश किया जा सकता है। वहीं, कांग्रेस ने कहा कि पार्टी जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ लोकसभा में लाए जा रहे प्रस्ताव का समर्थन करेगी और कांग्रेस सांसद भी उसमें हस्ताक्षर करेंगे।

### मेटा से गलती हुई, लिखा- कर्नाटक सीएम नहीं रहे

**बेंगलुरु, जेएनएन।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने सोशल मीडिया कंपनी मेटा के ट्रांसलेशन फीचर पर आपत्ति जताई है। दरअसल, 15 जुलाई को सिद्धारमैया ने फेसबुक पर एक्ट्रेस बी सरोजादेवी के निधन पर शोक संदेश पोस्ट किया था। यह पोस्ट कन्नड़ में किया गया था, पोस्ट पर ही इंग्लिश में ट्रांसलेशन का फीचर था। इसे क्लिक करने पर लिखा आया कि कर्नाटक सीएम का निधन हो गया है।



सिद्धारमैया की तरफ से मेटा को लेटर भेजा गया, जिसमें कहा गया कि वे (मेटा) कन्नड़ ऑटो-ट्रांसलेशन फीचर को तब तक के लिए बंद कर दें, जब तक वह तथ्यों को तोड़ना-मरोड़ना बंद करना नहीं सीख लेता। उधर मेटा के एक प्रवक्ता ने कहा, हमने उस समस्या को ठीक कर दिया है, जिसकी वजह से कन्नड़ ट्रांसलेशन में थोड़ी देर के लिए गड़बड़ी हुई थी। हमें खेद है कि ऐसा हुआ। दरअसल, 15 जुलाई को कर्नाटक सीएम ऑफिस की तरफ से फेसबुक पर एक पोस्ट किया गया था, जिसमें सिद्धारमैया एक्ट्रेस की तस्वीर पर फूल चढ़ा रहे थे।

# अमेरिका ने टीआरएफ को आतंकी ग्रुप घोषित किया

## कूटनीतिक मोर्चे पर भारत को बड़ी कामयाबी

**वॉशिंगटन, जेएनएन।** आतंक से जुड़े मामले में कूटनीतिक मोर्चे पर भारत को बड़ी सफलता मिली है। अमेरिका ने पाकिस्तान समर्थित द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) को विदेशी आतंकवादी संगठन (एफटीओ) घोषित कर दिया है। इसी संगठन ने पहलगाम आतंकी हमले की जिम्मेदारी ली थी, जिसमें 26 लोग मारे गए थे। भारत ने पहले ही टीआरएफ को आतंकी संगठन घोषित कर दिया था। अमेरिका की कार्रवाई के बाद संगठन पर कई प्रतिबंध लगेंगे।

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने बताया कि अमेरिका ने टीआरएफ को एफटीओ और विशेष रूप से नामित वैश्विक आतंकवादी (एसडीजीटी) की सूची में डाला है। उन्होंने कहा, टीआरएफ ने पहलगाम हमले की जिम्मेदारी ली थी, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे। विदेश विभाग द्वारा की गई ये कार्रवाई हमारे राष्ट्रीय सुरक्षा हितों की रक्षा, आतंकवाद का मुकाबला करने और पहलगाम हमले के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के न्याय के आह्वान को लागू करने के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इसके चलते टीआरएफ पर कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगेंगे। संगठन से अमेरिकी नागरिक और ■ शेष पृष्ठ 7 पर




### प्रतिबंध का क्या होगा असर?

अमेरिका आव्रजन एवं राष्ट्रीयता अधिनियम की धारा 219 के तहत किसी संगठन को आतंकी घोषित करता है। इसके लिए आतंकवाद निरोधक ब्यूरो दुनियाभर में सक्रिय आतंकी समूहों की गतिविधियों पर नजर रखता है। फिर संभावित लक्ष्यों की पहचान की जाती है। इसके लिए उस समूह द्वारा किए गए हमलों के अलावा भविष्य के संभावित आतंकी कृत्यों की योजना,उसकी क्षमता और इरादे की भी समीक्षा की जाती है। यूएस कानून के तहत एफटीओ घोषित करने के गंभीर कानूनी, वित्तीय परिणाम होते हैं। ऐसे संगठन की क्षेत्राधिकार में आने वाली सभी संपत्तियों को जब्त कर लिया जाता है। गतिविधियों में शामिल अमेरिकी व्यक्तियों या संस्थाओं पर कानूनी कार्रवाई की जाती है। संगठन से जुड़े सदस्यों और समर्थकों के अमेरिका आने पर रोक लगेगी। आतंकी संगठन हथियारों का निर्यात नहीं कर सकेगा।

### जयशंकर बोले-आतंकवाद विरोधी सहयोग की हुई पुष्टि



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक्स पर लिखा, भारत-अमेरिका आतंकवाद विरोधी सहयोग की मजबूत पुष्टि हुई है। विदेश मंत्री मार्को रुबियो को धन्यवाद कि उन्होंने टीआरएफ को विदेशी आतंकी संगठन और विशेष रूप से नामित वैश्विक आतंकी घोषित किया। टीआरएफ ने 22 अप्रैल को पहलगाम हमले की जिम्मेदारी ली थी। आतंकवाद के लिए जीरो टॉलरेंस।

### आप अब इंडिया ब्लॉक का हिस्सा नहीं: संजय

**नई दिल्ली, जेएनएन।** आम आदमी पार्टी (आप) ने शुक्रवार को खुद को इंडिया ब्लॉक से अलग कर लिया। सांसद संजय सिंह ने कहा कि आप अब विपक्षी गठबंधन का हिस्सा नहीं है। उन्होंने गठबंधन का नेतृत्व करने में कांग्रेस पार्टी की भूमिका पर सवाल उठाए। संजय ने कहा, यह कोई बच्चों का खेल नहीं है। क्या उन्होंने लोकसभा चुनावों के बाद कोई बैठक की। क्या इंडिया ब्लॉक का विस्तार करने की कोई पहल हुई। यह टिप्पणी 19 जुलाई को होने वाली इंडिरू ब्लॉक पार्टियों के नेताओं की बैठक से पहले आई है। यह मीटिंग संसद के मानसून सत्र से ठीक पहले हो रही है। इंडिया ब्लॉक की पिछली औपचारिक बैठक 5 जून 2024 को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के घर हुई थी।

# शराब दुकान कर्मी को अफसर ने मारे लात-घूंसे

## ठेकेदार बोले-आबकारी अधिकारी दुबे अवैध वसूली करने आए, धमकाया

**जबलपुर, जेएनएन।** जबलपुर में सहायक आबकारी आयुक्त संजीव दुबे ने गुरुवार शाम 4 शराब दुकानों में घुसकर कर्मचारियों से मारपीट की। दुबे अवैध वसूली के लिए दबाव बना रहे थे। मांग पूरी न होने पर उन्होंने लात-घूंसे मारे। यही नहीं उन्होंने दुकान मालिक से कहा, दुकान सरेंडर कर दे, वरना बर्बाद कर देंगे। जानकारी के मुताबिक, जागृति इंटरप्राइजेज के पार्टनर अजय सिंह बघेल ने पीएस को लिखे पत्र में बताया कि वह 2025-26 के लिए बरेला मदिरा समूह के लाइसेंसी हैं। 17 जुलाई को सहायक आबकारी आयुक्त बरेला शराब दुकान पहुंचे और गद्दीदार उपेंद्र मिश्रा से पूछाताछ की, जब वह चुप रहा, तो ने गद्दीदार को लात-घूंसे मारे। दुकान के बाहर भी कर्मचारियों से पिटवाया। एक दुकान में सीसीटीवी की डीवीआर भी निकालकर ले गए। देर रात बरेला थाने में संजीव दुबे और उनके साथ आए अन्य कर्मचारियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई। ठेकेदार अजय सिंह बघेल ने बताया कि मामले की शिकायत सीएम, आबकारी मंत्री और पीएस वाणिज्यकर से की गई है। पत्र में यह भी कहा गया कि दुबे ने धमकी दी कि जिले में अब शराब दुकान नहीं चलाने देंगे। सभी लोगों पर 34 (2) का प्रकरण (अवैध शराब के कब्जे और वितरण) बनाकर जेल भिजवा दूंगा।



### पहले भी विवादों में रहे दुबे

इंदौर में ट्रेजरी चालानों में हेराफेरी कर आबकारी राजस्व में 40 करोड़ से ज्यादा का घोटाला और भोपाल में शराब के अवैध परिवहन की शिकायतों के चलत। संजीव दुबे पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी बीच करीब एक साल पहले उनकी पोस्टिंग जबलपुर में हुई, लेकिन यहां भी वे विवादों में घिर गए हैं।

नारकोटिक्स अफसर ने मांगी एक करोड़ रिश्वत, 9 लाख में डील

# सीबीआई ने 3 लाख घूस लेते बिचौलिया नारकोटिक्स इस्पेक्टर को किया गिरफ्तार

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** सीबीआई ने मप्र के नीमच स्थित नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो में पदस्थ नारकोटिक्स इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह, बिचौलिए जगदीश मेनारिया के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार किया है। नारकोटिक्स ब्यूरो के उज्जैन ऑफिस में कार्यरत महेंद्र सिंह ने एक परिवार को धमकाते हुए मादक पदार्थों से जुड़े केस में नाम न जोड़ने के एवज में एक करोड़ की रिश्वत मांगी थी। घूस की पहली किस्त के रूप में महेंद्र 9 लाख रुपए देने का दबाव पीड़ित परिवार पर बना रहा था। सीबीआई की टीम ने




मामले में बिचौलिए को 3 लाख की घूस लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। 4 माह पहले पीड़ित परिवार के खेत से 400 किलो डोड चूरा जब्त हुआ था। इसी मामले में कार्रवाई का डर दिखाते हुए महेंद्र सिंह ने पूरे परिवार को केस में फंसाने की ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### कई शहरों में करोड़ों की प्रॉपर्टी

महेंद्र सिंह के खिलाफ सीबीआई ने आय से अधिक संपत्ति का भी केस दर्ज किया है। जांच में उसकी सीकर, जयपुर और नीमच में कई प्रॉपर्टी की जानकारी मिली है। ये संपत्तियां खुद और परिजनों के नाम पर खरीदी हैं। इस मामले में नीमच के अन्य अफसर भी शामिल हैं। महेंद्र सिंह, मेनारिया और अज्ञात अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 61(2) व भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 और 7(ए) के तहत केस दर्ज कर लिया है।

### लैंड फॉर जॉबः लालू को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं

**बिहार, जेएनएन।** आरजेडी प्रमुख और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली है। जमीन के बदले नौकरी घोटाले में दर्ज एफआईआर को रद्द करने और ट्रायल पर रोक पर लालू प्रसाद यादव की मांग को शीर्ष अदालत ने खारिज कर दिया है। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह फिलहाल हाई कोर्ट में लंबित इस मामले में हस्तक्षेप नहीं करेगा। अदालत ने साफ किया कि ट्रायल की कार्यवाही पर कोई स्टे नहीं दिया जाएगा। इस फैसले के बाद 'लैंड फॉर जॉब' घोटाले में लालू यादव के खिलाफ मुकदमे की कार्यवाही अब बिना किसी रोक के आगे बढ़ेगी।

तलाक | बॉम्बे हाईकोर्ट ने फैमली कोर्ट के फैसले पर लगाई मुहर, कहा-यह तलाक का आधार बनेगा

# रिलेशन से इनकार, फिर पति पर शक करना क्रूरता

**मुंबई, जेएनएन।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने शुक्रवार को तलाक के एक केस में कहा है कि यदि पत्नी पति को शारीरिक संबंध से इनकार करती है। फिर उस पर किसी और महिला से संबंध होने का शक करती है, तो इसे क्रूरता माना जाएगा। इस तरह की स्थिति तलाक का वैध आधार है।

जस्टिस रेवती मोहिते डेरे और जस्टिस नीला गोखले ने यह टिप्पणी करते हुए पुणे फैमिली कोर्ट के तलाक के फैसले को सही ठहराया। साथ ही महिला की तलाक को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी। महिला की मांग थी कि उसके पति को उसे हर महीने 1 लाख रुपए मासिक गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया जाए। दरअसल, कपल की 2013 में शादी हुई थी। दिसंबर 2014 से दोनों अलग रहे थे। पति ने 2015 में फैमिली कोर्ट में क्रूरता के आधार पर तलाक की अर्जी दी थी, जिसे मंजूर मिल गई। पत्नी ने फैमिली कोर्ट के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी और पति से 1 लाख रुपए प्रति महीने गुजारा भत्ता की मांग भी की थी। महिला ने याचिका में कहा था-उसके ससुराल वालों ने उसे प्रताड़ित किया, लेकिन फिर भी वह पति से प्रेम करती है और तलाक नहीं चाहती।



### यह है मामला

पति ने अपनी याचिका में कहा कि पत्नी ने शारीरिक संबंधों से इनकार किया और बेवफाई के आरोप लगाए। परिवार, दोस्तों और कर्मचारियों के सामने शर्मिंदा किया। पति ने यह भी कहा कि पत्नी उसे छोड़कर मायके चली गई थी। कोर्ट ने फैसला सुनाते कहा- इस विवाह में अब सुलह की कोई संभावना नहीं है। पति के तलाक के आधार कानूनी रूप से जायज हैं। लिहाजा, पत्नी की याचिका को खारिज किया जाता है।

### पहले भी प्रेम संबंध और सहमति पर दी थी जमानत

बॉम्बे हाईकोर्ट ने 14 अप्रैल को दिए एक फैसले में नाबालिग से रेप (पॉक्सो) के आरोप में 3 साल से जेल में बंद 22 साल के युवक को जमानत दे दी थी। जस्टिस मिलिंद जाधव की बेंच ने कहा कि 15 साल की नाबालिग को पता था वह क्या कर रही है, वह इसके परिणाम भी जानती थी। बेंच ने अपने आदेश में कहा, लड़की के बयान से स्पष्ट है कि दोनों के बीच प्रेम संबंध थे और शारीरिक संबंध सहमति से बने थे। लड़की ने अपनी मर्जी से अपना घर छोड़ा और युवक के साथ गई।

# घर में दूसरी मंजिल पर सो रहे भाजपा नेता की हत्या

## मंदसौर में वारदात, सुबह खून से लथपथ मिला शव

**जागरण, मंदसौर।** मंदसौर के नाहरगढ़ थाना क्षेत्र के हिंगोरिया बड़ा में भाजपा मंडल उपाध्यक्ष श्यामलाल धाकड़ (45) की गुरुवार रात धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। श्यामलाल घर की दूसरी मंजिल पर सो रहे थे। किसी अज्ञात व्यक्ति ने उन पर हमला किया। शुक्रवार सुबह परिजन को वारदात का पता चला। एसपी अभिषेक आनंद ने बताया, पुलिस और एफएसल टीम मौके पर पहुंची। जांच के बाद शव को पीएम के लिए पहुंचाया। शुरुआती जांच में लग रहा है कि किसी हथियार से उन पर वार किया गया है। बॉडी पर कई चोट के निशान मिले हैं, जिससे उनकी मौत हुई है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद मौत के कारणों की पुष्टि होगी। फिलहाल परिवारजनों से चर्चा की जा रही है। हत्या की आशंका और टेक्निकल एविडेंस के तौर पर आगे की कार्रवाई करेंगे। धाकड़ 2021 से भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता और मल्हारगढ़ क्षेत्र के बूढ़ा मंडल से उपाध्यक्ष थे। डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा ने एक्स पर लिखा, पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता श्यामलाल धाकड़ का शव उनके ही घर में मिला है। पुलिस अधिकारियों से निष्पक्ष जांच के निर्देश दिए हैं। अधिकारी जल्द से जल्द खुलासा कर जो भी आरोपी हों, उन्हें जेल की सींखचों में पहुंचाएं।



# रामपुर बाघेलान में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से 72 नये मार्गों को मिली स्वीकृति

## विधायक विक्रम सिंह के अथक प्रयासों से मिली सौगातें

जागरण, सतना



रामपुर बाघेलान विधानसभा क्षेत्र के कई ग्रामों को नई सड़कों की सौगात मिली है विधायक विक्रम सिंह विक्की नें मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से विगत दिनों मुलाकात कर रामपुर बाघेलान की निम्नांकित मार्गों को स्वीकृति दिलाई है जिसमें गौहारी, चकदही नई बस्ती पहुंच मार्ग लम्बाई 4.05 ककरा,सिद्धनगर खोखम पहुंच मार्ग लम्बाई 5.4 किलामीटर, रामपुर बाघेलान,अमरपाटन मार्ग से कोनिया कोठार पहुंच मार्ग लम्बाई 3.4 किलोमीटर, बकिया बैलो.पूर्वा टोला बकिया तिवरियान पहुंच मार्ग लम्बाई 2.4 किलोमीटर, बरछा टोला तिमडा बस्ती देवमऊ दलदल पहुंच मार्ग लम्बाई 4.5 किलोमीटर, अतरहरा.ठकुरान टोला मतहा पहुंच मार्ग लम्बाई 3.45 किलोमीटर, रामनगर पीफ्रि.आदिवासी बस्ती छिबौरा पहुंच मार्ग लम्बाई 4.5 किलामीटर, खरबाही.इटमा चंदनियान पहुंच मार्ग लम्बाई 3.2 किलोमीटर बिहरा क्रमांक 01.डोंगरी टोला बिहरा क्रमांक 01 पहुंच मार्ग लम्बाई 4.1 किलोमीटर बरती.मड़फा टोला छिबौरा पहुंच मार्ग लम्बाई 3.5 किलोमीटर सहित 62 अन्य मार्गों की स्वीकृति प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना द्वारा प्रदान की गई है। विधायक विक्रम सिंह विक्की नें भारत के यषस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुख्यमंत्री डॉ0 मोहन यादव एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल का आभार व्यक्त किया विधायक के क्षेत्र भ्रमण के दौरान रामपुर बाघेलान विधानसभा के ग्रामवासियों द्वारा हमेशा विधानसभा क्षेत्र में सड़कों के निर्माण हेतु निवेदन किया जाता था। इसलिए विधायक नें अथक प्रयास कर सड़कों की स्वीकृति दिलाई हैए जिससे अब ग्रामवासियों को आवागमन संबंधी परेशानियों से निजात मिलेगी साथ ही विकास के नये पंख रामपुर बाघेलान को लगेंगे। आप सबको विदित हो कि रामपुर बाघेलान विकासखण्ड को विधायक नें आकांक्षी ब्लाक में शामिल कराया था जिससे इन मार्गों की स्वीकृति सरलता से प्राप्त हो सकी है। विकास के इसी क्रम में रामपुर बाघेलान विधानसभा क्षेत्र के अमरपाटन विकासखण्ड में भी कई मार्गों की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है जिसकी सूची जल्द ही आप लोगों से साझा की जायेगी।

## रोटरी का पद ग्रहण समारोह आज

सतना। अंतर्राष्ट्रीय समाजसेवी संस्था रोटरी क्लब सतना का पद ग्रहण समारोह कार्यक्रम पन्ना रोड स्थित सिटी पार्क में शनिवार को 7 बजे से आयोजित है रोटरी क्लब के पब्लिक इमेज चेयरमैन हरिओम गुप्ता ने बताया रोटरी क्लब के नए सत्र की शुरुआत 1 जुलाई से शुरू हो गई है रोटरी क्लब के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ सुनील अग्रवाल आज सतना के सांसद गणेश सिंह के मुख्य अतिथि में अपनी टीम की घोषणा कर पद ग्रहण करेंगे। रोटरी क्लब के अध्यक्ष डॉ सुनील अग्रवाल सचिव पवन गुप्ता कोषाध्यक्ष राजीव अग्रवाल कार्यक्रम के संयोजक डॉ रजनीश जैसवाल गोपाल धूत शैलेंद्र अग्रवाल विष्णुकांत अग्रवाल ने सभी रोटेरियन साथियों से सपरिवार कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

# डेंगू रोग पर नियंत्रण करने जागरुकता रथ रवाना




जागरण, सतना। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले में डेंगू रोग के मरीजों को रोकने के लिए जन जागरूकता अभियान चलाने चलाने के लिए गांव.गांव में प्रचार हेतु डेंगू रथ का शुभारंभ डब्लयूएचओ के स्टेट कोऑर्डिनेटर डॉ देवेंद्र सिंह तोमर पीसीआई के राज्य सहायक कार्यक्रम प्रबंधक अमरेश कुमार एवं जिला मलेरिया अधिकारी शीला सोनकर ने गढ़ दिवस डेंगू रात को हरी झंडी दिखाकर विभिन्न गांव के लिए रवाना किया याह कोठी माध्यम रामपुर बघेलान अमरपाटन देवराज नगर मैहर कुचेरा होते हुए नागौर के ग्रामीण अंचलों में जाकर डेंगू से प्रचार प्रसार का कार्य करेगा इशरत में डेंगू से संबंधित गाने ऑडियो गाने बजाए जा रहे हैं विभिन्न ग्रामों में पहुंचकर आशा कार्यकर्ता एनएम एमपीडब्ल्यू के साथ बैठक कर कर देबू के प्रचार कर के संबंध में चर्चा कर रॉनित बनाई जा रही है लार्वा सर्वे करने के लिए मलेरिया विभाग द्वारा अलग से टीम में गठित की गई है जो घर.घर पहुंचकर बर्तनों में जमा हुए पानी को खाली कराया जा रहा है तथा उसमें कितना सी छिड़काव या जला हुआ तेल डालकर उसको सुरक्षित किया जा रहा है अभी तक जिले में डेंगू का प्रकोप बहुत कम देखा जा रहा है जिला लेवल में एलिसा किट के माध्यम से बुखार से पीड़ित मरीज के देबू जांच के लिए एलिसा किट की व्यवस्था की गई है अभी तक 6 कैसे गुरु के चिन्हित किए गए हैं एलिसा किट के माध्यम से सत्यापित हुए हैं अधिकतर मरीज राज्य के बाहर के बताए जा रहे हैं जो बाहर बुखार के पीड़ित हुए यहां आने पर सतना में उपचार कराया जो देबू काशी उन घरों में जाकर लार्वा सर्वे घर के आसपास 25 घरों में डेंगू का प्रचार प्रसार लार्वा सर्वे पानी का यूनिवर्सिटी कारण किया गया यह डेंगू रात जिले के विभिन्न ग्रामों में 1 जुलाई से चलकर 31 जुलाई तक गांव.गांव में अपने निर्धारित कार्यक्रम अनुसार पहुंचेगी तथा डेंगू के प्रति जगत फैलाएगा ।

# भारत सांस्कृतिक यात्रा की सुर, लय नृत्य की सजीव झांकी ने एकेएस में रचा सांस्कृतिक माधुर्य



जागरण, सतना। भारत की सांस्कृतिक विविधता और कलात्मक विरासत की जीवंत अभिव्यक्ति शुक्रवार को एकेएस विश्वविद्यालय सतना के प्रांगण में तब देखी गई जब उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित भारत सांस्कृतिक यात्राष् कार्यक्रम के अंतर्गत लोक एवं शास्त्रीय कलाओं की अद्भुत झलक मंचित हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ जिसमें अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी पी सोनी ने करते हुए सभागार को संबोधित भी किया। मुख्य अतिथि सतना नगर निगम के महापौर योगेश ताम्रकार विशिष्ट अतिथि प्रो.चांसलर अनंत कुमार सोनी, डिप्टी कलेक्टर अनिकेत शांडिल्य,डॉ हर्षवर्धन डॉ आर.एस. त्रिपाठी एवं निदेशक अमित सोनी उपस्थित रहे। इस अवसर पर महापौर श्री ताम्रकार ने कहा श्भारत की आत्मा इसकी लोक.संस्कृतियों में बसती है। जब कलाकार मंच पर उतरते हैंए तो वे केवल प्रदर्शन नहीं करते बल्कि सदियों पुरानी परंपराओं और भावनाओं को पुनर्जीवित करते हैं। हमें इन कलाओं का संरक्षण गर्व और उत्तरदायित्व

# दिल्ली के विज्ञान भवन साइबर सिक्योर विषय पर कान्फ्रेंस का हुआ आयोजन

## सीईओ स्मार्ट सिटी शेर सिंह मीना व दीपेन्द्र राजपूत हुये शामिल




जागरण, सतना। केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय गृह मंत्रालय एवं इलेक्ट्रोनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के संयुक्त तत्वाधान में मेकिंग सिटीज साइबर सिक्योर विषय पर नेशनल लेवल पर कॉन्फ्रेंस का आयोजन विज्ञान भवन नई दिल्ली में किया गया । उक्त कॉन्फ्रेंस में देश के सभी प्रदेशों की स्मार्ट सिटी एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया । उक्त कॉन्फ्रेंस में गृह मंत्रालय के सचिव गोविंद मोहन आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव श्रीनिवास काटीकिथला नेशनल अर्बन डिजिटल मिशन के ज्वाइंट सेक्रेट्री प्रवीर कुमार ने संबोधन दिया । उक्त कॉन्फ्रेंस में सतना स्मार्ट सिटी सीईओ शेर सिंह मीणा एवं मैनेजर ई गवर्नेंस दीपेंद्र सिंह राजपूत ने भाग लिया । कॉन्फ्रेंस में वर्तमान में हो रही साइबर अटैक की घटनाओं से हमारे शासकीय एवं अन्य आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर को बचाने के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई । इस दौरान स्मार्ट सिटी मिशन की जॉइंट सेकेट्री रूपा मिश्रा स्मार्ट सिटी को सतत रूप संचालित किए जाने सुझाव दिए जिसमें समस्त 100 स्मार्ट सिटी एसपीबी को कंसल्टिंग एजेंसी के रूप में कार्य करने अन्य विभागों की तकनीकी प्रोजेक्ट के संचालन एवं क्रियान्वयन करने इन्वेस्टमेट आधारित फाइनेंस मॉडल पर इनोवेटिव कार्य करने अन्य शहरों में कमांड सेंटर स्थापित करने आदि रहे ।

## सांसद गणेश सिंह ने ननि प्रबंधन और सफाई कर्मियों को दी बधाई

सतना। भाजपा के वरिष्ठ सांसद गणेश सिंह ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में सतना नगर ने 3 लाख आबादी वाले देश के 100 शहरों में से 12वें स्थान पर पहुंचने के लिए स्वच्छता के लिए किये प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि लक्ष्य तय कर लिया जाये तो कठिन कार्यों को पूरा किया जा सकता है। सासंद श्री सिंह ने नगर निगम क्षेत्र के नागरिकोंए स्वच्छता कर्मियों एवं नगर निगम प्रबंधन को बधाई देते हुए कहा कि अपेक्षा करता हूं कि जब तक प्रथम अंक न मिल पाये तब तक प्रयासों में कोई कमी न आने पाये ।

## कोलगवां टीआई ने नशे के विरुद्ध चलाया जागरुकता अभियान



सतना। नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत कोलगवा पुलिस द्वारा टी आई सुदीप सोनी के नेतृत्व में बिरला आई टी आई झुग्गी बस्ती में नशा मुक्त रहने को लेकर लोगों को जागरूक किया गया एवं नशा मुक्ति का संकल्प दिलाया गया इस दौरान उप निरीक्षक योगेश कुम्हरे सहित पुलिस स्टाफमौजूद रहा। मौजूद जनसमुदाय को सम्बोधित करते हुये कोलगवां टीआई सुदीप सोनी ने कहा कि नशा एक मानसिक विकृति के समान है। उन्होने कहा कि नशा करने वाला जो भी व्यक्ति होगा उससे न सिर्फ परिवार ही परेशान होता बल्कि समाज पर भी उसका विपरीत असर पड़ता है। मौजूद लोगो को टीआई श्री सोनी ने नशे के विरूद्ध जागरूक करते हुये उन्हे नशे का सेवन नही करने की शपथ दिलाई।

# डॉ अरुणेश सिंह को डिप्टी सीएम ने किया सम्मानित



जागरण, सतना। शहर के प्रतिष्ठित और जनप्रिय चिकित्सक डॉ अरुणेश सिंह को शान विंध्य सम्मान समारोह में मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ल द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में उनके 15 वर्षों से अधिक के अनुभव करुणा सेवा भावना और मरीजों के प्रति उनके परिवार.जैसे व्यवहार के लिए प्रदान किया गया। डॉ सिंह चिकित्सा क्षेत्र में अपनी दक्षता के साथ.साथ मरीजों के साथ अपनत्व संवेदना और भरोसे से भरे व्यवहार के लिए विशेष रूप से पहचाने जाते हैं। इससे पहले भी उन्हें बेस्ट फैमिली डॉक्टर का खिताब उपमुख्यमंत्री श्री शुक्ल द्वारा दिया जा चुका है। सम्मान प्राप्ति के उपरांत डॉ अरुणेश सिंह ने अपने मरीजोंए परिजनों और सभी शुभचिंतकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उनके सेवा.भाव और सामाजिक दायित्व को और भी दृढ़ करेगा। इस गरिमामय अवसर पर सांसद जनार्दन मिश्रा विधानसभा अध्यक्ष व्यंकटेश पांडेय निगमायुक्त डॉ सौरभ सोनवणे स्थानीय जनप्रतिनिधिगण कलाकारगण, चिकित्सक समुदाय, और शहर के सैकड़ों नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ डॉ सिंह के सम्मान को उत्सव में बदल दिया।

# बढ़ौरा शिव मंदिर पहुंच मार्ग पुल से ऊपर बह रहा है पानी



जागरण, सेमरिया। पुलिस थाना सेमरिया अंतर्गत बढ़ौरा शिव मंदिर पहुंच मार्ग के पहले स्थित पुल के ऊपर लगभग 2 फीट ऊपर पानी बह रहा है। शिव भक्त पुल के ऊपर पानी को पार करते हुए शिव मंदिर बढ़ौरा पहुंच रहे हैं। शिव भक्तों का इस तरह से पुल पार करना कहीं ना कहीं खतरे को भी आमंत्रण दे रहा है। फिर भी आस्था से सराबोर शिव भक्त सहित आम जनमानस पुल के ऊपर बहते पानी को पार करते हुए शिव मंदिर तक पहुंच रहे हैं। वहीं मंदिर क्षेत्र के भारी बारिश से प्रभावित व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की है कि उन्हें मुआवजा दिया जाए और उनकी समस्याओं का समाधान किया जाए। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई करता है और व्यापारियों को राहत मिलती है या नहीं। इतना जरूर कहा जा सकता है कि लगातार बारिश होने के कारण मंदिर क्षेत्र में पूरी तरह से जलमग्न की स्थिति निर्मित हो गई है। आज दिन में मौसम साफ रहने के बाद भी बढ़ौरा शिव मंदिर पहुंच मार्ग के पुल के ऊपर से पानी बहता रहा।

> हमारे दुकान में बारिश का पानी भर जाने के कारण दो दीवारें गिर गई। इस पानी से काफी नुकसान हुआ है। मेरे जैसे कई व्यापारियों की भी झुग्गी झोपड़ी डूब गई है और नुकसान हुआ है। पूर्व में भी बारिश के दौरान क्षति होती रही है लेकिन हम लोगों को कभी भी मुआवजा नहीं मिला है।
>
> **अनिल तिवारी, मंदिर क्षेत्र व्यापारी बढ़ौरा**

## मैथ और साइंस संकाय चालू कराने विधायक को सौपा मांग पत्र



अमदरा । शुक्रवार को विधायक कार्यालय मैहर में विधायक मैहर श्रीकांत चतुर्वेदी से मिलकर शासकीय महाविद्यालय अमदरा में मैथ एवं साइंस संकाय चालू किए जाने के लिए जन भागीदारी समिति शासकीय महाविद्यालय अमदरा के अध्यक्ष शिवकुमार साहू और अधिवक्ता रमाकांत दुबे ने लिखित मांग पत्र सौंपे पत्र के हवाले से कहा गया कि अमदरा सर्किल में चार शासकीय हायर सेकेंडरी और एक प्राइवेट हायर सेकेंडरी विद्यालय है झुकेही सभागंज अमदरा और घुनवारा में शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय है वहीं मां दुर्गा शिक्षा निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल घुनवारा में है जहां मैथ और साइंस की संकाय चालू है लेकिन शासकीय महाविद्यालय अमदरा में मैथ और साइंस की संकाय न होने के कारण छात्र छात्राएं आगे की पढ़ाई नहीं कर पाते इसलिए शासकीय महाविद्यालय अमदरा में मैथ और साइंस संकाय की कक्षाएं चालू की जाए इस विषय को विधायक मैहर श्री कांत चतुर्वेदी गंभीरता से लेते हुए उच्च शिक्षा मंत्री से मिलकर संकाय चालू किए जाने के लिए बात करने तथा लिखित पत्र देने की बात कही ।

## नशे से दूरी है जरूरी अभियान के अंतर्गत डिण्डौरी जिले में व्यापक जन जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

डिंडोरी । पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार, डिण्डौरी जिले में नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों एवं चौकियों में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य नागरिकों, विद्यार्थियों एवं युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना एवं नशा-मुक्त समाज की दिशा में प्रेरित करना रहा। जिले में आयोजित प्रमुख कार्यक्रमथाना करंजिया ङ्क लगभग 50 नागरिकों एवं थाना स्टाफ को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई।चौकी अमरपुर ङ्क अमरज्योति स्कूल में 150 छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को नशा मुक्ति का संदेश दिया गया तथा जीवन में नशे से दूरी बनाए रखने की शपथ दिलाई गई।चौकी विक्रमपुर (ग्राम नूनखान) ङ्क 30 नागरिकों एवं पुलिस कर्मियों को नशे के खतरों एवं उससे बचाव के उपायों की जानकारी प्रदान की गई। थाना कोतवाली डिण्डौरी (इमलीकुटी सुबखार झुग्गियाँ) ङ्क 20ङ्क25 नागरिकों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों एवं उसके सामाजिक परिणामों के प्रति जागरूक किया गया। थाना मेहंदवानी (ग्राम परापानी) ङ्क 25ङ्क30 नागरिकों को नशे से दूरी बनाकर एक स्वस्थ, संयमित जीवन जीने हेतु प्रेरित किया गया।थाना शहपुरा (शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला) ङ्क शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों को नशे के आर्थिक, सामाजिक एवं मानसिक प्रभावों की जानकारी दी गई एवं नशा उन्मूलन हेतु सहयोग की अपील की गई।थाना बजाग (ग्राम ठाढपथरा) ङ्क लगभग 20ङ्क25 नागरिकों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए नशे से दूर रहने की सलाह दी गई और नशा मुक्त समाज के निर्माण में सहभागिता की अपील की गई। इन सभी कार्यक्रमों में पुलिस विभाग की सक्रिय भूमिका रही ।

## निराश्रित गौवंश को गौशालाओं में भेजने की कार्यवाही जारी

पन्ना । कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देशानुसार वर्तमान में अभियान चलाकर सड़कों पर विचरण करने वाले निराश्रित पशु एवं गौवंश को विभिन्न गौशालाओं में भेजा जा रहा है। यह कार्यवाही गुरुवार को भी जारी रही पर कलेक्टर के आदेश का उल्लंघन आज दिनांक तक इंद्रपुरी कॉलोनी और पन्ना के विभिन्न चौराहे पर निराश्रित गोवंश सड़कों पर विचरण करता हुआ पाया गया अजयगढ़ क्षेत्र के देवराभापतपुर में 253 गायो को आज सिद्धनाथ गौशाला में विस्थापित किये जाने का आदेश पन्ना कलेक्टर के द्वारा दिया गया जो आज दिनांक 18/7/2025 तक सड़कों पर विचरण करते हुए देखे गये। इसी तरह पन्ना के बायपास रोड स्थित नगर पालिका पन्ना की गौशाला में गत दिवस शिफ्ट गौवंश के सुरक्षित आश्रय के लिए 100 से अधिक गौवंश को पृथक-पृथक ट्रक से पवई की गौशालाओं में भिजवाया गया। अन्य स्थानों पर भी सड़कों से आवारा पशुओं का विस्थापन सुनिश्चित किया गया। जागरण संवाददाता के जरिये 18/7/2025 को नगर की सडको पर इंद्रपुरी कॉलोनी से लेकर अजयगढ़ चौराहे तक गोवंश को खुले रूप से चौराहें पर विचरण करते हुये पाया गया। कलेक्टर के आदेश की नगर पालिका प्रबंधन के द्वारा पूर्ण रूप से पालन नहीं कि गया। गौवंश आज दिनांक तक नगर की सडको पर विचरण कर रहा है। जिससे आम नागरिकों में हादसों का भय व्याप्त है। इसके लिए जिम्मेदार कौन ? प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी मौन ।

## महालक्ष्मी मंदिर में 26 जुलाई को मनाई जाएगी हरियाली तीज

छतरपुर । अग्रसेन महिला विकास समिति द्वारा महालक्ष्मी मंदिर में 26 जुलाई को हरियाली तीज मनाई जाएगी। इस अवसर पर गेम होंगे और वृक्षारोपण भी किया जाएगा। समिति की अध्यक्ष सोनम अग्रवाल की अध्यक्षता में महालक्ष्मी मंदिर में हुई बैठक में हरियाली तीज के साथ अग्रसेन जयंती को लेकर विचार विमर्श किया गया। सर्वसम्मति से तय किया गया कि हरियाली तीज पर 26 जुलाई को महालक्ष्मी मंदिर में दोपहर 3 बजे से गेम और वृक्षारोपण किया जाएगा।

## डेंगू निरोधक माह के रूप में मनाया जा रहा है जुलाई माह,

पन्ना । पन्ना जिले में वर्तमान जुलाई माह को डेंगू निरोधक माह के रूप में मनाया जा रहा है, जिसके तहत डेंगू व चिकुनगुनिया से बचाव के संबंध में कार्यशालाओं के आयोजन सहित अन्य प्रचार-प्रसार गतिविधियां संचालित हैं। आज जिला मुख्यालय पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.पी. तिवारी के द्वारा डेंगू प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रथ विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर डेंगू, चिकुनगुनिया सहित मलेरिया और फाइलेरिया के नियंत्रण के लिए प्रचार-प्रसार कर जनसमुदाय को जागरूक करेगा। साथ ही बुखार आने पर जांच कराने एवं समय पर उपचार प्राप्त करने के लिए भी जानकारी दी जाएगी। इस संबंध में जनसामान्य को अवगत कराया गया है कि डेंगू फैलाने वाला मच्छर कंटेनर ब्रीडर है। यह बर्तनों में संग्रहित साफ पानी में अंडे देता है। डेंगू से बचाव के लिए संग्रहित पानी को ढंककर रखना चाहिए और प्रति सप्ताह एक बार पानी को बदलना भी जरूरी है। बर्तन को रगड़कर धोना आवश्यक है।

## स्वच्छता में बड़ी सफलता हासिल करने पर आयोजित हुआ कार्यक्रम



सतना। स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में नगर पालिक निगम सतना के अभूतपूर्व सफलता प्राप्त करते हुए स्वच्छता में अपने पॉपुलेशन ग्रुप में देशभर में 12 वां स्थान एवं जीएफसी स्टार रेटिंग में 5 स्टार प्राप्त करने पर 18 जुलाई को महापौर योगेश ताम्रकार ने निगम सभागार में समारोह का आयोजन किया। शेर सिंह मीना आयुक्त नगर पालिक निगम सतना सत्यम मिश्रा उपायुक्त नगर पालिक निगम सतना स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी सिद्धार्थ सिंह,सहायक नोडल अधिकारी रोजल प्रताप सिंह आईईसी टीम संपूर्ण स्वच्छता टीम एवं निगम के सभी अधिकारी कर्मचारी को इस ऐतिहासिक सफलता को प्राप्त करने के लिए किए गए अथक प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही निगम क्षेत्र की जनता को बहुत. बहुत आभार व्यक्त किया। महापौर ने आगामी वर्ष के लिए लक्ष्य निर्धारित करते हुए कहा कि हमें स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 की रैंकिंग में जीएफसी स्टार रेटिंग में 7 स्टार और स्वच्छता में अपने पॉपुलेशन ग्रुप में पहला स्थान प्राप्त करना है।

# स्कूलों में नही जा रहे शिक्षक, नहीं शुरू हो सकी पढ़ाई

## रामपुर नैकिन क्षेत्र के स्कूलों की व्यवस्था पटरी से उतरी

जागरण, सीधी




जिले के जनपद पंचायत रामपुर नैकिन अन्तर्गत स्कूलों की व्यवस्था पटरी से उतरी हुई है। शासन स्तर पर प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के संचालन एवं पठन-पाठन की व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए विकास खण्ड स्तर पर बीआरसी एवं संकुल स्तर पर जन शिक्षको की नियुक्ति की गई है किन्तु यहां बीआरसी एवं जन शिक्षक स्वयं मुख्यालय में नहीं रहते इस कारण प्राथमिक स्कूलों में शिक्षक नहीं जाते जिसके कारण स्कूलें बंद रहती है। जनपद पंचायत रामपुर नैकिन में पदस्थ बीआरसी जिला मुख्यालय में अपना मुख्यालय बनाये हुये है और कभी कभार रामपुर नैकिन जाते है। उनके द्वारा सीधी में बैठकर स्कूलों का भ्रमण किया जाता है। जब बीआरसी प्राथमिक स्कूलों को खुलवाने एवं पठन-पाठन की व्यवस्था के प्रति लापरवाही करते हैं तो जन शिक्षक भी अपने घर में बैठकर वेतन उठा रहे हैं जिसके कारण प्राथमिक शिक्षा का स्तर दिन प्रतिदिन गिरता जा रहा है। शुक्रवार को ऋषिराज मिश्रा उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत रामपुर नैकिन की स्कूलों कई स्कूलों का औचक निरीक्षण किया जिसमें प्राथमिक शाला शरदा स्कूल में दो मे से एक शिक्षक उपस्थित रहे और उक्त स्कूल में एक भी शिक्षक उपस्थित नही मिलें। इस संबंध में जानकारी देते हुए ऋषिराज मिश्रा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत रामपुर नैकिन ने बताया कि मैने प्रकाश जायसवाल बीआरसी को बताया कि प्राथमिक स्कूलें बंद हैं आप निरीक्षण कर कार्रवाई करिये तो उन्होंने कहा कि हप्ते में चार दिन हमें विभागीय कार्य और व्हीसी में शामिल होने सीधी जाना पड़ता है और हमें शासन से स्कूलों के निरीक्षण करने के लिए कोई बजट या वाहन उपलब्ध नही कराया गया है। इस कारण मैं प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों का निरीक्षण नहीं कर पाता। श्री मिश्रा ने कहा कि बीआरसी स्वयं अपने मुख्यालय से नादारत रहते हैं और जब उन्हें प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों के बंद होने की जानकारी दी जाती है तो वह संबंधित स्कूलों के शिक्षको का बुलाकर उनसे सुविधा शुल्क लेकर उन्हें खुली छूट प्रदान कर रहे है। रामपुर नैकिन क्षेत्र की दर्जनों ऐसी स्कूलें है जहां कई वर्षों से शिक्षक नही जाते फिर भी उनका वेतन सुविधा शुल्क लेकर बीआरसी निकाल देते है। बीआरसी की लापरवाही एवं उदासीनता के चलते विकास खण्ड रामपुर नैकिन की अधिकांश प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों में शिक्षक नही जा रहे है।

> जनपद पंचायत रामपुर नैकिन में पदस्थ बीआरसी प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के नियमित संचालन के प्रति गंभीर नहीं है। वह जिला मुख्यालय में अपना निवास बनाये हुये है जिसके कारण उनके द्वारा समय-समय पर ग्रामीण अंचल की स्कूलों का निरीक्षण नही किया जाता। बीआरसी की लापरवाही के कारण रामपुर नैकिन विकास खण्ड की दर्जनों स्कूलें बंद है और शिक्षक स्कूल नही जाते। मैं स्वयं प्रतिदिन किसी ना किसी प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों का निरीक्षण करता हूं। जहां अधिकांश स्कूले बंद मिलती है।
>
> **ऋषिराज मिश्रा, उपाध्यक्ष**
> **जनपद पंचायत रामपुर नैकिन**

# भारी बारिश में बही सड़क, सीधी-ब्यौहारी मार्ग बंद



**जागरण अतिवृष्टि**

## बघवार की ओर से वाहनों के जाने की बनी व्यवस्था

### 15 दिन में मरम्मत के बाद शुरू होगा आवागवन

जागरण, सीधी



जिले में अतिवृष्टि के चलते कई सड़कों के बहने एवं क्षतिग्रस्त हो जाने से आवागवन अवरुद्ध हो गया है। सीधी-ब्यौहारी राजमार्ग में चमराडोल बनास नदी के समीप 70 फीसदी सड़क के बह जाने के कारण वाहनों की आवाजाही तत्काल प्रभाव से बंद कर दी गई है। अत्यधिक बारिश के चलते गुरुवार को सीधी-ब्यौहारी राजमार्ग के चमराडोल बनास नदी के समीप अत्यधिक क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण सुधार कार्य हेतु 15 दिनों के लिए वाहनों की आवाजाही बंद कर वैकल्पिक मार्ग बघवार की ओर से चलाने की व्यवस्था बनाई गई है। मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम संभाग रीवा म.प्र. के संभागीय प्रबंधक के पत्र के बाद सीधी एवं शहडोल कलेक्टर ने आज सुबह से ही सीधी-ब्यौहारी मार्ग पर वाहनों की आवाजाही बंद करा दी है। 17 जुलाई 2025 को देर शाम कलेक्टर सीधी एवं शहडोल को पत्र भेजकर मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम संभाग रीवा मप्र के संभागीय प्रबंधक ने सूचित किया कि सीधी-ब्यौहारी राज्य राजमार्ग क्र. 24 के अंतर्गत ग्राम चमराडोल के पास बनास नदी के पास स्थित मार्ग अत्यधिक बारिश की वजह से क्षतिग्रस्त हो गया है। मार्ग पर भारी वाहन के चलने की वजह से मार्ग के चैनेज क्र. 54+400 की सड़क और ज्यादा क्षतिग्रस्त हो गई है एवं उक्त स्थल पर दुर्घटना घटित होने जैसी स्थिति निर्मित हो गयी है। मार्ग के उक्त भाग संधारण कार्य शीघ्र ही किया जाना है। अतः सीधी-ब्यौहारी मार्ग के ग्राम चुवाही से ब्यौहारी तक के मार्ग को तुरंत बंद करने एवं मार्ग को वैकल्पिक व्यवस्था के अनुसार परिवर्तित किया जाये। नई व्यवस्था के अनुसार वाहन ब्यौहारी से सीधी के लिए ब्यौहारी व्हाया बघवार-चुरहट-सीधी, मझौली से ब्यौहारी के लिए मझौली-चुवाही-सीधी-चुरहट- बघवार- ब्यौहारी, सीधी से ब्यौहारी के लिए सीधी-चुरहट-बघवार-ब्यौहारी, ब्यौहारी से मझौली के लिए ब्यौहारी-बघवार-चुरहट-सीधी-चुवाही-मझौली की ओर से चलेंगे। मार्ग के क्षतिग्रस्त भाग का संधारण कार्य दिनांक 17 जुलाई 2025 से 15 दिवस में पूर्ण कराया जाकर सीधी एवं शहडोल कलेक्टर को सूचित किया जावेगा। उधर सीधी-ब्यौहारी मार्ग के बंद हो जाने से अब सीधी से यात्री बसों को बघवार की ओर से ब्यौहारी एवं शहडोल की ओर से चलना पड़ेगा। यह व्यवस्था आज से लागू भी हो गई है। बघवार की ओर से यात्रियों को सफर करने में अब एक घंटे का अतिरिक्त समय भी लगने लगा है। इस वजह से अब लोगों को जल्द से जल्द क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत होकर चालू होने का इंतजार है। जब तक सड़क में आवागवन चालू नहीं होता शहडोल, कटनी, मनेन्द्रगढ, ब्यौहारी की ओर यात्रा करने वाले यात्रियों को दिक्कतें होंगी।

## संजय दुबरी टाइगर रिजर्व ने जारी की एडवायजरी

संजय दुबरी टाईगर रिजर्व सीधी ने आवागवन को लेकर एडवायजरी जारी की है। एडवायजरी में कहा गया है कि मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम रीवा के कार्यालय द्वारा यह विज्ञप्ति जारी कर आम जनता को सचेत किया गया है कि ब्यौहारी से होकर मझौली चमराडोल की तरफ आने अथवा मझौली चमराडोल से ब्यौहारी की तरफ जाने शहडोल, उमरिया, जबलपुर, कटनी, रीवा तथा अन्य के रास्ते में अत्यधिक बारिश की वजह से बनास नदी के पुल के समीप रोड़ छतिग्रस्त हो गया है। हालात ऐसे हैं कि उस रोड़ से आवागमन करना खतरे से खाली नही होगा। किसी बड़ी दुर्घटना से बचने के लिए इस मार्ग को अगले 15 दिनों के लिए बंद करके वैकल्पिक व्यवस्था की गयी है। इस बीच रोड़ को सुधारने का कार्य किया जाएगा। इस दौरान इस रास्ते पर आने वाले यात्रियों के लिए रोड़ को घुमा कर सीधी से हो कर चलने की गुजारिश की गई है। संजय दुबरी टाईगर रिजर्व सीधी मप्र की ओर ट्रेन मार्ग से आने वाले पर्यटकों को मड़वास ग्राम स्टेशन पर ठहरना ज्यादा उचित होगा। ज्ञात हो कि संजय दुबरी टाईगर रिजर्व सीधी मप्र पहुंचने के लिए रेल से सफर करने वाले पर्यटकों के लिए ब्यौहारी स्टेशन के बाद सबसे नज़दीक रेलवे स्टेशन मड़वास ग्राम ही है और यह रास्ता संजय दुबरी टाईगर रिजर्व सीधी मप्र पहुँचने के लिए आज भी पूरी तरह सुरक्षित और आसान है।

# माइनर नहर में पानी निकासी न होने से जल भराव की स्थिति हुई निर्मित



**जागरण, सीधी।** जिला मुख्यालय के समीपस्थ पड़ैनिया बटौली मार्ग में कच्ची सड़क बनी थी लेकिन गर्मी में गुलाब सागर परियोजना अंतर्गत माइनर नहर को खोद दिया गया था। जिससे बारिश से नहर धसने के कारण जल भराव की स्थिति निर्मित हो गई है। हालात यह है कि मार्ग में काफी पानी भरा हुआ है। जिससे आवागवन भी बाधित हो रहा है। जिम्मेदार अधिकारी को सूचना के बाद भी जांच करना उचित नहीं समझ रहे हैं। वहीं पंचायत के सरपंच एवं सचिव इस मामले में कोई पहल नहीं करते हैं। ऐसे में इस मार्ग में माइनर नहर की लापरवाही से जो स्थितियां निर्मित हो रही हैं जहां बड़ी दुर्घटनाएं घटित हो सकती हैं। इसी मार्ग से मवेशी एवं आम जनों का आवागवन रहता है लेकिन नहर धसने से एवं पानी भराव के कारण हालात यह है कि निकलना भी मुश्किल हो रहा है। वैसे भी कच्ची सड़क बनी थी जहां कि किसी तरह लोग आवागवन करते थे लेकिन भारी बारिश के कारण अब और दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन से लोगों की मांग है कि इस मामले में पहल करें जिससे कि आवागवन की समुचित व्यवस्था हो जाए।

# शहर/ग्रामीण अंचल की खबरें

## न्यायालय में चालान प्रस्तुत होने पर पटवारी निलंबित

**जागरण, सीधी।** उपखण्ड अधिकारी मझौली द्वारा आदेश जारी कर गोरखनाथ विश्वकर्मा पटवारी हल्का दुअरा तहसील-चुरहट हाल तहसील कार्यालय मझौली जिला-सीधी को मध्यप्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील जिसमें 1966 के नियम 9(1) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। निलंबन अवधि में गोरखनाथ विश्वकर्मा पटवारी का मुख्यालय तहसील कार्यालय मझौली नियत किया गया है। उन्होंने बताया कि कलेक्टर (भू-अभिलेख) जिला-सीधी के पत्र दिनांक 15 जुलाई 2025 के अनुसार अपराध क्र. 188/2022 धारा 7 अ.जि. अधिनियम 1988 संशोधन अधिनियम 2018 के प्रकरण में आरोपी गोरखनाथ विश्वकर्मा पटवारी हल्का दुअरा, तहसील -चुरहट हाल तहसील कार्यालय मझौली जिला-सीधी के विरूद्ध विशेष न्यायालय सीधी दिनांक 17.06.2025 को चालान पेश किया गया है जिसका वि.प्र. क्रमांक 01/2025 है। मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन भोपाल की अधिसूचना दिनांक 17 अप्रैल 1996 के अनुसार शासकीय सेवक के विरूद्ध अपराध से चालान प्रस्तुत होने पर संबंधित कर्मचारी को निलंबित किये जाने का प्रावधान है।

## जिले में औसत वर्षा 752.8 मि.मी. दर्ज

**जागरण, सीधी।** अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 18 जुलाई को सीधी जिले में 30.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 46.0 मि.मी., चुरहट में 60.0 मि.मी., गोपद बनास में 17.0 मि.मी., सिहावल में 22.2 मि.मी., बहरी में 23.8 मि.मी., मझौली में 28.0 मि.मी. और कुसमी में 15.0 मि.मी. वर्षा हुई है। उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 752.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 1 जून से 18 जुलाई तक तहसील बहरी में सर्वाधिक वर्षा 874.3 मि.मी. दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 631.5, चुरहट में 662.0, गोपद बनास में 687.8, सिहावल में 849.6, मझौली में 852.0 मि.मी. और कुसमी में 712.3 मि.मी. औसत वर्षा हुई है जबकि गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 202.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई थी। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 549.9 मि.मी. औसत वर्षा अधिक हुई है।

## फरार आरोपी की गिरफ्तारी पर 30 हजार का ईनाम घोषित

**जागरण, सीधी।** पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन रीवा गौरव राजपूत ने फरार आरोपी की गिरफ्तारी पर 30 हजार रूपये का इनाम घोषित किया है। उन्होंने कहा है कि जो भी व्यक्ति आरोपी को गिरफ्तार करेंगा या गिरफ्तारी के लिए ऐसी सूचना देगा जिसके आधार पर फरार आरोपी की गिरफ्तारी हो सके इनाम राशि के पुरस्कार से पुरस्कृत किया जायेगा। इनाम वितरण का अंतिम निर्णय पुलिस महानिरीक्षक रीवा का मान्य होगा। ग्राम मल्देवा थाना रामपुर नैकिन जिला सीधी के अतिबल कोल पिता भूरा कोल तथा नंदलाल कोल पिता जेठू कोल की गिरफ्तारी पर 30 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया गया है। उक्त के संबंध में अधिक जानकारी पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय रीवा से प्राप्त की जा सकती है।

## दस्तक अभियान जिला टास्कफोर्स बैठक में दिए निर्देश

**जागरण, सीधी।** जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 22 जुलाई से 16 सितंबर तक स्टाप डायरिया सह दस्तक अभियान चलाया जाएगा। जिसकी सफलता हेतु शुक्रवार 18 जुलाई को जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बबिता खरे ने बताया कि अभियान से पूर्व जिले में 5 वर्ष तक के सभी बच्चों का डिजिटाइजेशन किया जा रहा है। उन्होंने समस्त खंड चिकित्सा अधिकारी एवं शहरी क्षेत्र के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो बच्चे डिजिटाइजेशन से छूट गए हैं, अभी 2 दिन का समय है घर-घर जाकर सर्वे कर उनका डिजिटाइजेशन करायें। व्यवस्थित जानकारी के लिए महिला एवं बाल विकास तथा शिक्षा विभाग की सूची से मिलान करायें। अगर इसके बाद भी कहीं लापरवाही होती है तो संबंधित के खिलाफकठोर कार्यवाही की जाएगी। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए की अभियान के दौरान कुसमी और सिहावल के पहुंच विहीन, दूरस्थ अंचलों में गंभीर एनीमिक बच्चों के लिए शिविर लगाए और इन बच्चों को ब्लड चढ़ाने के लिए ब्लड वैन की व्यवस्था जिले से की जाएगी। जो बच्चे अभियान के दौरान कुपोषित मिलते हैं उनको नियमानुसार एनआरसी में भर्ती कराया जाए। और आवश्यकतानुसार उपचार दिया जाए। बैठक में डीआईओ डॉ. नागेंद्र बिहारी दुबे, समस्त विकासखंड के प्रतिनिधि एवं महिला बाल विकास के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सीएमसीएचओ डॉ. खरे ने यह भी निर्देश दिया कि ग्राम में आशा के माध्यम से नारे लेखन, समूह चर्चा और कैंप के दिन साफ-सफाई एवं शिक्षा विभाग के सहयोग से हैंड वॉश का प्रदर्शन बच्चों के सामने किया जाए।

## नवोदय विद्यालय में आवेंदन की अंतिम तिथि 29 तक

**जागरण, सीधी।** नवोदय विद्यालय कक्षा 6 में सत्र 2025-26 के एडमिशन के लिए प्रवेश परीक्षा के फॉर्मऑन लाइन भरे जा रहे हैं। फार्म भरने की अंतिम तिथि 29 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है। आवेदन पत्र नवोदय विद्यालय सिलेक्शन टेस्ट कक्षा छठी में फार्म बढ़ाने के लिए इस संदर्भ में नवोदय विद्यालय समिति नई दिल्ली राजेश लखानी आई.ए.एस. आयुक्त नवोदय विद्यालय समिति हेडक्वार्टर दिल्ली के डियो लेटर को कलेक्टर को हस्तांतरित करने तथा आर.के. वर्मा उपयुक्त तथा सहायक आयुक्त दीक्षा ज्योति मिश्रा, लेखराज मीणा एवं डीके सिंह क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल के डायरेक्शन में विद्यालय के प्राचार्य डॉ. डीके त्रिपाठी और जेएनवीएसटी इंचार्ज सुधीर सरोज ने जिला कलेक्टर कार्यालय के अपर कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंशुमन राज एवं जिला शिक्षा अधिकारी पवन कुमार सिंह, डी.पी.सी. राजेश कुमार तिवारी, असिस्टेंट डायरेक्टर एजुकेशन ओशो उत्सव और ए.पी.सी. सुजीत कुमार मिश्रा, प्रवीण कुमार शुक्ला एडी.पी. सी. से मिलकर विद्यालय के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रवेश के लिए डियो लैटर जिला कलेक्टर को हस्तांतरित किया गया।

**कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द, सीधी (म.प्र.)**

Email-gmisid@mp.nic.in

क/जिब्याउके-सीधी/सामा0/2025/ सीधी, दिनांक 17.07.2025

**-:: वाहन निविदा आमंत्रण सूचना ::-**

कार्यालय, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, सीधी को कार्यालयीन कार्य हेतु टैक्सी कोटे में पंजीकृत चार पहिया वाहन जिसका एक्स शोरूम प्राइज रु. 7.00 लाख से अधिक न हो। वाहन को मासिक एवं किलोमीटर की दर पर किराए से कार्यालय में संलग्न करने हेतु मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं निविदा की अन्य शर्तों हेतु जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, सीधी (गुलाब टावर प्रथम तल, डैनिहा सीधी) में कार्यालयीन समय में संपर्क किया जा सकता है। तकनीकि निविदा एवं वित्तीय निविदा प्रपत्र अलग-अलग बंद लिफाफे में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। भरे हुए निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 28 जुलाई 2025 को दोपहर 2.30 बजे तक रहेगी।

**महाप्रबंधक**
**जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, सीधी (म.प्र.)**
**सीधी, दिनांक 17.07.2025**

# जन अधिकार आंदोलन में लोगों का प्रशासन के खिलाफ दिखा जनाक्रोश

## भारी बरसात के बीच भी चुरहट में उमड़ा जनसैलाब



**जागरण, सीधी।** जन अधिकार आंदोलन धरना कार्यक्रम में भरी बरसात में लोगों का आक्रोश दिखा। विधानसभा चुरहट में मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल की अगुआई में क्षेत्र के आमजन से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर जन अधिकार आंदोलन धरना आयोजित हुआ। इसमें प्रशासन के खिलाफ भारी जनाक्रोश दिखा। आंदोलनकारियों ने चुरहट विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर कलेक्टर सीधी को ज्ञापन सौंपा जल्द निराकरण की मांग की और निराकरण न होने पर और बड़े आंदोलन की चेतावनी दी गई। यह जनाक्रोश बिजली संबंधित समस्या, बाणसागर परियोजना, गुलाब सागर महान परियोजना के अंतर्गत विस्थापन एवं अन्य समस्याओं के निराकरण, खाद बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने, खाद्यान वितरण प्रणाली में सुधार, मध्यान भोजन व्यवस्था को सुचारू बनाना, बीपीएल नए नाम जोड़ना एवं काटे गए नाम को पुनः जोड़ना, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ सभी पात्रों को उपलब्ध कराए जाने एवं राशि आवंटन, उपखंड अधिकारी कार्यालय में लंबित मामलों के जल्द निराकरण, आवारा पशुओं की समस्या उचित हल, पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने, आदिवासियों को आवंटित जमीन पर अवैध कब्ज़ा और अतिक्रमण से मुक्त कराने सहित अन्य समस्याओं को लेकर लोगों का सामने आया। जन अधिकार आंदोलन को संबोधित करते हुए पूर्व नेता प्रतिपक्ष विधायक चुरहट अजय सिंह राहुल ने कहा कि प्रदेश में भ्रष्ट और निकम्मी सरकार बैठी है। उसे जनता के समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं है। सत्ता के लोग अपने में मदमस्त हैं जिसके कारण प्रशासन के लोग भी निरंकुश हो गए और वह भी सत्ता में बैठे नेताओं के इशारे पर काम करके हमारे लोगों को परेशान कर रहे हैं। जनता की समस्याओं का निदान नहीं हो रहा है। लगातार कांग्रेस पार्टी धरना प्रदर्शन और ज्ञापन के माध्यम से आम जनता की समस्याओं को सत्ता और प्रशासन के सामने उठती रही है लेकिन आज तक भाजपा सरकार और प्रशासन में बैठे लोग चिर निद्रा में हैं। यह आंदोलन उन्हें जगाने के लिए किया जा रहा है। चुरहट क्षेत्र की जनता बहुत जागरुक है वह अपने अधिकारों के लिए लड़ना जानती है। भारी बरसात में हजारों की तादाद में यहां उपस्थित जनसमूह बता रहा है कि अब हम और अत्याचार नहीं सहेंगे। पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल ने आगे कहा कि चुरहट क्षेत्र की जनता के साथ होने वाले किसी भी अन्याय और अत्याचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा इसका माकूल जवाब सत्ता और प्रशासन में बैठे लोगों को मिलेगा। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस की भी सरकार में रही है। जनता के काम बिना भेदभाव के किए जाते थे कभी राजनीतिक बदले की भावना से कांग्रेस ने काम नहीं किया लेकिन आज यह देखने में आ रहा है कि कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और कांग्रेस के समर्थित लोगों को चुन.चुन के निशाना बनाया जा रहा है। यह बर्दाश्त योग्य नहीं है मैं स्पष्ट कहना चाहता हूं कि राजनीतिक बदले की भावना से काम करने वाले और उनका सहयोग करने वाले सावधान रहें क्योंकि आने वाले समय पर इन सब का माकूल जवाब उन्हें मिलेगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ज्ञापन के माध्यम से हमारी जो मांगे हैं उनके जल्द से जल्द उचित निराकरण किया जाए। यदि ऐसा नहीं होता है तो आने वाले भविष्य में इससे भी बड़ा आंदोलन किया जाएगा और हम इस भ्रष्ट निकम्मी सरकार की जड़े हिला देंगे।

## सीधी में हुआ संयुक्त जागरुकता एवं संकल्प कार्यक्रम



**जागरण, सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा के निर्देशन तथा सामाजिक न्याय विभाग के प्रभारी अशोक तिवारी के मार्गदर्शन में पुलिस विभाग सीधी एवं सामाजिक न्याय विभाग सीधी के संयुक्त तत्वावधान में नशे से दूरी है जरूरी विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मडरिया बंसल बस्ती एवं साकेत बस्ती में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य समाज में नशा मुक्ति के प्रति जनजागरूकता फैलाना और लोगों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना था। कार्यक्रम का आयोजन सीधी जिले के पुलिस उप अधीक्षक अमन मिश्रा के मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देशन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में थाना प्रभारी कोतवाली कन्हैया सिंह बघेल, थाना प्रभारी जमोड़ी पुष्पेंद्र सिंह एजेके थाना प्रभारी रामलोटन साकेत, पुलिस विभाग के अन्य अधिकारीगण एवं दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र से शिवांसु शुक्ला विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने स्थानीय नागरिकों को नशे की लत के सामाजिक, मानसिक एवं शारीरिक दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही, सामाजिक न्याय विभाग द्वारा चलाई जा रही नशा मुक्ति योजनाओं एवं पुनर्वास सेवाओं की जानकारी भी साझा की गई, जिससे लोग इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी नागरिकों को नशा न करने और समाज को नशा मुक्त बनाने का संकल्प भी दिलाया गया। इस प्रेरणादायक पहल ने उपस्थित लोगों को गहराई से प्रभावित किया और उन्हें सकारात्मक बदलाव के लिए प्रेरित किया। स्थानीय नागरिकों ने इस प्रयास का गर्मजोशी से स्वागत किया और नशा मुक्त समाज की दिशा में इस प्रकार की पहलों को निरंतर जारी रखने की आवश्यकता पर बल दिया।

## कृषि ग्रामीण मजदूर संघ की नई कार्यकारिणी गठित

**जागरण, सीधी।** शुक्रवार को कृषि ग्रामीण मजदूर संघ की नवीन कार्यकारिणी के गठन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन गांधी चौराहा स्थित माधव सदन संघ कार्यालय में किया गया। बैठक की अध्यक्षता भारतीय मजदूर संघ के जिला उपाध्यक्ष विकास नारायण तिवारी ने की। इस अवसर पर कृष ग्रामीण मजदूर संघ के प्रदेश मंत्री वीरभान सिंह ने कहा कि किसानों और ग्रामीण मजदूरों की समस्याओं को लेकर संघ लगातार संघर्ष करता रहा है और आने वाले समय में संगठन को और मजबूत कर जमीनी स्तर पर कार्य किया जाएगा। सभा में वाल्मीकि प्रसाद त्रिपाठी ने कहा कि संगठन का विस्तार गांव-गांव तक किया जाएगा और मजदूरों को उनके अधिकार दिलाने के लिए सशक्त रणनीति बनाई जाएगी।



## शासकीय कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य ने अतिथि विद्वानों से मांगा चढ़ावा

# चढ़ावे से किया इंकार तो वेतन में मनमानी कर दी कटौती, मई माह का वेतन भी रोके रखा

### उच्च शिक्षा आयुक्त, संभागायुक्त, एडी रीवा सहित अन्य से शिकायत कर न्याय की लगाई गुहार




**जागरण, सीधी।** उच्च शिक्षा विभाग में मनमानी चरम पर है, अब तक विभाग के प्रशासनिक अधिकारी ही घूसखोरी के लिए जाने जाते थे लेकिन अब प्राचार्य सहित प्राध्यापक भी इससे अछूते नहीं है। शासकीय कॉलेज खड्डी जिला सीधी के प्रभारी प्राचार्य डॉ.रामसुरेश भारती पर अतिथि विद्वानों से वेतन दिए जाने के बदले चढ़ावे की मांग करने का आरोप है, न देने पर तीन माह तक वेतन तो प्राचार्य ने रोके ही रखा बल्कि मनमानी वेतन में कटौती भी कर डाली। प्रमाण सहित शिकायत अतिथि विद्वानों ने उच्च शिक्षा आयुक्त सहित संभागायुक्त व एडी रीवा सहित अन्य से की है। शिकायत में अतिथि विद्वानों ने बताया कि प्रभारी प्राचार्य डॉ.रामसुरेश भारती को जब से प्रभार मिला है वह कभी कॉलेज नहीं आते, मई माह का वेतन न मिलने से आर्थिक तंगी से परेशान होकर अतिथि विद्वानों ने कई बार उनसे गुहार लगाई लेकिन उन्होंने कोई सुनवाई नहीं की और जब अतिथि विद्वान उनसे मिलने सीधी पहुंचे तो वह सीधी लीड कॉलेज में भी नहीं थे, प्राध्यापकों ने बताया वह घर में मिलेंगे, सार्थक लगाकर वह हमेशा घर चले जाते हैं। जब घर पहुंचे तो प्रभारी प्राचार्य ने कहा कि पहले अपना फोन बंद करिए और वहां गाड़ी में रखकर आइए। फिर जब समस्या बताने लगे तो उन्होंने कहा कि दो दिन में कार्य मुक्त हो जाऊंगा मेरी राज्य मंत्री राधा सिंह से बात हो गई है और वह कॉलेज नहीं आएंगे। मुझे कोई मतलब नहीं है। आप लोग अपनी समस्या का निराकरण करने के लिए सीधे आयुक्त से बात करिए या सीएम हेल्पलाइन करिए, मुझे एडी रीवा द्वारा जबरन कॉलेज का प्रभार दे दिया गया है। वेतन नहीं मिलने से आर्थिक संकट की बात प्राचार्य को बताई तो उन्होंने कहा कि जिनके 6 घंटा पूरा नहीं है, भले ही महीने में दो दिन-चार दिन जितने दिन 6 घंटा पूरा नहीं है, उसमें आप लोग अपना माफी नाम प्रस्तुत कर दीजिए तो कुछ मैनेजमेंट करके वेतन निकलवा देंगे। हां कुछ आप लोग को भी समझना पड़ेगा, लीड कालेज स्टॉफ बाबू व अन्य बिना चढ़ावा के कार्य नहीं करते हैं। अतिथि विद्वानों ने बताया कि प्राचार्य नियम विरूद्ध कार्य करने के लिए दबाव बनाते हैं।

**10 हजार रुपए तक की कर दी कटौती :** अतिथि विद्वानों ने शिकायत में बताया कि उनके सभी के द्वारा माफी नामा लिखकर दिया गया। लेकिन प्रभारी प्राचार्य ने बाद में फिर कहा गया कि लीड कॉलेज स्टॉफ में चढ़ावा देना होगा तब हमें समझ आया कि चढ़ावा रुपयों के लिए बोला जा रहा है तो हमारे द्वारा इसका विरोध किया गया और कहा गया कि जब हम लोग महाविद्यालय आते हैं तो किस बात के लिए रुपए दें। उनके द्वारा यह धमकी दी गई कि आप लोगों की सैलरी काट दी जाएगी और वेतन तभी मिलेगा जब हम चाहेंगे और भटकते रहिए और कहा कि जाइए एक बार और सोच लीजिए। बाद में वहीं हुआ भी तीसरे माह में प्राचार्य द्वारा हम लोगो को वेतन दिया गया और सैलरी काट दी गई जिसमें डॉ.स्वेता तिवारी की 10 हजार, डॉ.पवन कुमार वर्मा की 8 हजार व डॉ.राजकुमार गुप्ता के 4 हजार रुपए, डॉ.वीणा राय के दो हजार रुपए काट दिए गए। जबकि लीड कॉलेज सीधी सहित अन्य महाविद्यालय में इस कई घंटे कम होने पर भी इस प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई है। जांच कराकर हमारा वेतन लौटवाने की कृपा करें।

**अतिथि विद्वानों ने दिए प्रमाण :** अतिथि विद्वानों ने बताया कि प्राचार्य द्वारा माफी नामा लिए जाने के बाद भी वेतन काट दिया जाना स्वप्रमाणित करता है कि उनके द्वारा रुपए देने वालो के लिए यह व्यवस्था बनाई थी, जिसने रुपए नहीं दिए उनका वेतन माफीनामा देने के बाद भी काट लिया गया और जब वेतन काटना था तो माफीनामा लिया क्यों गया? जबकि कुछ अन्य अतिथि विद्वानों की सैलरी पूरी दे दी गई। जब प्रभारी प्राचार्य से दूरभाष के माध्यम से यह सब शिकायत की जाती है तो अभद्रता से बात करके फोन काट देते हैं। अतिथि विद्वान पवन कुमार वर्मा को कहा कि तुमको तो अब रोज सीधी के चक्कर लगवाऊंगा और हमेशा ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जाने के लिए बोल देते हैं, जबकि अन्य अतिथि विद्वान सीधी से ही आते हैं और सीधी में रहते हैं उनको जिम्मेदारी नही दी जाती है। पवन कुमार वर्मा हार्ट व हाई बीपी के पेशेंट भी हैं, सीधी के लिए साधन नहीं होने से कई तरह की समस्याओं का सामना भी करना पड़ता है।

**फॉलेन आऊट कराने जारी कर रहे नोटिस :** बताया गया कि प्रभारी प्राचार्य द्वारा जानबूझकर हम चार अतिथि विद्वान जिसमें डॉ. श्वेता तिवारी, डॉ.भावना सिंह, डॉ.पवन कुमार वर्मा एवं डॉ राजकुमार गुप्ता को परेशान किया जा रहा है और लगातार फालेन आउट करने की धमकी भी दी जा रही है। उनके द्वारा कहा जा रहा है कि जो चढ़ावा नहीं देगा उसको नोकरी से हाथ धोना पड़ेगा और जब तक वह कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य रहेंगे यह व्यवस्था ही लागू रहेगी। उनके द्वारा जबरन नोटिस भी दिया जा रहा है, जबकि अन्य अतिथि विद्वान आते हैं और हाजिरी लगाकर चले जाते हैं जिसकी जांच कभी भी महाविद्यालय में औचक निरीक्षण कर की जा सकती है। अतिथि विद्वान डॉ.अजय सिंह गहरवार जून माह में दो सप्ताह के करीब अवकाश पर थे और उन्हें न तो नोटिस दिया गया और न ही अवकाश के लिए रोका गया, उनके द्वारा कोई आवेदन भी नहीं दिया गया था। फिर भी उनकी सीएल लगा दी गई। इसी प्रकार प्रिंस मिश्रा की सीएल कई दिन अवकाश में रहने के बाद लगाई गई। अतिथि विद्वान डॉ.श्रीकांत द्विवेदी द्वारा भी मनमानी की जाती है और स्टॉफ रूम में बैठकर अपशब्दों का प्रयोग करते हैं जबकि वहां महिला अतिथि विद्वान भी होती हैं। जिसकी सूचना भी प्राचार्य को दी गई लेकिन उन्होंने कोई कार्यवाही नहीं की है। इस आरोपो के संबंध में प्रभारी प्राचार्य डॉ.रामसुरेश भारती से बात करने का प्रयास दूरभाष पर किया गया लेकिन बात नहीं हो पाई।

*अतिथि विद्वानों की शिकायत प्राप्त हुई है, नियमानुसार जांच कराई जाएगी। यदि वेतन गलत कटा है तो कार्यवाही होगी और सार्थक में हाजरी के आधार पर ही वेतन बनाया जाना है।*

**डॉ.आरपी सिंह,**
**प्रभारी क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा।**

## चाइल्ड हेल्पलाइन सेवा का लोगो जारी

**पन्ना।** भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा चाइल्ड हेल्पलाइन सेवा 1098 का लोगो जारी किया गया है। 24 घंटे एवं 7 दिवस संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर आवश्यक सेवा व सहायता प्राप्त की जा सकती है।


## पश्चिम मध्य रेल

वाणिज्य विभाग खुली निविदा

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित हेतु निर्धारित ई-बोली आंमंत्रित करता है। **Sr. No. 1-** Category - NFR, **Tender Notice No. & Date** -MSS-JBP-MMLAudAdvt-63-25-2,**Assets Details** -पिपारिया गाडरवारा, करेली, नरसिंहपुर, श्रीधाम, सिहोरा रोड, कटनी, साउथ, कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, मैहर, रीवा, बरगवां, ब्यौहारी, सतना एवं मदनमहल स्टेशनों पर ध्वनि प्रसारण प्रणाली के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार।, **Lot Start Date Time** -01-08-25 12:00, **Lot End Date Time**- 01-08-25 12:30:00, **Sr. No.** 2- Category - NFR, **Tender Notice No. & Date**- MSS-JBP-JBPLWrap-76-25-1, **Assets Details**- पार्सल प्रबंधक एवं पार्सल सेवाओं का बाहय स्त्रोत से निष्पादन। **Lot Start Date Time** - 31-07-2512:00:00, **Lot End Date Time**- 31-07-25 12:30:00, **Sr. No.** 3- Category- NFR,**Tender Notice No. & Date**- MSS-JBP-JBPSTGen-74-25-2, **Assets Details**-जबलपुर रेलवे स्टेशन (प्लेटफॉर्म संख्या 6) के बाहर स्थित 89.375 वर्ग मीटर (16.25X5.50 मी.) के अप्रयुक्त क्षेत्र में छोटे स्तर के सामाजिक आयोजनों के लिए लॉन सहित कंटेनर रेस्टोरंट की स्थापना करना। **Lot Start Date Time**- 30-07-25 15:00:00, **Lot End Date Time**- 30-07-25 15:30:00,**Sr. No.** 4- Category- NFR, **Tender Notice No. & Date**- ADVT-JBP-JBPOH-138-25-1, **Assets Details**-जबलपुर स्थित रेल ओवर ब्रिजों (आरओबी)पर डबल-डेकर मोनोपोल संरचनाओं की स्थापना के लिए अनुबंध।, **Lot Start Date Time**-30-07-2512:00:00, **Lot End Date Time**-30-07-25 12:30:00, **Sr. No.** 5- Category- NFR, **Tender Notice No. & Date**- ADVT-JBP-KMZOH-137-25-1, **Assets Details**-ग्रेड सेपरेटर (डाउन साइड) लाइन, कटनी मुड़वारा स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक 1 के बाहर स्थित सर्कुलेटिंग एरिया से होकर गुजराती है। सागर कल्वर्ट से लेकर टीटीई विश्राम गृह तक के सर्कुलेटिंग क्षेत्र में कुल 21 ग्रेड सेपेरेटर पिलर स्थित हैं। प्रत्येक पिलर पर विज्ञापन हेतु उपयोग की जा सकने वाली क्षेत्रफल की माप 1.2 मीटर (व्यास), ऊंचाई 3 मीटर है अर्थात। एक पिलर का कुल विज्ञापन क्षेत्रफल लगभग 3.14x1.2x3=11.3 वर्ग मीटर है। अतः कुल उपलब्ध विज्ञापन क्षेत्रफल =2.1x11.3= लगभग 237.3 वर्ग मीटर है। ।, **Lot Start Date Time**-30-7-25 12:00:00, **Lot End Date Time**-30-7-25 12:40:00 संभावित बीलीदाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर E-Tender Leasing मॉड्यूल देखे। लॉट-वार विवरण उपयुक्त कैटलॉग के तहत उपलब्ध है। ई-बोली सूचना मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है।

सहायक वाणिज्य प्रबंधक
पश्चिम मध्य रेलवे,जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर


## अवैध रूप से पशुओं का क्रूरता पूर्वक परिवहन करने वाले आरोपियों के विरुद्ध की गई कार्यवाही

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस. थोटा द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अवैध रूप से पशुओं का क्रूरता पूर्वक परिवहन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी निर्देश के पालन में थाना बृजपुर पुलिस द्वारा 03 आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशानुसार थाना प्रभारी बृजपुर उनि महेन्द्र सिंह भदौरिया के नेतृत्व में थाना बृजपुर पुलिस टीम द्वारा दिनांक 18/07/2025 को मुखबिर सूचना के आधार पर पन्ना तिराहा पहाड़ीखेरा के पास वाहन चेकिंग के दौरान नागौद की तरफ से कालींजर की ओर आ रहे एक कंटेनर वाहन को रोका गया। कंन्टेनर वाहन चालक सहित कुल 03 व्यक्ति पाये गये जिनसे पुलिस टीम द्वारा नाम पूँछकर कंटेनर को चेक किया गया। जिसमें 37 नग भैंसे क्रूरता पूर्वक ठूंस-ठूंसकर भरे होना पाए गए, पशुओं के मुँह और पैर रस्सियों से कसकर बँधे हुए थे एवं भोजन-पानी की कोई व्यवस्था नहीं थी। पुलिस टीम द्वारा तत्परता पूर्वक उक्त कंटेनर में ठूँस-ठूँस कर भरे भैंस/पड़ा को सुरक्षित उतरवाकर परिवहन में प्रयुक्त कंटेनर वाहन को जप्त किया जाकर आरोपियों के विरुद्ध पशु क्रूरता एवं मोटर व्हीकल अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया।

**गिरफ्तार आरोपी :** 1. शादाब पिता शलाउद्दीन निवासी साऊथ खालापार, मुजफ्फरनगर 2. मोहम्मद शमीर पिता मोहम्मद शकील निवासी नफीसगंजठक्कर ग्राम वार्ड, जबलपुर 3. मोहम्मद जुबेर पिता इसरार पुलिस टीम द्वारा मौके से पशु परिवहन में प्रयुक्त कंटेनर वाहन (अनुमानित कीमत लगभग ?15 लाख) तथा उसमें भरे गए कुल 37 नग भैंसे (अनुमानित कीमत ?5 लाख 55 हजार) इस प्रकार कुल करीब ?20 लाख 55 हजार रुपये का मशरूका जप्त किया गया है। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी बृजपुर उनि महेन्द्र सिंह भदौरिया, चौकी प्रभारी पहाड़ीखेरा सउनि कमल सिंह चन्देल, प्र.आर. अरूण प्रताप सिंह, प्रदीप हरदेनिया, राजेश अहिरवार, आर. सुधीर अरजरिया, अमर सिंह परिहार, रामनिवास गुर्जर, राकेश बघेल, कृष्णकान्त चौरसिया एवं रामनिरंजन कुशवाहा का सराहनी योगदान रहा।

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग हुजूर, जिला-रीवा (म.प्र.)

क्रमांक -217/प्रवाचक/2025
रीवा दिनांक 14.07.2025

आवेदक बेसाहूलाल काछी तनय श्री राममिलन काछी वगै. सभी निवासी ग्राम लक्ष्मणपुर तहसील हुजूर रीवा द्वारा न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील हुजूर नगर के राजस्व प्रकरण क्रमांक 0541/अ-27/2022-23 में पारित आदेश दिनांक 26.05.2023 के विरूद्ध अपील प्रस्तुत की गई है। जो बेसाहूलाल काछी वगै. विरूद्ध जगन्नाथ कुशवाहा वगै. मौजा लक्ष्मणपुर से विचाराधीन है, जिसमें आगामी सुनवाई तिथि 18.08.2025 नियत है। अपीलार्थी के द्वारा निवेदन किया गया है कि, उत्तरवादी की तलबी स्थानीय समाचार पत्र में प्रकाशन कराया जाकर न्यायालय में उपस्थित कराई जावे।

अनुविभागीय अधिकारी
अनुभाग हुजूर,
जिला रीवा (म.प्र.)

RN- 82711

### न्यायालय अपर आयुक्त, रीवा संभाग रीवा (म.प्र.)

प्रकरण क्रमांक -103/अपील/2024-25
रीवा दिनांक 16.07.2025

**नोटिस सूचना**

1. मोहम्मद मुश्ताक अंसारी पिता स्व. आलमगीर अंसारी निवासी वार्ड क्रमांक 24 कमसरियत रीवा तहसील हुजूर जिला रीवा (म.प्र.)

............अपीलार्थी

विरूद्ध

1. कु. अनन्या सिंह पिता मानवेन्द्र सिंह नावालिग वली सरपरस्त माता श्रीमती सीमा सिंह पत्नी श्री मानवेन्द्र सिंह निवासी ग्राम भीर तहसील नईगढ़ी जिला रीवा (म.प्र.)।

...........उत्तरवादी

अपीलार्थी द्वारा यह अपील अनुविभागीय अधिकारी तहसील हुजूर जिला रीवा के राजस्व प्रकरणं क्रमांक 331/ अपील/ 2021-22 में पारित आदेश दिनांक 22-03-2024 के विरूद्ध इस न्यायालय में दायर की गई है, जो विचाराधीन है। अतः उत्तरवादी को सूचित किया जाता है कि आप इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 14-08-2025 को स्वतः अथवा अधिकृत अभिभाषक के साथ समय 11:00 बजे दिन उपस्थित होकर पक्ष समर्थन करें। नियत तिथि को अनुपस्थित रहने की स्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए उचित निर्णय लिया जावेगा।

आज दिनांक 16-07-2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा पदमुद्रा से जारी किया गया।

(नीतू माथुर)
अपर आयुक्त
रीवा संभाग, रीवा

RN-

### OFFICE OF THE NAGAR PARISHAD GOVINDGHARH, DIST-REWA (M.P.)

**Notice Inviting e-Tenders**

529/e-Tender/GOVINDGARH/2025 Date - 16.07.2025

Online PERCENTAGE RATE AND ITEM RATE bids for the following works are invited from registered contractors and firms of repute ful filling eligibility criteria:

| S. No. | NIT NO. & DATE | TENDER ID | Name of Work | Probable amount of contract (Rs.In Lacs) | Earnest Money Deposit (EMD) (In Rs.) | Cost of Bid Document (In Rs.) | Period of Completion (In Months) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 529/ 16.07.2025 | 2025_UAD_437729_1 (FIRST COLL) | CONSTRUCTION OF FISH PARLOUR AT WARD NO.-10 NAGARPARISHAD GOVINDGARH IN FINANCIAL YEAR 2025-26. | 3.13 | 3200/- | 2000/- | 3Months |
| 2 | 376/ 09.06.2025 | 2025_UAD_437819_1 (SECOND COLL) | BUS STAND FEES COLLECTION, TAXI STAND FEES COLLECTION AND GOODS VEHICLE FEES COLLECTION AT NAGAR PARISHAD GOVINDGARH | 3.13 | 135000/- | 1000/- | FINANCIAL YEAR 2025-26 |

1. Interested Bidder can view the NIT on website http://www.mptenders.gov.in and www.mpurban.gov.in
2. The Bid Document can be purchased only Online from 17:30PM (time) of 17.07.2025 (date) to 17:30 PM (time) 01.08.2025 (date).
3. Amendment to NIT, if any, would be published on website only, and not in Newspaper.

CHIEF MUNICIPAL OFFICERI
NAGAR PARISHAD
GOVINDGARH DISST-REWA

### कार्यालय वनमण्डलाधिकारी दक्षिण शहडोल वनमण्डल जिला-शहडोल 484001 (म.प्र.)

PHONE -07652-240304, FAX-07652-240304 EMAIL-dfosshahdol@mpforest.org, dfotsshahd@mp.gov.in

क्रमांका/एन0आई0टी0/ई-टेण्डर/2025/6196 शहडोल दिनॉक 03.07.2025

**ई-निविदा प्रेस विज्ञप्ति सूचना**

वन मण्डल दक्षिण शहडोल अंतर्गत कार्यालय में शासकीय बन्दूको को सुरक्षित रखने हेतु अलमारी/तिजोरी की आवश्यकता है। जिस हेतु वर्ष 2025-26 में सामग्री प्रदाय हेतु एम0 पी0 ई-टेन्डर पोर्टल पर ऑनलाईन पोर्टल https://mptenders.gov.in के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसकी निविदा क्रमांक/2025_MPFD_434891_1 है। निविदा हेतु सामग्री का विवरण एवं स्पेशिफिकेशन निम्नानुसार है :-

**PRODUCT SPECIFICATIONS**

| S. No. | Product | PRODUCT SPECIFICATIONS | Quantity |
|---|---|---|---|
| 1 | हैवीगेज तिजोरी अलमारी | चादर गेज - 20 गेज<br>ऊँचाई - 78 इंच<br>लम्बाई - 36 इंच<br>चौडाई - 19 इंच<br>लॉक - हैवी गेज लॉक | 01 नग |

निविदा में भाग लेने तथा निविदा खोलने की तिथि एवं समय की जानकारी निम्नानुसार है :-

| विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|
| Tender Publishing Date & Time | Date 07/07/2025 Time 15:00 PM | निविदा आनलाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर दर्शित है। |
| Tender Sale Start Date & Time | Date 07/07/2025 Time 15:00 PM | |
| Pre Bid Meeting Date | Date .............. Time ............. AM | |
| Bid Submission Start Date & Time | Date 07/07/2025 Time 15:00 PM | |
| Bid Submission closing Date & Time | Date 28/07/2025 Time 11:00 AM | |
| Bid Opening Date & Time | Date 29/07/2025 Time 11:30 AM | |

निविदादाता निविदा की सूचना एवं सामग्रियों के विस्तृत विवरण हेतु एवं अन्य संबंधित जानकारी वेबसाईट https://mptenders.gov.in एवं विभाग की वेबसाईट https://mpforest.gov.in पर देख सकते है।

G-15898/25

(श्रद्धा पन्द्रे)
वन मण्डलाधिकारी
दक्षिण शहडोल वनमण्डल

### कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.)

क्रमांक-754/E-Tender/PMAY-AHP/न.पा.नि./2025 रीवा, दिनांक 14.07.2025

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम अवसर)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम रीवा द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गोल क्वार्टर साईट एवं एस.ए.एफ. साईट में निर्माणाधीन दुकानें/निर्माणाधीन कार्यालय इकाई जो रिक्त हैं, के अंतरण हेतु प्रीमियम तथा भू-भाटक, म.प्र. नगर पालिक निगम (अचल सम्पत्ति का अंतरण) नियम 2016 के 2 के संशोधित नियम 3(1) के तहत ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है। कोई भी इच्छुक व्यक्ति/निविदाकार/फर्म, ऑन लाईन शुल्क जमा कर निविदा में भाग ले सकते है। विवरण तालिका में दर्शित है। निर्धारित आवेदन पत्र शर्तो नियमावली के साथ रूपये 1000.00 का भुगतान कर ऑनलाईन प्राप्त किया जा सकता है। निविदा में भाग लेने के लिए आवश्यक दस्तावेज निम्नानुसार है :-

1. ऑन लाईन भुगतान किये गये शुल्क के रसीद की स्कैन कॉपी।
2. शपथ पत्र रूपये 100.00 के नॉन ज्यूडीसियल स्टॉम पेपर में नोटराइज किया हुआ, जिसमें उल्लेखित होगा कि व्यक्ति/निविदाकार/फर्म किसी भी संस्था से ब्लैक लिस्टेड या डिफाल्टर घोषित नहीं किया गया है।
3. आधार कार्ड।
4. पैन कार्ड।
5. निविदाकार को अपना स्थाई पता, मोबाईल नम्बर एवं अन्य जानकारी निविदा के साथ संलग्न प्रारूप में भरकर हस्ताक्षर सहित प्रस्तुत करना होगा।

उपरोक्त दस्तावेजों की स्कैन कॉपी ऑनलाईन जमा करना अनिवार्य होगा। दस्तावेजों के अभाव में निविदा अमान्य कर दी जावेगी, जिसकी सम्पूर्ण जबावदारी निविदाकार की स्वयं की होगी। निविदा संबंधित प्रमुख तिथियॉ निम्नानुसार है :-

1. ऑन लाईन निविदा फार्म खरीदने की प्रारंभ तिथि - 18/07/2025 समय शायं 18.00 बजे से।
2. ऑन लाईन निविदा फार्म खरीदने की अंतिम तिथि - 04/08/2025 समय शायं 18.00 बजे तक।
3. ऑन लाईन निविदा फार्म जमा करने की प्रारंभ तिथि - 18/07/2025 समय शायं 18.00 बजे से।
4. ऑन लाईन निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि - 04/08/2025 समय शायं 18.00 बजे तक।
5. ऑन लाईन तकनीकी लिफाफा खुलने की तिथि - 06/08/2025 समय दोपहर 12.00 बजे से।
6. ऑन लाईन वित्तीय लिफाफा खुलने की तिथि - कार्यालयीन प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत ऑनलाइन सूचित किया जावेगा।

निविदा में भाग लेने के लिए निविदाकार को ई-टेण्डरिंग पोर्टल www.mptenders.gov.in मे आवश्यक शुल्क जमा कर पंजीयन कराना होगा। पोर्टल में पंजीयन के बिना कोई भी निविदाकार निविदा में भाग नही ले सकता। अधिकतम प्रीमियम प्रदाता (H1) निविदाकार का चयन सफल निविदाकार के रूप में किया जावेगा। प्रतिभूति राशि ऑनलाईन जमा करनी होगी। उच्चतम निविदादाता को विक्रय मूल्य की 25 प्रतिशत राशि निविदा खुलने के दिनांक से 21 दिवस के भीतर जमा करनी होगी शेष राशि अचल सम्पत्ति अंतरण नियम 2016 के संशोधित नियम 7 के अनुसार जमा करनी होगी। योजना के अभिन्यास का अवलोकन एवं विस्तृत जानकारी मुख्य कार्यालय के कक्ष क्रमांक- 38 एवं 45, प्रधानमंत्री आवास योजना शाखा, नगर पालिक निगम रीवा से कार्यालयीन समय पर प्राप्त की जा सकती है। प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत निर्मित दुकानों का स्थल अनुसार विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र | निविदा क्रमांक | दुकान क्रमांक | क्षेत्रफल (वर्गफिट में) | निर्धारित राशि प्रति दुकान | लीजरेन्ट वार्षिक | श्रेणी | निर्धारित पंजीयन राशि (प्रतिभूति राशि) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **दुकानें** | | | | | | | |
| **1. गोल क्वार्टर दुकान (भूतल)** | | | | | | | |
| 1. | 2025_UAD_436118_1 | 1 | 188.30 | ₹ 17,00,000.00 | निविदा में प्राप्त प्रीमियम के मूल्य का प्रथम 10 वर्ष हेतु 0.5 % तत्पश्चात् अगले 20 वर्षों के लिए 2.00% होगा। | GEN. | ₹ 42,500.00 |
| 2. | 2025_UAD_436119_1 | 2 | 188.30 | ₹ 17,00,000.00 | | GEN. | ₹ 42,500.00 |
| 3. | 2025_UAD_436120_1 | 3 | 188.30 | ₹ 17,00,000.00 | | GEN. | ₹ 42,500.00 |
| 4. | 2025_UAD_436121_1 | 4 | 188.30 | ₹ 17,00,000.00 | | GEN. | ₹ 42,500.00 |
| 5. | 2025_UAD_436122_1 | 5 | 188.30 | ₹ 17,00,000.00 | | GEN. | ₹ 42,500.00 |
| 6. | 2025_UAD_436123_1 | 6 | 188.30 | ₹ 17,00,000.00 | | GEN. | ₹ 42,500.00 |
| 7. | 2025_UAD_436124_1 | 13 | 188.30 | ₹ 17,00,000.00 | | SC | ₹ 42,500.00 |
| 8. | 2025_UAD_436125_1 | 14 | 188.30 | ₹ 17,00,000.00 | | ST | ₹ 42,500.00 |
| 9. | 2025_UAD_436126_1 | 15 | 188.30 | ₹ 17,00,000.00 | | OBC | ₹ 42,500.00 |
| 10. | 2025_UAD_436127_1 | 16 | 188.30 | ₹ 17,00,000.00 | | GEN. Female | ₹ 42,500.00 |
| 11. | 2025_UAD_436128_1 | 17 | 188.30 | ₹ 17,00,000.00 | | GEN. | ₹ 42,500.00 |
| 12. | 2025_UAD_436129_1 | 18 | 188.30 | ₹ 17,00,000.00 | | GEN. | ₹ 42,500.00 |
| **2. गोल क्वार्टर दुकान (प्रथमतल)** | | | | | | | |
| 1. | 2025_UAD_436130_1 | 7 | 188.30 | ₹ 13,00,000.00 | निविदा में प्राप्त प्रीमियम के मूल्य का प्रथम 10 वर्ष हेतु 0.5 % तत्पश्चात् अगले 20 वर्षों के लिए 2.00% होगा। | GEN. | ₹ 32,500.00 |
| 2. | 2025_UAD_436132_1 | 8 | 188.30 | ₹ 13,00,000.00 | | GEN. | ₹ 32,500.00 |
| 3. | 2025_UAD_436133_1 | 9 | 188.30 | ₹ 13,00,000.00 | | GEN. | ₹ 32,500.00 |
| 4. | 2025_UAD_436135_1 | 10 | 188.30 | ₹ 13,00,000.00 | | GEN. | ₹ 32,500.00 |
| 5. | 2025_UAD_436136_1 | 11 | 188.30 | ₹ 13,00,000.00 | | GEN. | ₹ 32,500.00 |
| 6. | 2025_UAD_436139_1 | 12 | 188.30 | ₹ 13,00,000.00 | | GEN. | ₹ 32,500.00 |
| 7. | 2025_UAD_436140_1 | 19 | 188.30 | ₹ 13,00,000.00 | | SC | ₹ 32,500.00 |
| 8. | 2025_UAD_436141_1 | 20 | 188.30 | ₹ 13,00,000.00 | | GEN. | ₹ 32,500.00 |
| 9. | 2025_UAD_436143_1 | 21 | 188.30 | ₹ 13,00,000.00 | | GEN. | ₹ 32,500.00 |
| 10. | 2025_UAD_436145_1 | 22 | 188.30 | ₹ 13,00,000.00 | | GEN. | ₹ 32,500.00 |
| 11. | 2025_UAD_436146_1 | 23 | 188.30 | ₹ 13,00,000.00 | | GEN. | ₹ 32,500.00 |
| 12. | 2025_UAD_436147_1 | 24 | 188.30 | ₹ 13,00,000.00 | | GEN. | ₹ 32,500.00 |
| **3. एस.ए.एफ साईट दुकान (भूतल)** | | | | | | | |
| 1. | 2025_UAD_436148_1 | 1 | 188.30 | ₹ 16,00,000.00 | निविदा में प्राप्त प्रीमियम के मूल्य का प्रथम 10 वर्ष हेतु 0.5 % तत्पश्चात् अगले 20 वर्षों के लिए 2.00% होगा। | GEN. | ₹ 40,000.00 |
| 2. | 2025_UAD_436149_1 | 2 | 188.30 | ₹ 16,00,000.00 | | GEN. | ₹ 40,000.00 |
| 3. | 2025_UAD_436150_1 | 3 | 188.30 | ₹ 16,00,000.00 | | GEN. | ₹ 40,000.00 |
| 4. | 2025_UAD_436151_1 | 4 | 188.30 | ₹ 16,00,000.00 | | GEN. | ₹ 40,000.00 |
| 5. | 2025_UAD_436152_1 | 5 | 188.30 | ₹ 16,00,000.00 | | GEN. | ₹ 40,000.00 |
| 6. | 2025_UAD_436162_1 | 6 | 188.30 | ₹ 16,00,000.00 | | GEN. | ₹ 40,000.00 |
| 7. | 2025_UAD_436163_1 | 13 | 188.30 | ₹ 16,00,000.00 | | SC | ₹ 40,000.00 |
| 8. | 2025_UAD_436164_1 | 14 | 188.30 | ₹ 16,00,000.00 | | ST | ₹ 40,000.00 |
| 9. | 2025_UAD_436165_1 | 15 | 188.30 | ₹ 16,00,000.00 | | OBC | ₹ 40,000.00 |
| 10. | 2025_UAD_436166_1 | 16 | 188.30 | ₹ 16,00,000.00 | | GEN. Female | ₹ 40,000.00 |
| 11. | 2025_UAD_436167_1 | 17 | 188.30 | ₹ 16,00,000.00 | | GEN. | ₹ 40,000.00 |
| 12. | 2025_UAD_436168_1 | 18 | 188.30 | ₹ 16,00,000.00 | | GEN. | ₹ 40,000.00 |
| **4. एस.ए.एफ साईट दुकान (प्रथमतल)** | | | | | | | |
| 1. | 2025_UAD_436169_1 | 7 | 188.30 | ₹ 12,00,000.00 | निविदा में प्राप्त प्रीमियम के मूल्य का प्रथम 10 वर्ष हेतु 0.5 % तत्पश्चात् अगले 20 वर्षों के लिए 2.00% होगा। | GEN. | ₹ 30,000.00 |
| 2. | 2025_UAD_436170_1 | 8 | 188.30 | ₹ 12,00,000.00 | | GEN. | ₹ 30,000.00 |
| 3. | 2025_UAD_436171_1 | 9 | 188.30 | ₹ 12,00,000.00 | | GEN. | ₹ 30,000.00 |
| 4. | 2025_UAD_436172_1 | 10 | 188.30 | ₹ 12,00,000.00 | | GEN. | ₹ 30,000.00 |
| 5. | 2025_UAD_436174_1 | 11 | 188.30 | ₹ 12,00,000.00 | | GEN. | ₹ 30,000.00 |
| 6. | 2025_UAD_436176_1 | 12 | 188.30 | ₹ 12,00,000.00 | | GEN. | ₹ 30,000.00 |
| 7. | 2025_UAD_436177_1 | 19 | 188.30 | ₹ 12,00,000.00 | | SC | ₹ 30,000.00 |
| 8. | 2025_UAD_436178_1 | 20 | 188.30 | ₹ 12,00,000.00 | | GEN. | ₹ 30,000.00 |
| 9. | 2025_UAD_436180_1 | 21 | 188.30 | ₹ 12,00,000.00 | | GEN. | ₹ 30,000.00 |
| 10. | 2025_UAD_436181_1 | 22 | 188.30 | ₹ 12,00,000.00 | | GEN. | ₹ 30,000.00 |
| 11. | 2025_UAD_436182_1 | 23 | 188.30 | ₹ 12,00,000.00 | | GEN. | ₹ 30,000.00 |
| 12. | 2025_UAD_436183_1 | 24 | 188.30 | ₹ 12,00,000.00 | | GEN. | ₹ 30,000.00 |
| **कार्यालय इकाई** | | | | | | | |
| **1. गोल क्वार्टर साईट (द्वितीयतल)** | | | | | | | |
| 1. | 2025_UAD_436186_1 | 1 | 1069.97 | ₹ 14,00,000.00 | निविदा में प्राप्त प्रीमियम के मूल्य का प्रथम 10 वर्ष हेतु 0.5 % तत्पश्चात् अगले 20 वर्षों के लिए 2.00% होगा। | GEN. | ₹ 35,000.00 |
| 2. | 2025_UAD_436187_1 | 2 | 1069.97 | ₹ 14,00,000.00 | | GEN. | ₹ 35,000.00 |
| 3. | 2025_UAD_436188_1 | 3 | 1069.97 | ₹ 14,00,000.00 | | GEN. | ₹ 35,000.00 |
| 4. | 2025_UAD_436189_1 | 4 | 1069.97 | ₹ 14,00,000.00 | | GEN. | ₹ 35,000.00 |
| **2. एस.ए.एफ. साईट (द्वितीयतल)** | | | | | | | |
| 1. | 2025_UAD_436192_1 | 1 | 1069.97 | ₹ 14,00,000.00 | निविदा में प्राप्त प्रीमियम के मूल्य का प्रथम 10 वर्ष हेतु 0.5 % तत्पश्चात् अगले 20 वर्षों के लिए 2.00% होगा। | GEN. | ₹ 35,000.00 |
| 2. | 2025_UAD_436196_1 | 2 | 1069.97 | ₹ 14,00,000.00 | | GEN. | ₹ 35,000.00 |
| 3. | 2025_UAD_436198_1 | 3 | 1069.97 | ₹ 14,00,000.00 | | GEN. | ₹ 35,000.00 |
| 4. | 2025_UAD_436200_1 | 4 | 1069.97 | ₹ 14,00,000.00 | | GEN. | ₹ 35,000.00 |

कार्यपालन यंत्री /नोडल अधिकारी
प्रधानमंत्री आवास योजना
नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.)

## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।


## लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क - 8962086944


## कृषि सखियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

**पवई।** एक बगिया मां के नाम परियोजना के अंतर्गत पवई एवं शाहनगर जनपद की चयनित कृषि सखियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन आस्था सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र, पवई में किया गया। प्रशिक्षण के दौरान मनरेगा अंतर्गत हितग्राही चयन मापदंड, एक बगिया मां के नाम परियोजना के उद्देश्य और लाभ, हितग्राही एवं स्थल चयन, परियोजना की लागत, क्रियान्वयन की प्रक्रिया, तकनीकी पहलू सहित ५मां की बगिया५ मोबाइल एप का डेमो प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर प्रतिभागियों को परियोजना की समग्र जानकारी देकर साझा समझ विकसित की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में डीपीएम प्रमोद शुक्ला, जनपद पंचायत पवई के सीईओ अखलेश उपाध्याय तथा जिला प्रबंधक ओ.पी. सोनी ने मार्गदर्शन प्रदान किया। बीपीएम एवं एबीएम ने प्रशिक्षण के सफल आयोजन में सहयोग किया।

### कार्यालय वनमण्डलाधिकारी दक्षिण शहडोल वनमण्डल जिला-शहडोल 484001 (म.प्र.)

PHONE -07652-240304, FAX-07652-240304 EMAIL-dfosshahdol@mpforest.org, dfotsshahd@mp.gov.in

क्रमांका/एन0आई0टी0/ई-टेण्डर/2025/6385 शहडोल दिनॉक 09.07.2025

**ई-निविदा प्रेस विज्ञप्ति सूचना**

वन मण्डल दक्षिण शहडोल के वन परिक्षेत्राधिकारी केशवाही अंतर्गत लाईन क्वार्टर भवन निर्माण के हेतु https://mptenders.gov.in के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा क्रमांक/2025_MPFD_436131_1 है। निविदा हेतु सामग्री का विवरण एवं स्पेशिफिकेशन निम्नानुसार है :-

**PRODUCT SPECIFICATIONS**

| क्रं. | सामग्री का नाम | अनुमानित मात्रा | सत्यंकार राशि | निविदा दस्तावेज का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वन परिक्षेत्राधिकारी केशवाही अंतर्गत लाईन क्वार्टर भवन निर्माण कार्य मय सामग्री सहित<br>स्थल - केशवाही<br>भवन का नाम - लाईन क्वार्टर भवन<br>लाईन क्वार्टर भवन निर्माण कार्य हेतु निविदा स्पेशिफिकेशन प्रोजेक्ट अनुसार होगे। (प्रोजेक्ट प्राक्कलन निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न है) | 01 नग भवन | 96,000 (रूपये छियान्बे हजार) | 1000 ( One Thousand Rupees only |

निविदा में भाग लेने तथा निविदा खोलने की तिथि एवं समय की जानकारी निम्नानुसार है :-

| विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|
| Tender Publishing Date & Time | Date 11/07/2025 Time 03:00 PM | निविदा आनलाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर दर्शित है। |
| Tender Sale Start Date & Time | Date 11/07/2025 Time 03:00 PM | |
| Pre Bid Meeting Date | Date .............. Time ............. AM | |
| Bid Submission Start Date & Time | Date 11/07/2025 Time 03:00 PM | |
| Bid Submission closing Date & Time | Date 04/08/2025 Time 11:00 AM | |
| Bid Opening Date & Time | Date 05/08/2025 Time 11:30 AM | |

निविदादाता निविदा की सूचना एवं सामग्रियों के विस्तृत विवरण हेतु एवं अन्य संबंधित जानकारी वेबसाईट https://mptenders.gov.in एवं विभाग की वेबसाईट https://mpforest.gov.in पर देख सकते है।

G-15890/25

(श्रद्धा पन्द्रे)
वन मण्डलाधिकारी
दक्षिण शहडोल वनमण्डल

# परेशान जनता को भारी भरकम बिजली बिलों से निजात दिलाने सड़क पर उतरी कांग्रेस

## जबरन वसूली, मनमाने बिल और कंपनियों की मिलीभगत के खिलाफ बोले श्री तिवारी, यह स्मार्ट सुविधा नहीं, स्मार्ट लूट है

**जागरण, मंडला ।** जिला कांग्रेस कमेटी मंडला के अध्यक्ष एड राकेश तिवारी ने मंडला में स्मार्ट मीटरों के कारण बिजली बिलों में असामान्य वृद्धि और उपभोक्ताओं पर जबरन मीटर लगाने की शिकायतों पर गहरा रोष व्यक्त किया है।उन्होंने इसे आम जनता के लिए आर्थिक अन्याय करार देते हुए मध्य प्रदेश सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। एड राकेश तिवारी ने कहा, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ता की स्वेच्छा पर निर्भर है, लेकिन इसके बावजूद बिजली कंपनियां दबाव बनाकर और जबरन स्मार्ट मीटर लगा रही हैं।



पहले जहाँ बिल 300 से 600 के बीच आते थे, अब स्मार्ट मीटर लगने के बाद लोग 6,000 से 20,000 तक के बिल देखकर परेशान हैं। यह स्मार्ट लूट का जरिया बन गया है। एड राकेश तिवारी ने प्रमुख समाचार चैनलों द्वारा इस मुद्दे पर की गई रिपोर्ट्स का हवाला देते हुए कहा स्मार्ट मीटर में ब्लास्ट या आग लगने की घटनाएँ भारत के कई शहरों से स्मार्ट मीटरों में आग लगने या उनके फटने की खबरें सामने आई हैं। ये घटनाएँ उपभोक्ताओं के बीच डर और चिंता का कारण बन गई हैं, खासकर जब उनके बिलों में भी भारी वृद्धि हो रही हो।हाल की कुछ घटनाएँभोपाल, मध्य प्रदेश* हाल ही में, भोपाल के कोलार क्षेत्र में एक नए लगे स्मार्ट मीटर में ब्लास्ट होने की घटना सामने आई है। इस घटना से स्थानीय निवासियों में दहशत फैल गई।जबलपुर जबलपुर के एक सुपर मार्केट की इमारत में लगे कई स्मार्ट मीटरों में अचानक आग लग गई और वे पटाखों की तरह जलने लगे। लोगों का कहना था कि कुछ दिन पहले ही पुराने मीटरों की जगह नए स्मार्ट मीटर लगाए गए थे। श्री चैन सिंह बरकड़े ने सरकार और बिजली वितरण कंपनियों पर निशाना साधते हुए कहा, स्मार्ट मीटर का उद्देश्य उपभोक्ता सुविधा और पारदर्शिता था, लेकिन सरकार की नाकामी और बिजली कंपनियों की मनमानी ने इसे जनता के लिए बोझ बना दिया है। मध्य प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाने वाली कंपनियों के नाम और उनकी कार्यप्रणाली को सार्वजनिक करना जरूरी है ताकि जनता को सच पता चले।मध्य प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाने वाली प्रमुख कंपनियां*मध्य प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाने का काम मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, और पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी (DISCOMs) के तहत हो रहा है। ये डिस्कॉम्स निम्नलिखित निजी कंपनियों के साथ मिलकर काम कर रही हैं अदानी एनर्जी सॉल्यूशंस (AESL)डिजाइन-बिल्ड-फाइनेंस-ओन-ऑपरेट- ट्रांसफर (DBFOOT) मॉडल पर स्मार्ट मीटर स्थापना और रखरखाव। सिक्योर मीटर्स लिमिटेड- भारत में स्मार्ट मीटर निर्माण और आपूर्ति में अग्रणी। जेनस पावर इंफ्रास्ट्रक्चर्स लिमिटेड- स्मार्ट मीटर निर्माण और स्थापना में प्रमुख भूमिका। साइकननोड (CyanConnode) लार्सन एंड टुब्रो (L&T) के साथ मिलकर पश्चिम क्षेत्र में ब्लॉकचेन-आधारित स्मार्ट मीटर नेटवर्क स्थापित कर रही है। इसके अतिरिक्त, विदेशी कंपनियां जैसे EDF India (फ्रांस) और ctis (यूके) भी भारत में स्मार्ट मीटर इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश और तकनीकी सहयोग प्रदान कर रही हैं। कुछ तकनीकी घटक जर्मनी, संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन से आयात किए जा रहे हैं। एड राकेश तिवारी ने की मांगें स्मार्ट मीटर स्थापना में उपभोक्ता की सहमति को अनिवार्य किया जाए और जबरन स्थापना पर तत्काल रोक लगाई जाए। तत्काल जांच स्मार्ट मीटरों की रीडिंग, तकनीकी खामियों और बिलिंग प्रक्रिया की स्वतंत्र और उच्च-स्तरीय जांच हो। विवादित बिल रद्द असामान्य रूप से बढ़े बिलों को तत्काल रद्द कर वास्तविक खपत के आधार पर नए बिल जारी किए जाएं। उपभोक्ता राहत जांच पूरी होने तक उपभोक्ताओं पर कोई दंडात्मक कार्रवाई न हो। पारदर्शिता स्मार्ट मीटर लगाने में शामिल सभी कंपनियों के नाम, उनकी कार्यप्रणाली और ठेके सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध कराए जाएं।एड रजनीश रंजन उसराठे ने चेतावनी दी, यदि सरकार ने जल्द ही इस मुद्दे का समाधान नहीं किया और स्मार्ट मीटर लगाने वाली कंपनियों की जवाबदेही तय नहीं की, तो कांग्रेस पार्टी जनता के साथ मिलकर सड़कों पर उतरेगी और इस अन्याय के खिलाफ कांग्रेस कमेटी आगामी दिनों में शहर के अन्य क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर क्रमबद्ध आंदोलन करेगी इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी राजेंद्र राजपूत, सुभाष नामदेव, जयेंद्र चौधरी, अमित शुक्ला दीपेश बाजपेई,अंकुश झारिया, सोनू भल्लावी,अभिनव चौरसिया,शाहनवाज खान,मुख्तियार खान, आज़िम खान,अरुण कांड्रा,रोशन अली,सोमवती धुर्वे, रेशमा अल्वी,आशु जैन,इंद्रजीत भंडारी,अनिल दुबे,आशा मर्सकोले, कामिनी चौधरी,सुलक्षणा मर्सकोले,पूजा शिवांशी,मीडिया विभाग से विवेक दुबे आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# सिंहपुर बैराज के गेट खुलने से संजय नगर उर्मिल नदी में बढ़ा पानी



## घर हुये जलमग्न, सड़क कटाव से आवागवन ठप

**जागरण, लवकुशनगर ।** बीते 24 घण्टे से अधिक बारिस होने के कारण नदियो और बांधों का जल स्तर बढ़ जाने से बांधों के गेट खोले जा रहे हैं। सिंहपुर बैराज के गेट खोले जाने से संयजनगर उर्मिल नदी में बाढ़ के हालात उत्पन्न हो गए पानी अधिक होने के कारण नदी के कुछ ही दूरी पर बने टोल नाका तक पानी आ गया पुलिस प्रशासन ने मौके पर पहुंच कर बेरीकेट्स लगा कर नदी के पास जाने से लोगों रोका। नदी में पानी का बहाव तेज होने के कारण नदी के पास बने घर पूरी तरह पानी में डूब गये और आस पास का इलाका पूरी तरह जलमग्न हो गया। टोल नाका पर बने कमरे डूब गये। बहाव इतना तेज की लवकुशनगर से छतरपुर सड़क मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया जिस कारण रात्रि से पूरी तरह लवकुशनगर छतरपुर आवागमन बंद हो गया । पानी के भराव की जानकारी लगने पर एसडीएम राकेश शुक्ला, टीआई अजय अम्बे, सीईओ हरीश केशरवानी सहित पुलिस अमला मौके पर पहुंचा और स्थिति का जायजा लिया। सड़क को पूरी तरह से बंद कराया गया। टोल प्लाजा के पास रहने वाले अंतु कुशवाहा, खेम कुशवाहा ने बताई आपबीती। हम लोगो के मकान टोल नाके के पास ही बने हुए है हम परिवार के साथ यही पर रहते है । रात्रि में देखा तो पानी घरों के अंदर नीचे भरा था जल्द बाजी में बच्चो को लेकर घर के बाहर निकले पानी आ रहा था आनन फानन में घर छोड़कर गॉव की ओर चले गये, घरो में रखा खाने पीने और गृहस्थी का सामान भी पानी में बह गया । बताया कि जानवर बकरी और अन्य जानवर भी पानी के बहाव में बह गये । महिलाओ ने प्रशासन से मदद की गुहार लगायी है।

# जिले में संचालित पेट्रोल पंपों की जांच सतत जारी, अब तक 07 पंपों का हुआ निरीक्षण



**जागरण, डिंडोरी ।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या के मार्गदर्शन में जिले में संचालित पेट्रोल पंपों की जांच हेतु गठित टीम द्वारा सतत कार्यवाही की जा रही है। इस अभियान के अंतर्गत अब तक जिले के 07 पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया जा चुका है।जांच के दौरान पेट्रोल पंपों के भूमिगत टैंकों में पानी के रिसाव की जांच की गई तथा पानी मिश्रण परीक्षण किया गया। इसके साथ ही पंप पर लगे अग्निशामक यंत्रों की स्थिति, विस्फोटक लाइसेंस की वैधता, हवा-पानी एवं शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं, साफ-सफाई की व्यवस्था तथा डीजल-पेट्रोल की दैनिक डेंसिटी जांच, स्टॉक संग्रहण और 5 लीटर माप जार से डिलीवरी की सटीकता का भी परीक्षण किया गया।जांच में किसी भी पेट्रोल पंप पर पानी की मिलावट नहीं पाई गई है, जो उपभोक्ताओं के लिए राहत की खबर है। कलेक्टर के निर्देशन में जिले के शेष पेट्रोल पंपों का निरीक्षण भी नियमानुसार जारी रहेगा।

# घटिया निर्माण के कारण डेढ़ फीट के गहरे गड्ढे

**छतरपुर ।** छतरपुर नगर पालिका परिषद एवं नगर पालिका अध्यक्ष एवं नगर पालिका के ठेकेदार एवं नेताओं का भ्रष्टाचार का विकराल रूप आया सामने छतरपुर के एनएच हाईवे जवाहर रोड हाइवे के सड़क कुछ महीने पहले डाली हुई सड़क एक बार के ही पानी में उखड़ कर सड़कों पर हुए डेढ डेढ़ फुट के गहरे गड्ढे कभी भी हो सकता है कोई बड़ा हादसा आखिर छतरपुर की इन सड़कों मै क्यों हुआ इतना भ्रष्टाचार घटिया निर्माण कार्य में किस किस का कितना हुआ था कमीशन सेट छतरपुर जिला कलेक्टर को लेना चाहिए मामले को संज्ञान और घटिया निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदार एवं इसमें लिप्त अधिकारियों के ऊपर कार्यवाही होनी चाहिए।

# 35 वर्षों का टूटा रिकॉर्ड, दो दिन में ही हुई 22 इंच बारिश

## जिले के कई विकासखंडों ने औसत आंकड़े को छुआ

**जागरण, छतरपुर ।** इस वर्ष बारिश का क्रम लगातार चल रहा है। पिछले दो दिनों से लगातार हो रही बारिश ने करीब 30 से 35 वर्ष का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। छतरपुर में सिर्फ दो दिनों की बारिश में 22 इंच से अधिक आंकड़ा पहुंच गया था। 1 जून से 18 जुलाई तक हुई बारिश के आंकड़ों के मुताबिक छतरपुर औसत आंकड़े तक पहुंच गया। जिले की औसत बारिश 42.3 इंच है। शुक्रवार को जो आंकड़े मिले उनके मुताबिक बिजावर 44.9, बड़ामलहरा 42 इंच बारिश तक पहुंच गया। अन्य आंकड़ों में नौगांव 36.5 इंच, गौरिहार 33.8 इंच, राजनगर 29.6 इंच, बकस्वाहा 24.4 इंच और लवकुशनगर में बारिश का आंकड़ा 22.9 इंच है। जिले भर के जलस्रोत लबालब भर चुके हैं। कई जगह तो खेत जलमग्न हो गए। जो लोग जलस्रोतों के पास घर बनाकर रह रहे थे उनके घरों में भी पानी घुस गया है। पिछले साल बकस्वाहा और राजनगर को छोड़कर अन्य जनपद मुख्यालयों के मिले आंकड़े 10 इंच के करीब रहे।



### मूसलाधार बारिश ने मचाया हाहाकार

गुरुवार की रात को हुई मूसलाधार बारिश ने जिले में हाहाकार मचा दिया। नदियों का पानी सड़कों में भर गया तो वहीं पुल-पुलियां टूटने से आवागमन प्रभावित हुआ। लगभग 20 घंटे तक बारिश का दौर चलने से कालापानी में पुलिया टूट गई, साथ ही आसपास रहने वाले लोगों के घरों में पानी घुस गया। कई स्थानों पर बिजली के खंभे टूटने के भी समाचार हैं। स्थानीय प्रताप सागर तालाब के चौपाटी क्षेत्र में सभी सीढ़ियां पानी में डूब गईं। यहां आए लोगों का कहना है कि करीब 35 वर्ष पहले ऐसी स्थिति देखने को मिली थी। तब से यह दूसरा अवसर है जब जुलाई में ही पूरा तालाब भर गया है। उधर गौरिहार और खड्डी के बीच से निकली नदी का पानी रपटा के ऊपर था जिससे आवागमन ठप हो गया।

# मौसम विभाग ने कहा-अब 30 जुलाई तक साफ रहेगा मौसम

**छतरपुर ।** मौसम विभाग का कहना है कि करीब तीन दशक के बाद ऐसा संयोग बना कि बंगाल की खाड़ी और अरब सागर की खाड़ी में बने सर्कुलेशन बुंदेलखंड में मिल गए। दोनों ओर से बादल बारिश लेकर आए इसलिए यहां इतनी जोरदार बारिश हुई है। मौसम विभाग के आरएस परिहार ने बताया कि अब यह सर्कुलेशन ग्वालियर क्षेत्र की ओर निकल गया है। जो संदेश मिल रहे हैं उनके मुताबिक 30 जुलाई तक मौसम साफ रहेगा। हालांकि लोकल डिस्टर्बेन्स होने से हल्की बारिश के आसार बने रहेंगे। नौगांव में 24 घंटे में 5-8 इंच बारिश, उर्मिल डैम के 7 गेट खोले गए। नौगांव क्षेत्र में बीती रात 5 से 8 इंच बारिश हुई, जिसके बाद उर्मिल नदी पर बना उर्मिल डैम लबालब हो गया। हालात ऐसे थे कि रात को डैम के 7 गेट खोलने पड़े। मध्य प्रदेश-उत्तर प्रदेश सीमा पर बढ़ते जलस्तर को देखते हुए महोबा कलेक्टर गजल भारद्वाज ने सिंचाई विभाग के कर्मचारियों के साथ डैम का निरीक्षण किया और गेट खोलने के निर्देश दिए। इससे मध्य प्रदेश के सिंहपुर बहराइच डैम पर भी दबाव बढ़ा, जिसके गेट खोलने की तैयारी के लिए नौगांव एसडीएम ने निरीक्षण किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि जुलाई में पहली बार डैम इतनी जल्दी भरा, जिसे देखने के लिए भारी भीड़ उमड़ रही है। वहीं डैम से पानी छोड़े जाने के बाद महाराजपुर तहसील के गणेशपुर, गरा सहित कई गांवों में जलभराव की स्थिति है। नौगांव शहर का बड़ा और छोटा तालाब ओवरफ्लो हो गया है। दौरिया गांव में तालाब के किनारे बसे 200-300 मकानों में पानी घुस गया है। तालाब के पास बिजली की डीपी पानी में डूबने से करंट का खतरा बढ़ गया है। नौगांव एसडीएम और जनपद सीईओ ने बताया कि नाले को अवरुद्ध करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए पुलिस को निर्देश दिए गए हैं। एसडीएम जीएस पटेल, तहसीलदार पीयूष दीक्षित और विभागीय अमला मौजूद रहा ।

# सिलेण्डर चोर गिरोह, टीवी व अल्टो कार सहित लगभग 13 लाख का मशरूका बरामद

**जागरण, मंडला ।** स्कूलों में हो रही चोरियों का मंडला पुलिस द्वारा खुलासा 05 आरोपी गिरफ्तार32 गैस सिलेंडर, 07 टेलीविज़न, 03 प्रिंटर, 23 बैटरियाँ, 01 कंप्यूटर-सीपीयू (की-बोर्ड सहित), 01 इंडक्शन चूल्हा व कार सहित लगभग 13 लाख का मशरूका जप्त स्कूलों में चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, 5 आरोपी गिरफ्तार स्कूलों को निशाना बनाकर गैस सिलेंडर, टीवी, बैटरियाँ, प्रिंटर, कंप्यूटर आदि सामग्री चोरी किए जाने की सूचनाएं प्राप्त हो रही थीं। अज्ञात आरोपियों द्वारा सुनसान और ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों को चिन्हित कर इन वारदातों को अंजाम दिया जा रहा था।उक्त प्रकरणों के शीघ्र खुलासे एवं आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विभिन्न थाना एवं चौकी क्षेत्रों में अलग-अलग टीमों का गठन किया गया था। टीमें लगातार संदिग्धों की पतासाजी एवं सूचनाओं के आधार पर कार्य कर रही थीं। जांच के दौरान पुलिस टीम को आरोपियों के संबंध में महत्वपूर्ण सुराग प्राप्त हुए, जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए एसडीओपी नैनपुर एवं एसडीओपी मंडला के नेतृत्व में गठित टीम जिसमें चौकी प्रभारी टाटरी, थाना प्रभारी महाराजपुर, थाना कोतवाली मंडला की टीम शामिल रहे द्वारा कार्यवाही कर घटना को अंजाम देने वाले 05 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में खुलासा आरोपियों ने अब तक की पूछताछ में मंडला जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कुल 19 चोरी की वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया है। चौकी टाटरी, थाना बम्हनी बंजर व चौकी अंजनीया के 01-01 प्रकरण, थाना कोतवाली मंडला के 02 प्रकरण थाना महाराजपुर 11 प्रकरण, चौकी पिंडरई के 03 प्रकरण शामिल है।वारदात का तरीका – आरोपियों द्वारा कार से भ्रमण करते हुए सुनसान स्कूल भवनों को चिन्हित कर चोरी की वारदातों को अंजाम दिया जाता एवं चोरी की गई सामग्री में घरेलू गैस सिलेंडर प्रमुखता से शामिल थे, जिन्हें गैस हॉकर्स को अवैध रूप से बेचा जाता था। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को भी औने-पौने दामों में बाजार में खपाया जाता था। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के निशानदेही पर गैस हॉकर्स से चोरी किया गया गैस सिलेन्डर, इलेक्ट्रिक कार्य करने वाले से चोरी का टीव्ही व अन्य सामान एवं आरोपियों द्वारा अलग अलग जगह पर रखा गया सामान जब्त किया गया है। प्रकरण में चोरी का सामान खरीदने व उसे ठिकाने लगाने वाले उक्त दोनों व्यक्तियों को आरोपी बनाया गया है। जप्त सामाग्री पुलिस टीम के द्वारा उक्त मामले में चोरी की गई सामाग्री 32 गैस सिलेंडर, 07 टेलीविज़न, 03 प्रिंटर, 23 बैटरियाँ, 01 कंप्यूटर-सीपीयू (की-बोर्ड सहित), यूपीएस, 01 इंडक्शन चूल्हा, बर्तन एवं घटना में प्रयुक्त अल्टो कार पुलिस टीम द्वारा जब्त किया गया। आरोपियों से जिले एवं अन्य सीमावर्ती जिलों में इस तरह की और भी मामलों की जानकारी प्राप्त की जा रही है।



# कलेक्टर ने किया जिला चिकित्सालय में ऑडियोमेट्री मशीन का शुभारंभ



**जागरण, मंडला ।** कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने शुक्रवार को जिला चिकित्सालय के बाह्य रोगी विभाग के कक्ष क्रमांक 3 में ऑडियोमेट्री मशीन का शुभारंभ किया। श्रवण संबंधी समस्याओं से जूझ रहे मरीजों के लिए इस मशीन को आईडीबीआई बैंक द्वारा सीएसआर मद से जिला चिकित्सालय को उपलब्ध कराया गया है। सिविल सर्जन डॉ. विजय धुर्वे ने बताया कि ऑडियोमेट्री मशीन के अभाव में श्रवण बाधित दिव्यांगों को दिव्यांग प्रमाण पत्र प्रदान करने में कठिनाई होती थी। अब प्रत्येक मंगलवार को श्रवण बाधित मरीजों की जाँच के लिए इस मशीन का उपयोग किया जायेगा एवं उन्हें प्रमाण पत्र देने में आसानी होगी। शुभारंभ के दौरान आईडीबीआई बैंक मंडला के प्रबंधक विनोद पिल्लई, सहायक प्रबंधक बसंत सिरोडकर रोटेरियन संजय तिवारी, डॉ. श्रीनाथ सिंह, डॉ. प्रवीण उइके, जिला चिकित्सालय के सहायक प्रबंधक अजय सैयाम सहित जिला चिकित्सालय का स्टॉफ उपस्थित रहा।

# हिट एंड रन मामलों का प्राथमिकता से करें निराकरण

## कलेक्टर ने हिट एंड रन के 4 प्रकरणों में 2-2 लाख रुपए की राशि की स्वीकृत



**जागरण, छतरपुर।** छतरपुर कलेक्टर एवं दावा निपटान आयुक्त पार्थ जैसवाल ने हिट एंड रन मामले में मोटरयान दुर्घटना के 4 अलग अलग प्रकरणों में 2-2 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की है। जिला प्रशासन द्वारा प्रमुखता से हिट एंड रन दुर्घनाओं में संवेदनशीलता दिखाते हुए प्रकरणों के निराकरण प्राथमिकता से किया जा रहा है और मृतक के वैध वारिस को मिलने वाली प्रतिकर की राशि स्वीकृत की जा रही है। एक दुर्घटना जो इमलिया चौराहा बाजना बिजावर मार्ग बिजावर जिला छतरपुर पर 30 मई 2023 को हुई थी, के परिणाम स्वरूप सुरेन्द्र यादव तनय स्व. फुन्दी यादव निवासी ग्राम शहपुरा तहसील बक्स्वाहा की मृत्यु होने पर मृतक के विधिक प्रतिनिधि के रूप में मृतक की मां रूपरानी यादव पत्नि स्व. फुन्दी यादव को प्रतिकर के रूप में राशि 2 लाख रूपए की राशि स्वीकृत की है। दूसरी दुर्घटना जो जटाशंकर रोड कोल्हूपुरा के आंगे बिजावर पर 20 अगस्त 2023 को हुई थी, के परिणाम स्वरूप घसिया उर्फ घासीराम अहिरवार पिता घमण्डी अहिरवार निवासी ग्राम बनगांय तहसील एवं जिला छतरपुर की मृत्यु होने पर मृतक के विधिक प्रतिनिधि के रूप में मृतक का पुत्र गोरेलाल अहिरवार पिता स्व. घसिया उर्फ घासीराम अहिरवार को प्रतिकर के रूप में राशि 2 लाख रुपए मंजूर की गई है। तीसरी चंदेला होटल के सामने खजुराहो जिला छतरपुर पर 28 दिसम्बर 2022 को हुई थी, के परिणाम स्वरूप शुभम उर्फ शिवम रजक तनय मुन्नीलाल रजक निवासी खजुराहो की मृत्यु होने पर मृतक के विधिक प्रतिनिधि के रूप में मृतक के पिता मुन्नीलाल रजक निवासी बार्ड नं 14 पुरानी बस्ती घटाई मंदिर के पास खजुराहो जिला छतरपुर को प्रतिकर के रूप में राशि 2 दो लाख रुपए की राशि मंजूर की है। चौथी दुर्घटना जो चंदेला होटल के सामने खजुराहो पर 28 दिसम्बर 2022 को हुई थी, के परिणाम स्वरूप भागराज उर्फ भागचन्द्र पाल तनय बिहारीलाल पाल निवासी खजुराहो की मृत्यु होने पर मृतक के विधिक प्रतिनिधि के रूप में मृतक के पिता बिहारीलाल पाल निवासीं बार्ड नं 8 पुरानी बस्ती खजुराहो जिला छतरपुर को प्रतिकर के रूप में राशि 2 दो लाख रुपए की राशि मंजूर की है।

# एसडीएम बजाग द्वारा राजस्व निरीक्षक एवं पटवारियों की समीक्षा बैठक आयोजित



**डिंडोरी ।** शुक्रवार को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बजाग श्री रामबाबू देवांगन ने तहसील कार्यालय बजाग में राजस्व निरीक्षक एवं पटवारियों की बैठक आयोजित की गई।बैठक में फार्मर आईडी, भू-राजस्व वसूली, डायवर्शन, सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत स्वयं पंजीयन एवं सीमांकन कार्य की समीक्षा की गई। एसडीएम बजाग ने सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि लंबित कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किया जाए। साथ ही आमजन से संबंधित कार्यों में गंभीरता और पारदर्शिता बरतने के भी निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान संबंधितों को निर्देश देते हुए भविष्य में लापरवाही पाए जाने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की चेतावनी दी गई है। बैठक में बजाग तहसील के समस्त राजस्व निरीक्षक, पटवारी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# नशा मुक्ति अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन

**मंडला ।** राष्ट्रीय सेवा योजना शासकीय महाविद्यालय अंजनिया एवं पुलिस चौकी अंजनिया के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. नवीन कुमार हरदहा ने छात्र-छात्राओं को नशे से दूरी बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। चौकी प्रभारी श्री प्रवीण शर्मा ने नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया और बताया कि नशे की शुरुआत किस तरह से होती है ? उक्त कार्यक्रम में श्री मनोज सिंह, कीर्ति कुमार नागपुरे, श्री मनोज पटेल, डॉ. घनश्याम प्रसाद झारिया, डॉ. विजय मौर्य, डॉ. प्रशांत कुमार यादव, डॉ. गरिमा छाबड़ा, श्री संदीप चौरसिया, श्री संतोष नंदा एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।


## भारत सरकार
## महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
## सूचना

यह आम जनता की जानकारी के लिए है कि प्रधान मंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल (https://awards.gov.in) पर 01.04.2025 से शुरू हो चुकी है। यह पुरस्कार उन बच्चों को दिया जाता है जो बहादुरी, सामाजिक सेवा, पर्यावरण, खेल, कला और संस्कृति तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता के योग्य हैं।

5 वर्ष से अधिक और 18 वर्ष से कम आयु का कोई भी बच्चा (31 जुलाई, 2025 तक), जो भारतीय नागरिक है और भारत में रहता है, पुरस्कार के लिए पात्र है।

किसी भी नागरिक से खुले नामांकन केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल (https://awards.gov.in) के माध्यम से प्राप्त किए जाएंगे। पुरस्कारों के लिए स्व-नामांकन और सिफारिशों, दोनों पर विचार किया जाएगा बशर्ते वे ऑनलाइन किए गए हों। ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 15.08.2025 है। अधिक जानकारी के लिए, कृपया राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल (https://awards.gov.in) देखें।

cbc46101/11/0014/2526



## भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान भोपाल
संस्थान निर्माण विभाग, भोपाल बायपास रोड, भौरी, भोपाल-462 066
**Indian Institute of Science Education and Research Bhopal**
Institute Works Department, Bhopal Bypass Road, Bhauri, Bhopal-462 066

### ई-निविदा आमंत्रण सूचना

अधीक्षण अभियंता, संस्थान निर्माण विभाग, आई.आई.एस.ई.आर. भोपाल, द्वारा बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए दो लिफाफा पद्धति में योग्य श्रेणी के सीपीडब्ल्यूडी सूचीबद्ध ठेकेदारों और अन्य योग्य फर्मो /प्रतिष्ठित ठेकेदारों से ऑनलाइन प्रतिशत दर निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र.सं. | निविदा क्रमांक तथा दिनांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आई.डब्ल्यू.डी./अ.अ./एनआईटी /2025-26/39 दिनांक 16.07.2025 | वर्ष 2025-28 के लिए आईआईएसईआर भोपाल में विभिन्न भवनों में स्थापित जॉनसन मेक लिफ्टों का पूर्ण व्यापक वार्षिक रखरखाव और आवधिक / निवारक रखरखाव | ₹ 1,13,37,050 | ₹ 2,26,741 | 36 माह |
| 2. | आई.डब्ल्यू.डी./अ.अ./एनआईटी /2025-26/40 दिनांक 16.07.2025 | आईआईएसईआर भोपाल के ए.बी.-1सी एवं मुख्य भवन में स्थापित वी.आर.वी. / वी.आर.एफ. ए.सी. प्रणालियों के लिए वर्ष 2025-2028 तक की समग्र वार्षिक अनुरक्षण सेवा। | ₹ 52,27,320 | ₹ 1,04,547 | 36 माह |
| 3. | आई.डब्ल्यू.डी./अ.अ./एनआईटी /2025-26/41 दिनांक 16.07.2025 | वर्ष 2025-26 के लिए आईआईएसईआर भोपाल के विभिन्न भवन में स्थापित आर.ओ. आधारित पेयजल संयंत्रों और वाटर कूलरों का व्यापक रखरखाव। | ₹ 15,26,019 | ₹ 30,521 | 12 माह |
| 4. | आई.डब्ल्यू.डी./अ.अ./एनआईटी /2025-26/42 दिनांक 16.07.2025 | वर्ष 2025-26 के लिए आईआईएसईआर भोपाल के परिसर में स्थापित स्प्लिट / टॉवर / कैसेट प्रकार के एयर कंडीशनर का वार्षिक व्यापक रखरखाव। | ₹ 11,27,929 | ₹ 22,559 | 12 माह |
| 5. | आई.डब्ल्यू.डी./अ.अ./एनआईटी /2025-26/43 दिनांक 16.07.2025 | आईआईएसईआर भोपाल के ई.एस.एस. - 2ए में 500 केवीए के 2 नग डीजल जनरेटर सेटों की स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग। | ₹ 6,01,795 | ₹ 12,036 | 02 माह |
| 6. | आई.डब्ल्यू.डी./अ.अ./एनआईटी /2025-26/44 दिनांक 16.07.2025 | आईआईएसईआर भोपाल के मुख्य द्वार परिसर के निकट पहाड़ी क्षेत्र में विकास कार्य। | ₹ 99,62,381 | ₹ 1,99,248 | 04 माह |

निविदा प्रपत्र एवं आवेदन की अन्य जानकारी हेतु वेबसाइट www.eprocure.gov.in/eprocure/app देखें। निविदा सूचना संस्थान की वेबसाइट www.iiserb.ac.in तथा वेबसाइट www.eprocure.gov.in पर भी उपलब्ध है।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## टेस्ला आ तो गयी पर करना पड़ेगा चुनौतियों का सामना

मस्क की कंपनी की लग्जरी कार टेस्ला का भारत आना आलोचकों की नजर में मध्यवर्गीय परिवारों का उपहास है, क्योंकि इस वर्ग की आर्थिक हैसियत इतनी नहीं है कि वह टेस्ला की महंगी गाड़ियों के बारे में सोच भी सके, जबकि भारतीय बाजार इन्हीं लोगों के भरोसे आगे बढ़ रहा है। मगर ऐसे आलोचक शायद भूल जाते हैं कि किसी विदेशी कंपनी के आने से किस-किस तरह के लाभ मिलते हैं। निस्संदेह, एलन मस्क ने महंगी गाड़ी उतारी है, लेकिन इससे भारत को कई तरह से परोक्ष फायदा हो सकता है, खासतौर से ऑटो पार्ट्स बनाने वाली कंपनियों को इससे खूब फायदा मिल सकता है।

मिसाल के तौर पर, टेस्ला के रियर व्यू मिरर, गियर्स, चार्जर, ब्रेक के पार्ट, सेंसर्स आदि तमाम उपकरण दूसरी कंपनियां बनाती हैं। ऐसे में, टेस्ला के आने से इन कंपनियों को फायदा मिल सकता है। इलेक्ट्रिक गाड़ियों के विस्तार से चार्जिंग स्टेशन, बैटरी रिपेयरिंग, मेंटनेंस जैसे कामों में ग्रामीण नौजवानों के लिए रोजगार के नए रास्ते खुल सकते हैं। कुल मिलाकर, टेस्ला जैसी गाड़ियां भारत को कई मायने में लाभ पहुंचा सकती हैं, इसलिए सिर्फ इनकी कीमतों को देखना, इसका एकांगी मूल्यांकन करना होगा।

सच यह भी है कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऑटो बाजार है। यहां इलेक्ट्रिक गाड़ियों का बाजार भी तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में, यदि टेस्ला जैसी कंपनियां यहां आती हैं, तो विश्व मंच पर भारत को फायदा मिलेगा। इसके बाद अन्य बहुराष्ट्रीय कंपनियां भी भारतीय बाजार में उतर सकती हैं, जिससे यहां प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा।

आंकड़े बताते हैं कि भारत में अमीरों की संख्या बढ़ना भले ही बाजारवाद की दृष्टि से गर्व करने वाली बात हो,

> **आखिरकार टेस्ला के कदम भारत में पड़ ही गए। भारत में अमीरों की संख्या बढ़ना भले ही बाजारवाद की दृष्टि से गर्व करने वाली बात हो, पर देश की एक बड़ी आबादी आज भी सरकार पर निर्भर है। ऐसे में, स्वाभाविक ही टेस्ला को कई चुनौतियों से जूझना होगा।**

पर हकीकत यही है कि हमारे देश की एक बड़ी आबादी आज भी सरकार पर निर्भर है। ऐसे में, स्वाभाविक ही टेस्ला को कई चुनौतियों से जूझना होगा। एलन मस्कके लिए भारत के ऑटो बाजार में उतरना शायद ही फायदेमंद हो सकेगा।

असल में, भारतीय बाजार की रीढ़ मध्यमवर्गीय लोग हैं। ये वे लोग हैं, जिनकी सालाना आमदनी पांच लाख रुपये से लेकर 20 लाख रुपये तक है। अधिक कमाने वाले लोग बेशक महंगी गाड़ियों का शौक रखते होंगे, लेकिन अधिकतर लोगों की पसंद सस्ती और टिकाऊ गाड़ियां होती हैं। इसके विपरीत, एलन मस्क की टेस्ला कार अत्याधुनिक तकनीक से लैस है, जिसके कारण इसकी शुरुआती कीमत 60 लाख रुपये रखी गई है। भारतीय सड़कों पर इतनी महंगी गाड़ियां गिनी-चुनी ही दिखती हैं। फिर, यहां तकनीक को कितने लोग आत्मसात कर पाए हैं? फिलहाल, एलन मस्क का भारतीय बाजार में अपनी बहुप्रतीक्षित टेस्ला कार बेचने का सपना देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में पूरा हुआ है। यदि उनको भारतीय ऑटो क्षेत्र में नेतृत्व करना है, तो मध्यवर्गीय लोगों की जरूरतों को देखकर कारें बनानी होंगी। मस्क को भारतीय उपभोक्ताओं की मानसिकता को समझकर ही आगे कदम बढ़ाना चाहिए।

# भारत-अमेरिका की प्राथमिकताओं के मुद्दे पर अटका समझौता

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार

**के. के. झा**

9 जुलाई 2025 तक जिस भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद थी, वह अब भी अधर में लटका है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से टैरिफ़ लगाने की तय की गई नौ जुलाई की अंतिम तारीख़ को आगे बढ़ाकर अब एक अगस्त कर दिया गया है। यह सिर्फ एक समझौता नहीं, बल्कि दोनों लोकतंत्रों की नीतियों, प्राथमिकताओं और प्रतिबद्धताओं की परीक्षा है। भारत की ओर से सबसे बड़ा अड़ंगा कृषि, विशेषकर डेयरी क्षेत्र है, जिससे 8 करोड़ से अधिक छोटे किसान जुड़े हैं। अमेरिकी डेयरी उत्पादों के लिए बाज़ार खोलना इनकी आजीविका के लिए संकट पैदा कर सकता है। दूसरी ओर, अमेरिका चाहता है कि भारत अपने बाज़ार को कृषि उत्पादों, वाहनों और शराब के लिए खोले। भारत का मेक इन इंडिया अभियान इन मांगों को पूरी तरह स्वीकारने से रोकता है। उद्योग क्षेत्र में स्टील और ऑटो पार्ट्स को लेकर भी विवाद है। व्यापार समझौते में हो रही यह देरी दर्शाती है कि दोनों देश अपने-अपने हितों की रक्षा करते हुए साझेदारी को आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। यह व्यापार समझौता सिर्फ आँकड़ों या सामान की अदला-बदली का मामला नहीं है-यह समझदारी, सम्मान और दूरदर्शिता से जुड़े निर्णयों का विषय है। इसके साथ ही भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता जारी है। दोनों की ओर से एक अंतरिम ट्रेड डील की उम्मीद की जा रही है जिसकी घोषणा जल्द हो सकती है।



> **बहुप्रतीक्षित भारत-अमेरिका व्यापार समझौता अब भी अधर में लटका है। यह देरी दर्शाती है कि दोनों देश अपने-अपने हितों की रक्षा करते हुए साझेदारी को आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। भारत की ओर से सबसे बड़ा अड़ंगा कृषि, विशेषकर डेयरी क्षेत्र है, जिससे 8 करोड़ से अधिक छोटे किसान जुड़े हैं। भारत का मेक इन इंडिया अभियान इन मांगों को पूरी तरह स्वीकारने से रोकता है।**

### अमेरिका का जोर डेयरी पर

हालांकि अमेरिका लगातार कृषि और डेयरी प्रोडक्ट के लिए भारतीय बाज़ार खोले जाने की मांग कर रहा है लेकिन भारत ने कृषि और डेयरी क्षेत्र की सुरक्षा के लिए न झुकने का संकेत दिया है। भारत सरकार ने 'नॉन-वेज मिल्क' पर सांस्कृतिक चिंताओं का हवाला देते हुए अमेरिकी डेयरी उत्पादों के आयात की इजाज़त देने से इनकार कर दिया है। इस समझौते से दोनों देशों के बीच साल 2030 तक व्यापार 500 अरब डॉलर तक पहुंचने की संभावना है। भारत अमेरिकी डेयरी प्रोडक्ट के लिए कड़े नियम लागू करना चाहता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आयातित दूध ऐसी गायों के हों जिन्हें जानवरों के मांस या खून वाला चारा न खिलाया जाता हो। डेयरी को लेकर भारत ने रक्षात्मक रुख़ अपनाया है क्योंकि यह क्षेत्र देश में करोड़ों लोगों को आजीविका मुहैया कराता है, जिनमें अधिकांश छोटे किसान हैं। हालांकि, अमेरिका ने इसे ग़ैर ज़रूरी व्यापारिक बाधाएं (ट्रेड बैरियर्स) कहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर बातचीत विफल हो जाती है, तो इसकी कम संभावना है कि ट्रंप भारत पर 26 फीसद टैरिफ़ दर को फिर से लागू करेंगे। दरअसल अमेरिका भारत के साथ अपने तक़रीबन 45 अरब डॉलर के व्यापार घाटे को कम करने के लिए कृषि और डेयरी निर्यात के लिए दरवाजे खोले जाने की मांग कर रहा है। हालांकि ट्रंप प्रशासन की ओर से 23 देशों को चिट्ठी भेजी गई है और टैरिफ़ की समयसीमा एक अगस्त तक के लिए बढ़ा दी गई है।

### कृषि बना गतिरोध का केंद्र बिंदु

इस समझौते में सबसे बड़ा रोड़ा बना है कृषि, खासकर भारत का डेयरी क्षेत्र। देश के 8 करोड़ से अधिक छोटे किसान दुग्ध व्यवसाय पर निर्भर हैं। अगर अमेरिका को भारत के डेयरी बाज़ार में प्रवेश मिल गया, तो यह किसानों की आजीविका के लिए बड़ा संकट बन सकता है। भारत का यह विरोध सिर्फ नीति का मामला नहीं है- यह ग्रामीण भारत की सामाजिक-आर्थिक सुरक्षा से जुड़ा सवाल है। वहीं, अमेरिका भारत में अपने डेयरी, मक्का, सोयाबीन और शराब उत्पादों के लिए बाजार चाहता है। लेकिन अमेरिका भारत की कृषि संरचना और उसकी संवेदनशीलता को अक्सर सही तरीके से नहीं समझ पाता। भारत की खेती एक जीविका है, व्यापार नहीं।

### स्टील और ऑटोमोबाइल पर पेंच

कृषि के बाद अगला बड़ा मुद्दा है औद्योगिक वस्तुओं का व्यापार- जैसे स्टील और ऑटोमोबाइल पार्ट्स। अमेरिका ने भारतीय स्टील पर ऊंचे टैरिफ (शुल्क) लगा रखे हैं, यह कहते हुए कि भारत सस्ते दामों पर माल भेजता है। भारत चाहता है कि ये शुल्क घटाए जाएं और साथ ही वह अमेरिका से आयातित वाहनों पर अपने शुल्क बनाए रखना चाहता है, ताकि 'मेक इन इंडिया' पहल को बल मिले। सबसे बड़ी चिंता यह है कि अमेरिका 26 फीसद का प्रतिशोधात्मक शुल्क फिर से लागू कर सकता है, जिसे फिलहाल 10 फीसद पर रोका गया है। अगर यह दर 1 अगस्त से बढ़ती है तो भारत के वस्त्र, चमड़ा और इंजीनियरिंग उत्पादों पर बुरा असर पड़ेगा- ये वे क्षेत्र हैं, जो लाखों लोगों को रोजगार देते हैं। भारत का सुझाव है कि शुल्क 5 फीसद से 10 फीसद के बीच रखा जाए- यह दोनों देशों के लिए संतुलित और व्यावहारिक रहेगा।

### विदेशी निवेश पर भारत की सतर्क रणनीति

भारत में कुछ क्षेत्रों में विदेशी निवेश पर अब भी रोक है—जैसे जुए, तंबाकू, अणु ऊर्जा, और रेलवे। इसके पीछे राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक मूल्यों की चिंता है। रक्षा, मीडिया जैसे खुले क्षेत्रों में भी निवेश पर सीमाएं और सरकारी मंजूरी जरूरी है। भारत विदेशी पूंजी का स्वागत करता है, लेकिन अपने नियमों और शर्तों पर। यह सोच भारत को वैश्विक पूंजी का लाभ तो उठाने देती है, लेकिन नियंत्रण उसके अपने हाथ में रहता है। यह खुलापन और सुरक्षा के बीच एक समझदारी भरा संतुलन है।

### भिन्न ज़रूरतें, समान लक्ष्य

भारत और अमेरिका दोनों अपने-अपने देश के घरेलू दबावों से जूझ रहे हैं। भारत को अपने किसानों और श्रमिकों की रक्षा करनी है, जबकि अमेरिका को अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत दिखाना है और प्रभावशाली व्यापार सौदे करना है। फिर भी उम्मीद बनी हुई है। भारत आज वैश्विक व्यापार का एक भरोसेमंद केंद्र बनता जा रहा है, जो अमेरिका के लिए चीन जैसे विकल्पों से हटकर एक बेहतर साथी बन सकता है। अगर दोनों देश थोड़ा-थोड़ा झुकें, तो समझौता संभव है। अमेरिका अपने शुल्क में थोड़ी राहत दे सकता है, और भारत कुछ ऐसे क्षेत्र खोल सकता है जो उसकी कृषि या आत्मनिर्भरता को नुकसान न पहुँचाएं।

### सही टैरिफ नीति- दोनों के लिए फायदे का सौदा

भारतीय वस्तुओं पर अमेरिका का आयात शुल्क 5 फीसद से 10 फीसद के बीच होना चाहिए। यह दर भारत की प्रतिस्पर्धा बनाए रखेगी और अमेरिका की घरेलू चिंताओं को भी ध्यान में रखेगी। अगर यह शुल्क 20 फीसद से ऊपर गया, तो भारत को भारी नुकसान होगा- निर्यात घटेगा, रोजगार जाएगा और व्यापार का संतुलन बिगड़ेगा। भारत भी कुछ गैर-संवेदनशील क्षेत्रों में अमेरिका को सीमित बाजार पहुंच दे सकता है- बशर्ते इससे उसके किसानों या मुख्य हितों पर असर न हो।

यह व्यापार समझौता केवल आयात-निर्यात की बात नहीं है—यह एक परीक्षा है कि क्या दो लोकतांत्रिक देश आपसी सम्मान और समझ के साथ साझेदारी निभा सकते हैं। समय लगना कोई विफलता नहीं है। यह दिखाता है कि दोनों पक्ष इस समझौते को गंभीरता से लेना चाहते हैं। अगर धैर्य, समझदारी और संतुलन बना रहा तो भारत और अमेरिका ऐसा मॉडल बना सकते हैं, जो बाकी दुनिया के लिए मिसाल बन जाए।

# वायु प्रदूषण से कम वजन और असमय पैदा हो रहे शिशु

ईंधन उत्पादन

**डॉ राहुल शर्मा**

वायु प्रदूषण भारत में एक प्रमुख स्वास्थ्य संकट बना हुआ है, जहां परिवेशीय और घरेलू प्रदूषण का स्तर दुनिया में सबसे अधिक है। यह गर्भवती महिलाओं, भ्रूणों, नवजात शिशुओं और छोटे बच्चों जैसे संवेदनशील समूहों को असमान रूप से प्रभावित करता है। आइआइटी, दिल्ली, अंतरराष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान, मुंबई और ब्रिटेन तथा आयरलैंड के शोधकर्ताओं के अध्ययन ने भी इस बात की पुष्टि की है कि वायु प्रदूषण का असर गर्भस्थ शिशुओं पर पड़ रहा है। वे कम वजन के और असमय पैदा हो रहे हैं। यह अध्ययन वायु प्रदूषण से उपजे गंभीर संकट की ओर इशारा करता है।

गर्भावस्था के दौरान गर्भवती का पीएम2.5, पीएम10, नाइट्रोजन डाइऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड, ओजोन और कार्बन मोनोऑक्साइड जैसे प्रदूषकों के संपर्क में आने पर भ्रूण पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष, दोनों तरह के प्रभाव पड़ सकते हैं। भारतीय शहरों में अक्सर पीएम2.5 का स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानक से कई गुना अधिक दर्ज किया जाता है। ऐसी स्थिति में सांसों के माध्यम से जब गर्भवती के भीतर ये प्रदूषक प्रवेश करते हैं, तब ये उसके पूरे शरीर में सूजन (सिस्टमेटिक इनफ्लेमेशन) और ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस (जब शरीर में मुक्त कणों की संख्या एंटीऑक्सीडेंट से अधिक हो जाती है) पैदा करते हैं, जो गर्भाशय के संकुचन, गर्भाशय ग्रीवा के पकने और झिल्लियों के समय से पूर्व टूटने जैसी स्थितियां उत्पन्न कर सकते हैं।

इससे भ्रूण और नवजात की वृद्धि और विकास प्रभावित हो सकते हैं। इतना ही नहीं, वायु प्रदूषण का प्रसव पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। समय पूर्व जन्म (37 सप्ताह से पहले प्रसव) भारत में नवजात शिशुओं की रुग्णता और मृत्यु दर का एक प्रमुख कारण है। वायु प्रदूषण के चलते प्रतिवर्ष 35 लाख से अधिक बच्चों का जन्म असमय हो जाता है। भारत में हुए कई अध्ययनों ने भी समय पूर्व जन्म का एक कारण वायु प्रदूषण को बताया है।



> **वायु प्रदूषण का असर गर्भस्थ शिशुओं पर पड़ रहा है। वे कम वजन के और असमय पैदा हो रहे हैं। यह अध्ययन वायु प्रदूषण से उपजे गंभीर संकट की ओर इशारा करता है। सांसों के माध्यम से जब गर्भवती के भीतर वायु प्रदूषक प्रवेश करते हैं, तब ये उसके पूरे शरीर में सूजन और ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस पैदा करते हैं, जो गर्भाशय के संकुचन, गर्भाशय ग्रीवा के पकने और झिल्लियों के समय से पूर्व टूटने जैसी स्थितियां उत्पन्न कर सकते हैं।**

जन्म के समय बच्चे के कम वजन का होना भारत में एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या है, जिस कारण लगभग 18 प्रतिशत नवजात (लाइव बर्थ) प्रभावित होते हैं। शहरी क्षेत्रों में अक्सर परिवेशी प्रदूषण के कारण यह दर और भी अधिक होती है। गर्भवती के वायु प्रदूषण (उच्च पीएम2.5) के लगातार संपर्क में रहने से प्लासेंटा के भीतर मौजद ब्लड वेसेल्स का विकास और संचरना (प्लासेंटल वैस्कुलराइजेशन) तथा पोषक तत्वों की आपूर्ति बाधित होती है, जिससे गर्भ में पल रहे शिशु की वृद्धि अपेक्षित दर से नहीं हो पाती है। भारत में मृत जन्म (स्टिलबर्थ (बीस सप्ताह के बाद भ्रूण की मृत्यु हो जाना)) की दर उच्च आय वाले देशों की तुलना में ऊंची बनी हुई है। इसके लिए भी वायु प्रदूषण को एक महत्वपूर्ण जोखिम कारक माना जा रहा है।

मिलियन डेथ स्टडी के एक अध्ययन में अनुमान लगाया गया है कि वायु प्रदूषण के कारण भारत में प्रतिवर्ष 25,000 से अधिक स्टिलबर्थ होते हैं। वायु प्रदूषण का नवजात और शिशु के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। भारत में समय पूर्व जन्मे और कम वजन वाले शिशु गंभीर स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना करते हैं। ऐसे बच्चों को अक्सर श्वसन संकट, हाइपोथर्मिया, हाइपोग्लाइसीमिया और सेप्सिस जैसी परेशानी से दो-चार होना पड़ता है। भारतीय बाल रोग अकादमी की रिपोर्ट के अनुसार, वायु प्रदूषण के कारण समय पूर्व जन्मे शिशुओं को सामान्य शिशुओं की तुलना में दो से तीन गुना अधिक रेस्पिरेटरी सपोर्ट की आवश्यकता होती है। इतना ही नहीं, प्रसव के बाद शिशुओं के अपने आसपास मौजूद उच्च प्रदूषण के संपर्क में आने से ब्रोंकियोलाइटिस, निमोनिया और अस्पताल में भर्ती होने का खतरा बढ़ जाता है। विदित हो कि वायु प्रदूषण भारत में बचपन में निमोनिया से होने वाली मौतों के शीर्ष तीन जोखिम कारकों में से एक है।

डब्ल्यूएचओ के अनुसार, भारत में पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में से लगभग 12 प्रतिशत की मृत्यु वायु प्रदूषण के संपर्क में आने से होती हैं, जो अक्सर निमोनिया या जन्म संबंधी जटिलताओं के कारण होती है। वर्ष 2019 में वायु प्रदूषण के कारण भारत में पांच वर्ष से कम उम्र के अनुमानतः 1,16,000 बच्चों की मृत्यु हुई थी। बच्चे के जन्म के बाद भी कुछ समय तक उसके फेफड़ों का विकास जारी रहता है। परंतु भारतीय शहरों में उच्च पीएम स्तर के लगातार संपर्क में रहने से फेफड़े की कार्यक्षमता कम हो सकती है, जो अस्थमा, क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज और शारीरिक क्षमता में कमी जैसे खतरे को बढ़ाती है।

जन्म पूर्व पीएम2.5 के संपर्क में आने से बच्चों के तंत्रिका तंत्र के विकास पर भी प्रभाव पड़ता है, जिससे उनकी व्यवहार संबंधी समस्या भी होती है। असमय या कम वजन के साथ जन्मे शिशुओं के बड़े होने पर हृदय रोग, मधुमेह, मोटापा, सीखने और ध्यान संबंधी समस्याओं, और चिंता व अवसाद जैसी चुनौतियों से घिरने का खतरा बढ़ जाता है। वायु प्रदूषण के इन गंभीर परिणामों को देखते हुए गर्भवती महिलाओं और बच्चों को वायु प्रदूषण से बचाना सार्वजनिक स्वास्थ्य की प्राथमिकता होनी चाहिए।

प्रसंगवश

## अभिव्यक्ति की आजादी के प्रयोग में संयम जरूरी

कथित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एंटी सोशल अभिव्यक्ति के चलते उपजी विभाजनकारी प्रवृत्तियों पर अंकुश की जरूरत बताते हुए देश की शीर्ष अदालत ने आत्म-नियमन की जरूरत बतायी है। दरअसल, जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस के.वी. विश्वनाथन की पीठ, एक व्यक्ति द्वारा दायर याचिका पर विचार कर रही थी, जिस पर धर्म विशेष के देवी-देवताओं के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट के चलते कई राज्यों में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। अदालत का कहना था कि नागरिकों को अभिव्यक्ति की आजादी के अधिकार का मूल्य समझना चाहिए। साथ ही इस अधिकार का इस्तेमाल करते हुए आत्म-संयम बरतना चाहिए। कोर्ट को कहना पड़ा कि वह नियमन के लिये दिशा-निर्देश जारी करने पर विचार कर रही है। दरअसल, अदालत का मानना था कि संविधान के अनुच्छेद 19(2) के तहत मिली आजादी असीमित कदापि नहीं है। अदालत ने सोशल मीडिया पर बढ़ती आपत्तिजनक सामग्री पर चिंता जाहिर की और इस पर अंकुश लगाने के लिए न्यायिक आदेश पारित करने की जरूरत पर जोर दिया।

किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में अभिव्यक्ति की आजादी एक जीवन-तत्व के रूप में काम करती है। यह एक प्रगतिशील सोच वाले समाज की परिपक्वता की भी पहचान है कि वह किसी के विचार पर गौर करे और चाहे तो अनदेखी करे। विडंबना यह है कि कई बार अभिव्यक्ति को सवालों के घेरे में आते देखा जाता है, तो कभी उसे सीमित करने की भी कोशिश की जाती है। ये दोनों स्थितियां लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप नहीं हैं। ऐसे में यह सुनिश्चित करना एक बड़ी चुनौती है कि एक ओर अधिकार के रूप में अभिव्यक्ति को बाधित नहीं किया जाए, तो दूसरी ओर इसकी गरिमा को बनाए रखने की कोशिश की जाए।

गौरतलब है कि सर्वोच्च न्यायालय ने सोशल मीडिया के एक मंच पर कथित आपत्तिजनक व्यंग्य-चित्र लगाने के संदर्भ में कार्टून बनाने वाले को दंडात्मक कार्रवाई से संरक्षण प्रदान किया। हालांकि अदालत ने सोशल मीडिया पर बढ़ती आपत्तिजनक सामग्री पर चिंता जाहिर की।

> **अभिव्यक्ति की आजादी के अधिकार का मूल्य समझना चाहिए। इस अधिकार का इस्तेमाल करते हुए आत्म-संयम बरतना चाहिए। सोशल मीडिया पर अंकुश नहीं लगता तो सरकार को हस्तक्षेप करने का मौका मिलता है।**

पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया पर लापरवाही बरतने की होड़-सी देखी जा रही है, उसमें सुप्रीम कोर्ट की चिंता वाजिब हो सकती है। कई राज्यों में स्वतंत्र अभिव्यक्ति के नियमन को लेकर सरकारी कार्रवाई को लेकर भी सवाल उठते रहे हैं। कई जगह विचारों की अभिव्यक्ति व कार्टून आदि बनाने को राजनीतिक दुराग्रह बताते हुए लोगों को गिरफ्तार तक किया गया है। कहा जाता रहा है कि अभिव्यक्ति की आजादी द्वारा किसी मर्यादा को भंग करना घटिया या आपत्तिजनक तो हो सकता है लेकिन इसे अपराध की श्रेणी में नहीं रखा जाना चाहिए। इसे कानून के आलोक में देखा जाना चाहिए। लोगों का कसूर यह है कि दल विशेष के एजेंडे वाली सामग्री को वे बिना पढ़े, दूसरे लोगों व समूहों में शेयर कर देते हैं।

दरअसल, आम नागरिकों को प्रशिक्षित किया जाना चाहिए कि सोशल मीडिया पर उनका संयमित व्यवहार कैसा होना चाहिए। इस तरह की सामग्रियों को हतोत्साहित करने के लिए नियमन पर विचार किया जा सकता है। मगर सवाल है कि यह परिभाषित कौन और किस आधार पर करेगा कि कोई अभिव्यक्ति आपत्तिजनक है या नहीं! सत्य और तथ्य को उजागर करने को सरकारें अपनी सुविधा के मुताबिक देखना शुरू न करें, क्योंकि इससे सबसे ज्यादा नुकसान अभिव्यक्ति के अधिकार और लोकतांत्रिक मूल्यों को होगा।

॥गीता॥



**श्लोक**

**तस्मान्नार्हा वयं हन्तुं धार्तराष्ट्रान्स्वबान्धवान्‌।**
**स्वजनं हि कथं हत्वा सुखिनः स्याम माधव॥**

**भावार्थ**


हे माधव! अपने ही बान्धव धृतराष्ट्र के पुत्रों को मारने के लिए हम योग्य नहीं हैं क्योंकि अपने ही कुटुम्ब को मारकर कैसे सुखी होंगे

जीवन दर्शन

## आजादी वह जो हमारे कामों को नई दिशा दे

आजादी कोई ऐसी चीज नहीं है, जो सिर्फ बाहर से दिखे, जैसे खुला मैदान। अगर आंखों पर पट्टी बंधी हो, तो उसका क्या फायदा? असली आजादी वह है, जो हमारे दिल और दिमाग में ताकत भर दे। हमारे कामों को नई दिशा दे और हमें अपने सपनों को सच करने का हौसला दे। लेकिन जब आजादी सिर्फ बाहरी हो, तो उसका कोई लाभ नहीं है। लोग आजादी को सिर्फ एक बाहरी चीज समझते हैं, जिसके कारण उनके समाज और राजनीति में दबाव और जबर्दस्ती बढ़ रही है।

पश्चिमी देशों के लोगों को लगता है कि वे आजाद हैं, लेकिन वे एक सख्त व्यवस्था के जाल में फंसे हैं, जो उनकी जिंदगी को जकड़ कर रखती है। भारत में भी कमोबेश यही हाल है। हमारी सभ्यता एक सांचे की तरह है, जो इन्सान को जकड़ लेती है। हमने उन्हें सदियों पुराने रीति-रिवाजों और नियमों के बोझ तले दबा दिया है। इस कारण हमारी राष्ट्रीय एकता कमजोर हो गई है। भारत की सभ्यता एक कठोर सांचे की तरह है। हमें असली आजादी को अपनाना होगा, जो हमें अपने भाग्य को खुद बनाने की ताकत दे। जो व्यक्ति दूसरों की आजादी छीनता है, वह अपनी नैतिक आजादी का हक खो देता है।



देर-सवेर वह शारीरिक और नैतिक गुलामी के जाल में फंस जाता है। खुद से पूछें कि क्या जिस आजादी की चाहत रखते हैं, वह सिर्फ बाहरी परिस्थितियों की आजादी है? क्या यह सिर्फ एक ऐसी चीज है, जिसे खरीदा-बेचा जा सकता है? क्या वे इसमें विश्वास रखते हैं?

यदि आप उड़ना चाहते हैं, तो विचारों को नई दिशा दें, आजाद मन से विचार करें। जब तक हम आजादी को सच्चे मन से नहीं अपनाएंगे, उसकी ताकत और जोखिम को नहीं समझेंगे, तब तक हम जीवन में सही मायने में सफल नहीं होंगे।

हम बाहरी और आंतरिक समस्याओं का सामना नहीं कर पाएंगे, इसलिए खुले मन से विचार करें।

**(रवींद्रनाथ टैगोर की 'क्रिएटिव यूनिटी' पुस्तक के अनूदित अंश)**

## संक्षिप्त खबरें

### प्रतिभा प्रदर्शित करने मंच प्रदान किया जाना चाहिए

**वसं, भोपाल।** महिला-बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया की उपस्थिति में भोपाल स्थित जवाहर बाल भवन में गुरुवार को मुख्यमंत्री बाल खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव 2025 का समापन समारोह आयोजित हुआ। मंत्री भूरिया ने कहा कि बच्चों को समय-समय पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच मिलना चाहिए। यह मंच केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि उनके आत्मविश्वास, रचनात्मकता और नेतृत्व



क्षमता को विकसित करने का अवसर है। भूरिया ने प्रतिभागी बच्चों के आत्मविश्वास और उत्साह की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक सराहनीय पहल है। महोत्सव के तहत 20 जून से 20 जुलाई 2025 तक प्रदेशभर में संचालित बालगृहों में खेल व सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। जिले व संभाग स्तर पर संपन्न इन प्रतियोगिताओं में 6 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों ने भाग लिया। कुल मिलाकर 40 विधाओं में 286 प्रतिभागियों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। भोपाल और नर्मदापुरम संभाग के 8 बालगृहों से आए बच्चों के बीच विविध आयु वर्गों में खेल जैसे लॉन्ग जंप, 100 मीटर दौड़, शतरंज, खो-खो, कबड्डी, केरम और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया। संभाग स्तरीय विजेताओं को राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए चयनित किया गया है।

### नर्सिंग काउंसिल में गिरी फालसीलिंग, हादसा टला



**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** नर्सिंग रजिस्ट्रेशन काउंसिल के दफ्तर में शुक्रवार को बड़ा हादसा टल गया। दोपहर में जिस समय यहां कर्मचारी बैठकर काम कर रहे थे, उसी समय फालसीलिंग भरभरा कर गिर गई। यह तो अच्छा हुआ कि जिस जगह फालसीलिंग गिरी वहां कोई कर्मचारी नहीं बैठा था। इस बारे में ऑफिस के एक कर्मचारी ने बताया कि फालसीलिंग की स्थिति दयनीय है, हम लोगों ने पहले ही भांप लिया था कि यह एक दिन अचानक से गिर जाएगी। इसलिए उतनी जगह छोड़कर काम काज निपटा लेते हैं। एक अन्य कर्मचारी ने बताया कि दफ्तर फालसीलिंग का काम बहुत साल पहले किया गया था, अब यह पुराना हो चुका है, जिससे इसके गिरने की संभावना बढ़ गई है। एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने कहा कि काउंसिल के उच्च अधिकारी सिर्फ अपना पेट भरने में लगे हुए हैं, वह कार्यालय की मरम्मत को लेकर भी लापरवाह बने हुए हैं। यहां 30 से अधिक कर्मचारी काम करते हैं। अधिकारियों के इनकी सुरक्षा की परवाह नहीं है। किसी दिन दफ्तर में कोई बड़ा हादसा हो गया तो इनकी आंख खुलेगी।

### प्रदेश में पांच केंद्रीय पुस्तकालय संचालित

**भोपाल।** स्कूल शिक्षा विभाग नागरिकों और विद्यार्थियों की सुविधा के लिए 5 केन्द्रीय पुस्तकालय और 36 जिलों में जिला पुस्तकालय संचालित कर रहा है। इन पुस्तकालयों में पाठकों के लिये अनेक उपयोगी पुस्तकें उपलब्ध हैं। विभाग द्वारा अनुदान के साथ स्वामी विवेकानंद लायब्रेरी भोपाल भी संचालित की जा रही है। पुस्तकालय में महिला स्व-सहायता समूह को दीदी केंटीन के संचालन का कार्य भी दिया गया है। अहिल्यादेवी केंद्रीय पुस्तकालय इंदौर, शासकीय केंद्रीय पुस्तकालय ग्वालियर, शासकीय केन्द्रीय पुस्तकालय जबलपुर और शासकीय केंद्रीय पुस्तकालय रीवा का भी संचालन किया जा रहा है।

# स्वच्छता सर्वेक्षण: देश के सबसे साफ शहरों में हम दूसरे स्वच्छ राजधानी और वाटर प्लस का खिताब भी बरकरार

## कचरा मुक्त शहर में 7 स्टार रैंकिंग भी बरकरार, सफाई मित्रों ने झूमकर मनाया जश्न

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** विभिन्न नवाचारों के चलते भोपाल ने 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में सबसे स्वच्छ शहर होने का गौरव प्राप्त किया। स्वच्छ भारत मिशन 2024 के तहत भोपाल नगर निगम को गुरुवार को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर यह सम्मान महापौर मालती राय और नगर निगम आयुक्त हरेंद्र नारायण द्वारा गृहण किया गया। भोपाल ने न केवल स्वच्छता में दूसरा स्थान हासिल किया है, बल्कि सबसे स्वच्छ राजधानी, कचरा मुक्त श्रेणी में 7 स्टार रैंकिंग और वाटर प्लस का खिताब भी बरकरार रखा। बता दें कि भोपाल ने यह खिताब 6 साल बाद तीन पायदान की छलांग लगाकर हासिल किया है। 2019 में भोपाल स्वच्छ शहरों में दूसरे पायदान पर रहते हुए सबसे स्वच्छ राजधानी का खिताब हासिल करने में कामयाब हुआ था। नई दिल्ली में गुरुवार को जैसे ही महापौर मालती राय ने यह सम्मान प्राप्त किया वैसे ही भोपाल माता मंदिर स्थित नगर निगम मुख्यालय में जश्न का माहौल बन गया। यहां नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने ढोल नगाड़े बजाकर खुशी मनाई। इस अवसर पर सफाई मित्र बारिश के बीच भी थिरकते हुए अपनी खुशी का इजहार करते हुए दिखे।

### हासिल किए 12067 अंक

रिड्यूज, रियूज, रिसायकल थीम पर सम्पन्न हुए स्वच्छ सर्वेक्षण में स्वच्छता को लेकर 12500 अंकों के विभिन्न मानक बनाए गए थे, जिसमें से भोपाल ने 12067 अंक हासिल किए। निगम ने स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए निर्धारित 10000 में से 9567 अंक हासिल किए और सर्टिफिकेशन के लिए निर्धारित 2500 अंकों में से पूरे 2500 अंक प्राप्त किए।



निगम परिषद अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने सफाई कर्मियों को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई।

### ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में हुए सफाई के काम का लाभ मिला

निगम ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में पांचवा स्थान हासिल किया था। इस बार रैंकिंग सुधारने के लिए भोपाल ने डोर टू डोर कचरा कलेक्शन को बेहतर किया। कचरे की प्रोसेसिंग को भी बदला गया, जिसका फायदा नगर निगम को मिला। फरवरी में भोपाल में आयोजित हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का लाभ भी स्वच्छ सर्वेक्षण में मिला। क्योंकि 2024 के लिए स्वच्छ सर्वेक्षण जीआईएस के बाद शुरु किया गया। इस दौरान नगर निगम, पीडब्ल्यूडी द्वारा किए गए सौंदर्यीकरण और स्वच्छता अभियान का लाभ भोपाल शहर को मिला।

> शहर को स्वच्छता में दूसरा स्थान मिलने का श्रेय सफाई मित्रों और शहर वासियों को जाता है। आगे नवाचारों को शुरु कर राजधानी को स्वच्छता में देश में प्रथम स्थान तक लेकर जाना है।
>
> ■ **मालती राय**, महापौर

### मध्यप्रदेश अब स्वच्छता में देश का बना अग्रदूत : सीएम

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इंदौर को सुपर स्वच्छ लीग सिटीज श्रेणी में देश के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में सम्मानित किया जाना प्रदेशवासियों के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश ने हमेशा की तरह एक बार फिर टॉप किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में सभी राज्यों को स्वच्छता की प्रतिस्पर्धा में शामिल होने का अवसर मिला है। उन्होंने इस सफलता के लिए विजेता निकायों को बधाई देते हुए स्वच्छताकर्मियों, जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारियों की सराहना की। डॉ. यादव ने गुरुवार को स्पेन यात्रा से जारी संदेश में कहा कि स्वच्छ लीग अवार्ड में धार्मिक नगरी उज्जैन को 3 से 10 लाख जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में शीर्ष स्थान मिला है। इसी प्रकार 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों में बुदनी सर्वश्रेष्ठ शहर बना है। जबकि 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले स्वच्छ शहरों में भोपाल दूसरे, जबलपुर पांचवें और ग्वालियर 14वें स्थान पर रहा है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में स्वच्छता में प्रॉमिसिंग शहर का स्टेट अवार्ड ग्वालियर को मिला। पचास हजार से तीन लाख जनसंख्या वाले स्वच्छ शहरों में देवास प्रथम स्थान पर रहा। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल देश की सबसे स्वच्छ राजधानी पहले ही बन चुका है।

### सफाई मित्रों को मिलेगी 7 हजार रुपए की सम्मान राशि

स्वच्छता में भोपाल की रैंकिंग सुधारने में अहम भूमिका निभाने वाले सभी स्वच्छता मित्रों को 7 हजार रुपए की सम्मान राशि दी जाएगी। माता मंदिर में गुरुवार को जश्न मनाते हुए नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने इसकी घोषणा की। इस अवसर पर उन्होंने सफाई मित्रों पर पुष्पवर्षा कर माला पहनाई और मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर सूर्यवंशी ने झाड़ू लगाकर फूलों को इकट्ठा किया और इन्हें दानापानी स्थित फूलों के रिसाइकल प्लांट में भेजा, जहां इनसे अगरबत्ती बनाई जाएगी।

## अब सिरमौर बनने की तैयारी, साल के अंत तक शुरू होगा चारकोल और बायो सीएनजी प्लांट

### कचरे से रोजाना बनेगा 400 टन चारकोल और 400 टन बायो सीएनजी

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** भोपाल नगर निगम द्वारा शहर से रोजाना इकट्ठा होने वाले 870 मीट्रिक टन कचरे के निपटारे के लिए नवाचार शुरू किए जा रहे हैं। इनके शुरू होते ही भोपाल शहर में रोजाना निकलने वाला कचरा लगभग पूरी तरह से प्रोसेस कर दिया जाएगा और इससे ईंधन की प्राप्ति होगी। इस ईंधन से नगर निगम के कचरा वाहन और सिटी बसें चलाई जाएंगी, जिससे शहर में शहर में ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी आएगी और शहर का वातावरण बेहतर होगा। निगम को भी इससे आमदनी होगी।

### कचरे का पहाड़ निपटने नगर निगम ने बनाई विशेष योजना

नगर निगम ने शहर से निकलने वाले कचरे के प्रकार और उनकी मात्रा का आंकलन कर टेलर कट मॉडल विकसित किया है। इसके तहत कचरा प्लांटों को बांटते हुए सेंट्राइज्ड और डिसेंट्राइज्ड प्लांट स्थापित करने का काम किया जा रहा है। सेंट्राइज्ड प्लांट के रूप में एनटीपीसी द्वारा रोजाना 400 टन टेरिफाइड चारकोल का निर्माण किया जाएगा। जिसका प्लांट एनटीपीसी के सहयोग से आदमपुर में बनाया जा रहा है और रोजाना निकलने वाले 400 टन गीले कचरे से बायो सीएनजी बनाई जाएगी, जिससे कचरा वाहन और सिटी बसें चलेंगी। इसका प्रोसेसिंग प्लांट भी तैयार किया जा रहा है। नगर निगम के अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान की मानें तो बायो सीएनजी प्लांट में रोजाना 400 टन गीला कचरा उपयोग किया जाएगा, जिससे 15 टन बायो सीएनजी मिलेगी। वहीं 400 टन सूखे कचरे से टोरीफाइड चारकोल का निर्माण किया जाएगा। यह प्लांट देश में वाराणसी के बाद दूसरा प्लांट है।

### यह कार्य भी किए गए

- फूलों के लिए रिसाइकल यूनिट, इसमें अगरबत्ती व गुलाल बन रहा।
- थर्माकोल को रिसाइकल करने के लिए यूनिट स्थापित की गई।
- कोकोनट प्लांट स्थापित कर नारियल के कचरे से कोकोपीट पाउडर नारियल कम्पोस्ट, कोकोशेल, नारियल फाइबर बनाने की तैयारी है।
- रेंडरिंग प्लांट प डेड एनिमल इनसीनेटर से मृत पशुओं डॉग फूड, मुर्गी दाना आदि बनाया जाएगा।

### छह मेकेनाइज्ड रोड स्वीपिंग मशीन खरीदी गईं

- 5 स्थानों पर नए गारबेज ट्रांसफर स्टेशन बनाए जा रहे हैं।
- कचरा कलेक्शन के लिए 125 सीएनजी डोरटूडोर वाहन खरीदे गए हैं। निगम के पास 700 डोर टू डोर कचरा कलेक्शन वाहनों में से 250 सीएनजी वाहन हैं।
- 6 मेकेनाइज्ड रोड स्वीपिंग मशीन खरीदी गईं। अब निगम के पास रोड साफ करने के लिए 10 स्वीपिंग मशीन हो गई हैं।
- 6 हुकलोडर वाहन खरीदे गए। इनसे कचरा आदमपुर छावनी ले जाया जाता है।
- पीपीपी मोड पर प्लास्टिक वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट बनाया जा रहा है। इससे प्लास्टिक शीट और बोर्ड का निर्माण होगा।
- 100 टन प्रतिदिन क्षमता का सीएंडडी प्रोसेसिंग प्लांट लगाया गया है। इसमें हर माह 24 हजार पेवर ब्लॉक और 100000 ब्रिक्स बनाई जा रही हैं।
- 40 साल पुरानी भानपुर डम्प साइट को साइंटिफिक तरीके से रेमेडीयेट किया गया। यहां 7.23 लाख मीट्रिक टन कचरे का उपचार कर 21 एकड़ भूमि को रिक्लेम एवं 16 एकड़ में ग्रीन फील्ड विकसित किया गया।

## अतिथि शिक्षक आदेश से वेपरवाह 80 फीसदी नहीं लगा रहे ई-अटेंडेंस

### ई-अटेंडेंस नहीं तो अतिथि शिक्षकों को नहीं मिलेगा वेतन

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग के आदेश के बाद भी 80 फीसदी अतिथि शिक्षक ऐप पर ई अटेंडेंस लगाने से बच रहे हैं। इस पर विभाग ने एतराज जताया है और जिला शिक्षाधिकारियों को निर्देशित किया है कि ई-अटेंडेंस नहीं होने पर अतिथि शिक्षकों को मानदेय नहीं दिया जाए। इस संबंध में सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को डीपीआई द्वारा पत्र भेजा गया है, जिसमें साफ तौर पर कहा गया है कि अब यदि कोई भी अतिथि शिक्षक ऐप पर ई अटेंडेंस दर्ज नहीं करता है, तो उसे 18 जुलाई यानि कि शुक्रवार से मानदेय नहीं दिया जाए। गौरतलब है कि स्कूल शिक्षा विभाग के इस संबंध में लिए गए निर्णय के उपरांत कई तरह की दलीलें देते हुए शिक्षक संघों ने आपत्ति जताई थी। इसके बावजूद विभाग ने इस पर किसी भी स्थिति में ढील देने से इंकार कर दिया है। संचालक के.के. द्विवेदी द्वारा जारी पत्र में साफ तौर पर कह दिया गया है कि एप पर ई-अटेंडेंस नहीं लगाने वाले शिक्षकों को किसी भी स्थिति में मानेदय नहीं दिया जाए। विभाग के आदेश का कड़ाई से पालन किया जाए। जिला शिक्षा अधिकारियों को लिखे पत्र में संचालक द्विवेदी ने उल्लेख किया है कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 में आमंत्रित किये गए अतिथि शिक्षकों को हमारे ऐप पर अटेंडेंस लगाने के निर्देश दिए गए हैं लेकिन ये खेद की बात है कि अभी भी 80 प्रतिशत अतिथि शिक्षक ऐप पर अटेंडेंस नहीं लगा रहे। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे सभी संकुल प्राचार्य और शाला प्रभारियों को निर्देश दें कि जो अतिथि शिक्षक ऐप पर ई अटेंडेंस नहीं लगाएगा उसे मानदेय नहीं दिया जायेगा यानि उसका वेतन काट दिया जायेगा।

### विभाग ने की थी समीक्षा

स्कूलों में शिक्षकों और अतिथि शिक्षकों की उपस्थिति को लेकर पिछले दिनों डीपीआई में सभी जिलों में अतिथि शिक्षकों की ई-अटेंडेंस की स्थिति की समीक्षा की गई थी, जिसमें यह बात सामने आई थी कि विभाग के स्पष्ट आदेश के बाद भी ईअटेंडेंस नहीं हो रही है। प्रदेश के अनूपपुर में एक भी अतिथि शिक्षक ने ई अटेंडेंस नहीं लगाई, इसके अलावा किसी जिले में 10 प्रतिशत तो कहीं 20 प्रतिशत ई अटेंडेंस दर्ज हुई जिसके बाद अब विभाग एन सख्ती दिखाई है।

## विधानसभा में उठेगा वनरक्षकों के वेतन और सुरक्षा का मुद्दा

**विसं, भोपाल।** विधानसभा के मानसून सत्र में कांग्रेस द्वारा वनरक्षकों के वेतनमान और उनकी सुरक्षा का मामला उठाया जाएगा। विधायक हीरालाल अलावा सरकार से इस संबंध में सवाल कर सकते हैं। मप्र वन कर्मचारी मंच ने वन रक्षकों के वेतनमान और सुविधाओं को लेकर कांग्रेस विधायक हीरालाल अलावा को सामने अपनी बातें रखी थी और उनसे मामले को विधानसभा सत्र के दौरान सरकार के समक्ष रखने का आग्रह किया था। बताया गया है कि इस पर अलावा ने मामले को सदन में ले जाने पर सहमति जताई है। मध्य प्रदेश वन कर्मचारी मंच के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया है कि वन विभाग के वंन रक्षकों को पटवारी एवं पुलिस के प्रधान आरक्षक के समान वेतनमान देने एवं जोखिम भत्ता पेट्रोलिंग सुविधा स्टेशनरी भत्ता की मांग वन कर्मचारी मंच सरकार से कर रहा है लेकिन सरकार ने वन रक्षकों की मांगों को संज्ञान में नहीं लिया ना ही सरकार ने वन विभाग के वंरक्षकों के हित में 20 साल बाद भी कोई फैसला अभी तक किया है जिस कारण वनरक्षक अधिकार विहीन नौकरी करने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि वंन रक्षकों को उम्मीद है कि विधानसभा में विषय एवं मांगो के उठने के बाद सरकार जागेगी और वंन रक्षकों की मांगों पर निर्णय लेकर आदेश जारी करेगी।

## अगला वित्तीय बजट भी होगा शून्य आधारित

### सरकार ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** राज्य शासन ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के पुनरीक्षित अनुमान एवं वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट अनुमान के संबंध में विभागाध्यक्षों और बजट नियंत्रण अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। बजट प्रावधानों में सटीकता लाने ाज्य शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट अनुमान शून्य आधार बजटिंग प्रक्रिया के आधार पर तैयार किया गया था। बजट प्रावधानों को और अधिक सटीक बनाने के लिये शून्य आधार बजटिंग प्रक्रिया वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिये भी लागू रहेगी। राजकोषीय उत्तरदायित्व व बजट प्रबंधन (एफआरबीएम) अधिनियम 2005 के अधीन राजकोषीय नीति में आगामी वर्षों में संभावित वित्तीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर राज कोष का प्रबंधन किया जाना है। अतः वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजटीय अनुमानों के साथ, राज्य शासन की प्राथमिकताओं को शामिल करते हुए वित्तीय वर्ष 2027-28 एवं वित्तीय वर्ष 2028-29 का रोलिंग बजट भी तैयार करने का निर्णय लिया गया है। विभागों द्वारा तैयार किये जाने वाले तीन वर्षीय रोलिंग बजट अनुमानों में वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट अनुमान, आगामी दो वर्षों के रोलिंग बजट का आधार वर्ष होगा। इसका उद्देश्य विभागीय व्यय को राज्य के व्यापक, आर्थिक और राजकोषीय लक्ष्यों तथा विकासात्मक प्राथमिकताओं के साथ संरेखित करना है, जैसा कि विकसित मध्यप्रदेश 2047 की कार्ययोजना में लक्षित है। बजट अनुमान/रोलिंग बजट तैयार करते समय वर्तमान में प्रचलित सभी योजनाओं एवं नवीन योजनाओं के लिये वित्तीय आश्यकताओं का आंकलन करने के निर्देश दिए गये हैं।

### घोटालों को लेकर सरकार को घेरेगी कांग्रेस: सिंघार

**भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र में कांग्रेस सरकार को घेरने पूरी तैयारी के साथ सदन में पहुंचेगी। इसके लिए कांग्रेस ने अपने विधायकों को जिम्मेदारी सौंप दी है। सदन में प्रदेश में हुए घोटालों को लेकर सरकार से जवाब मांगा जाएगा। नेता प्रतिपक्ष ने गुरुवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में हजारों करोड़ों के घोटाले हो रहे हैं। राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण द्वारा 400 से अधिक परियोजनाओं की फाइलों को नियमों को ताक पर रखकर स्वीकृति दी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि इस पूरे मामले में 3 से 5 करोड़ रुपए वसूल किए गए। सिंघार ने कहा कि भाजपा की सरकार किसानों को लेकर कभी गंभीर नहीं रही। सिंघार ने कहा कि मांडू में विधायकों के प्रशिक्षण शिविर में पार्टी की नई सोच, नई रणनीति, मिशन 2028 और की जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर मंथन किया जाएगा। इसमें विधायकों के लिए नव संकल्प शिविर आयोजित किया जाएगा। सिंघार ने बताया कि शिविर को दिल्ली से वरिष्ठ कांग्रेस नेता वर्चुअल रूप से जुड़कर संबोधित करेंगे।

### समय पर विधानसभा के जवाब उपलब्ध कराएं अधिकारी

**भोपाल।** विधानसभा के मानसून सत्र को लेकर सरकार ने तैयारियां शुरु कर दी हैं। शुक्रवार को मुख्य सचिव ने सत्र को लेकर अधिकारियों की बैठक बुलाई और उनसे कह दिया कि विधानसभा सवालों का समय पर जवाब दिया जाए। बैठक में शून्यकाल, अपूर्ण उत्तर, आश्वासन, लोकलेखा समिति की सिफारिशें, विधानसभा में विभागों के प्रशासनिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करने पर चर्चा की गयी। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि विभाग प्रमुख काम समय-सीमा में करें। सीएस ने बैठक में 5वीं राष्ट्रीय मुख्य सचिव कांफ्रेंस की तैयारियों के भी निर्देश दिये। उन्होंने अतिरिक्त कोर्ट केस, राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण, मानवाधिकार आयोग, अनुसूचित जाति/जनजाति आयोग के प्रकरणों में शासन की ओर से समय-सीमा में जवाब प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए।

## स्वच्छता सर्वेक्षण में भोपाल की उपलब्धि और भविष्य की राह

स्वच्छता सर्वेक्षण-2024 के परिणाम मध्य प्रदेश के लिए एक बार फिर गर्व का क्षण लेकर आए हैं, जिसमें प्रदेश के कई शहरों ने राष्ट्रीय पटल पर अपनी उत्कृष्टता का परचम लहराया है। इस गौरवशाली अध्याय में, प्रदेश की राजधानी भोपाल का प्रदर्शन भी उल्लेखनीय और प्रशंसनीय है। 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की सामान्य स्वच्छता रैंकिंग में देश में दूसरा स्थान प्राप्त करना भोपाल के लिए बड़ी उपलब्धि है। यह रैंकिंग केवल एक संख्या नहीं, बल्कि शहर के प्रशासन, स्वच्छता कर्मियों के परिश्रम और सबसे महत्वपूर्ण, नागरिकों की बदलती मानसिकता और सक्रिय भागीदारी का जीवंत प्रमाण है।

दरअसल, भोपाल की यह सफलता किसी एक दिन का चमत्कार नहीं, बल्कि वर्षों के सतत प्रयास, रणनीतिक योजना और उसके प्रभावी कार्यान्वयन का परिणाम है। इस उपलब्धि के पीछे कई प्रमुख कारक हैं। सर्वप्रथम, भोपाल नगर निगम की कार्यप्रणाली में आया सुधार सराहनीय है। घर-घर से कचरा संग्रहण की व्यवस्था को सुदृढ़ करना, गीले और सूखे कचरे के पृथक्करण के लिए नागरिकों को लगातार प्रेरित करना और इस प्रक्रिया की निगरानी के लिए तकनीक का उपयोग करना, इस सफलता की नींव है। शहर की सड़कों, नालियों और सार्वजनिक स्थलों की नियमित सफाई ने शहर के परिदृश्य को बदला है।

यह भी महत्वपूर्ण है कि हम भोपाल के प्रदर्शन को प्रदेश के अन्य शहरों, विशेषकर इंदौर के संदर्भ में



**त्वरित टिप्पणी**

**अनूप सक्सेना**

देखें। इंदौर ने एक बार फिर 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की सुपर स्वच्छ लीग में अपना प्रथम स्थान बरकरार रखा है, जो अपने आप में एक मिसाल है। भोपाल के लिए इंदौर का प्रदर्शन एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और प्रेरणा का स्रोत है। इंदौर ने स्वच्छता के जो मानक स्थापित किए हैं, उसने भोपाल सहित प्रदेश के अन्य शहरों को बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया है। सामान्य रैंकिंग में अहमदाबाद के बाद दूसरे स्थान पर आना यह दर्शाता है कि भोपाल अब देश के सर्वश्रेष्ठ शहरों की श्रेणी में खड़ा है और शीर्ष स्थान से एक कदम दूर है।

अब जरूरत इस बात की है कि भोपाल का हर नागरिक स्वच्छता को केवल नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि अपना नैतिक और सामाजिक दायित्व समझे। सरकारी एजेंसियों और सामाजिक संस्थाओं को एक सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा करने की है, जहां स्वच्छता एक आदत बन जाए और आगे चलकर वह हमारी संस्कृति का हिस्सा बन जाए।

हालांकि दूसरा स्थान एक शानदार उपलब्धि है, लेकिन यह यात्रा का अंत नहीं, बल्कि एक नया पड़ाव है। अब चुनौती इस रैंकिंग को बनाए रखने की नहीं बल्कि इससे आगे बढ़कर शीर्ष स्थान प्राप्त करने की है। इसके लिए मौजूदा प्रयासों में और अधिक तेजी लानी होगी। कचरा पृथक्करण को शत प्रतिशत के स्तर तक ले जाना, पुराने कचरे के ढेरों का पूर्ण निपटान, और शहर के बाहरी इलाकों तथा नई कॉलोनियों में भी स्वच्छता के समान उच्च मानकों को लागू करना प्रमुख चुनौतियां होंगी। इसके अतिरिक्त, निर्माण और विध्वंस कचरे का प्रबंधन और वायु गुणवत्ता में सुधार जैसे मुद्दों पर भी निरंतर ध्यान देने की आवश्यकता है।

अंततः स्वच्छता सर्वेक्षण-2024 में भोपाल का दूसरा स्थान भोपाल के निवासियों के लिए गर्व की बात है साथ ही उन अनगिनत स्वच्छता योद्धाओं का सम्मान है, जो दिन-रात शहर को स्वच्छ रखने के लिए मेहनत करते हैं। अब लक्ष्य स्पष्ट है - निरंतर सुधार, नवाचार और अटूट प्रतिबद्धता के साथ भारत का सबसे स्वच्छ शहर बनना।

## प्रथम पृष्ठ के शेष

**अमेरिका ने टीआरएफ को ..**

संस्थान किसी भी तरह का लेन-देन नहीं कर पाएंगे। टीआरएफ की दुनियाभर के बैंकों और वित्तीय संस्थानों तक पहुंच सीमित हो जाएगी। इससे संगठन के लिए फंड जुटाना, लेन-देन या आतंकवादी गतिविधियों के लिए फंडिंग करना मुश्किल हो जाएगा। ये दूसरे देशों के लिए भी चेतावनी की तरह काम करेगा। अन्य देश भी टीआरएफ पर कार्रवाई करने के लिए प्रेरित होंगे। अगस्त में वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) की बैठक होनी है। उससे पहले ये कदम भारत की स्थिति को मजबूत करेगा। अमेरिका के इस कदम से पाकिस्तान को एफएटीएफ की ग्रे सूची में दोबारा शामिल करने की भारत की मांग को बल मिलेगा।

**सीबीआई ने 3 लाख घूस..**

धमकी दी थी। सीबीआई की जयपुर स्थित एंट्री करप्शन ब्रांच के मुताबिक, मांगीलाल गुर्जर, चित्तौड़गढ़ की बड़ी सादरी तहसील के सांगरिया गांव निवासी हैं। मांगीलाल ने शिकायत में कहा था कि 27 मार्च, 2025 को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अधिकारी महेंद्र सिंह ने उनके खेत पर छापा मारा था। महेंद्र सिंह ने गुर्जर के परिवार के सदस्यों को जगदीश मेनारिया नाम के बिचौलिए से संपर्क करने को कहा। जब मांगीलाल के परिजनों ने मेनारिया से बात की तो बताया कि नारकोटिक्स अधिकारी महेंद्र सिंह ने उसकी जमीन से 400 किलो डोडा-चूरा जब्त किया है। महेंद्र सिंह ने मेनारिया के जरिए मांगीलाल और उसके परिवार को नारकोटिक्स मामले में फंसाने और जेल जाने से बचाने 1 करोड़ की रिश्वत मांगी। परिवार के सदस्यों ने इतनी बड़ी रकम नहीं होने की बात कही तो महेंद्र सिंह ने मेनारिया के जरिए पहली किस्त के रूप में 9 लाख रुपए देने को कहा। सीबीआई ने जांच की तो आरोप सही निकला। बाद में मांगीलाल को तीन लाख रुपए लेकर जगदीश के पास भेजा गया। रिश्वत के नोट लेते ही सीबीआई की टीम ने उसे रंगेहाथ धर दबोचा। जगदीश ने बयान में स्वीकार किया कि घूस की ये राशि महेंद्र सिंह के लिए ली थी। इसके बाद सीबीआई ने महेंद्र को भी गिरफ्तार कर लिया।

### अबूझमाड़ में एनकाउंटर छह नक्सली मारे गए



**नारायणपुर,जेएनएन।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। शुक्रवार दोपहर दोनों तरफ से हुई गोलीबारी में जवानों ने 6 माओवादियों को ढेर कर दिया है। सभी के शव और हथियार बरामद कर लिए गए हैं। मौके से एके-47 और एसएलआर राइफल जैसे हथियार बरामद किए हैं। बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। एनकाउंटर वाली जगह से हथियारों के साथ-साथ विस्फोटक सामग्री और दैनिक उपयोग की वस्तुएं जब्त की गई हैं। जानकारी के मुताबिक माओवादियों की मौजूदगी की सूचना पर सुरक्षा बलों की संयुक्त टीमों ने सर्चिंग अभियान शुरू किया था। इस दौरान शुक्रवार दोपहर अबूझमाड़ क्षेत्र में नक्सलियों से सामना हुआ। नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने जवाबी कार्रवाई में 6 नक्सलियों को मार गिराया। फिलहाल मुठभेड़ स्थल पर सर्चिंग की जा रही है। आईजी सुंदरराज पी ने कहा कि जवानों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए फिलहाल ज्यादा जानकारी साझा नहीं की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### बेंगलुरु में 100 करोड़ की धोखाधड़ी, ईडी का छापा

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को एक स्थानीय बैंक के प्रमोटरों की ओर से 15,000 से अधिक जमाकताओं के साथ 100 करोड़ रुपये के जमा घोटाले के सिलसिले में छापेमारी की है। यह छापे मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत बेंगलुरु और उसके आसपास के 15 से ज्यादा ठिकानों पर मारे गए हैं। सूत्रों ने बताया कि ईडी ने सुश्रुति सौहार्द बैंक, श्रुति सौहार्द बैंक और श्री लक्ष्मी सौहार्द बैंक से जुड़े 100 करोड़ रुपए के कथित जमा घोटाले के सिलसिले में धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) के तहत छापे मारे हैं। ये छापे बैंक के प्रवर्तकों, एन. श्रीनिवास मूर्ति और उनके परिवार के सदस्यों पर मारे गए हैं, जिन पर जमा राशि पर उच्च ब्याज दरों का लालच देकर 15,000 से ज्यादा जमाकर्ताओं के साथ धोखाधड़ी करने का आरोप है।

### सीरिया में एयरस्ट्राइक सैन्य चौकियां, डिपो तबाह

**नई दिल्ली।** इजरायली रक्षा बलों ने दावा किया है कि उसने सीरिया के स्वेदा क्षेत्र में सीरियाई सरकारी बलों पर अपने हमले जारी रखे हैं। बयान में आईडीएफ ने इन हमलों का ताजा वीडियो भी जारी किया है, जिसमें सैन्य ठिकानों और वाहनों को निशाना बनाते हुए देखा जा सकता है। सूत्रों के मुताबिक, इजरायली वायुसेना ने इन ताजा हमलों में बख्तरबंद गाड़ियों और भारी मशीनगनों से लैस पिकअप ट्रकों को निशाना बनाया, जो स्वेदा शहर की ओर बढ़ रहे थे। यह शहर बहुसंख्यक द्रूज़ समुदाय का गढ़ माना जाता है और वहां इन दिनों गंभीर झड़पें हो रही हैं। आईडीएफ ने बताया कि केवल सैन्य वाहनों को ही नहीं, बल्कि सीरियाई सेना की चौकियों, हथियार डिपो और अन्य रणनीतिक ठिकानों को भी दक्षिणी सीरिया में निशाना बनाया है।

### लद्दाख को राज्य का दर्जा देने होगा विचार-विमर्श

**जम्मू, जेएनएन।** लद्दाख के नवनियुक्त उपराज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने कहा कि वह लद्दाख की राज्य का दर्जा और संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग पर पूर्व विधायकों और एमएलसी सहित सभी हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श शुरू करेंगे। कुछ लोग लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग कर रहे हैं। मैं सभी हितधारकों के साथ विचार-विमर्श करूंगा। लद्दाख के चार पूर्व विधायक, जो 2019 से पहले की जम्मू-कश्मीर विधानसभा का हिस्सा थे, मेरे मित्र हैं-भले ही वे मेरी पार्टी से नहीं हैं, मैं उन तक और साथ ही पूर्व एमएलसी तक पहुंचूंगा। मेरी वर्तमान भूमिका गैर-पक्षपाती है, और मैं ईमानदारी से लद्दाख के लोगों की मांग या आकांक्षा को लागू करने की कोशिश करूंगा।

### अतिक्रमण विरोधी अमले पर हमला, एक की मौत

**गोलपाड़ा, जेएनएन।** असम के गोलपाड़ा जिले में अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान प्रदर्शनकारियों और अधिकारियों में हिंसक झड़प हो गई। हिंसक झड़प के दौरान पुलिस को फायरिंग करनी पड़ी, जिसमे एक व्यक्ति की मौत हो गई और पुलिसकर्मियों समेत कई लोग घायल हो गए। गोपाड़ा जिले के पैकन रिजर्व फॉरेस्ट में 140 हेक्टेयर वन भूमि को खाली कराने के लिए 12 जुलाई को एक अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया था। यहां 1,080 परिवारों के घरों पर बुलडोजर चला दिया गया था। अभियान खत्म होने के बाद भी कई प्रभावित परिवार तिरपाल टेंट जैसे अस्थायी इंतजामों में वहीं रह रहे हैं। उनके पास और कहीं जाने की जगह नहीं है। गुरुवार सुबह जब अधिकारी इन टेंट्स को हटाने आए, तो इन प्रभावित परिवारों की पुलिस, सुरक्षाबलों के साथ हिंसक झड़प हुई। आईजीपी अखिलेश सिंह ने कहा, फॉरेस्ट टीम और पुलिस बेदखल किए गए इलाके में गश्त कर रहे थे, तभी लोगों ने आधिकारिक ड्यूटी पर तैनात लोगों पर हमला कर दिया।

---

**मुख्यमंत्री के आमंत्रण के बाद उद्धव ठाकरे ने की फडणवीस से मुलाकात**

# महाराष्ट्र में फिर बन रही भाजपा व यूबीटी के मिलन की संभावना

**नई दिल्ली, जेएनएन।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा हल्के-फुल्के अंदाज में उद्धव ठाकरे को सत्ता पक्ष में आने का निमंत्रण देने के एक दिन बाद गुरुवार को शिवसेना यूबीटी प्रमुख ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री से मुलाकात की। फडणवीस और ठाकरे के बीच यह मुलाकात विधान परिषद के सभापति राम शिंदे के कार्यालय में हुई। उनकी मुलाकात लगभग 20 मिनट तक चली।



बुधवार को महाराष्ट्र विधानसभा में मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा था कि उद्धव जी इस तरफ (सत्तारूढ़ दल) आने की गुंजाइश के बारे में सोच सकते हैं और उस पर अलग तरीके से विचार किया जा सकता है, लेकिन हमारे लिए वहां (विपक्ष) आने की कोई गुंजाइश नहीं बची है।

दरअसल, शिवसेना और भाजपा का गठबंधन 2014 तक चला, लेकिन 2014 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के दौरान सीटों के बंटवारे को लेकर हुए विवाद के कारण उनकी 25 साल की साझेदारी में खटास आ गई। और आखिरकार 2019 में चुनाव जीतने के बाद उद्धव ने भाजपा का साथ छोड़ कांग्रेस से हाथ मिला लिया। हालांकि, फडणवीस ने ढाई साल बाद बदला ले लिया, जब एकनाथ शिंदे ने उद्धव के खिलाफ बगावत की और शिवसेना को तोड़ दिया। तब से फडणवीस शिंदे सेना के साथ हैं। शिंदे ने 2022 के टूट के बाद दो साल से अधिक समय तक सीएम के रूप में कार्य किया। 2024 में उनके गठबंधन को राज्य के लोगों से भारी जनादेश मिलने के बाद फडणवीस को फिर बागडोर सौंपने के लिए इच्छुक नहीं थे।

फडणवीस का बयान ऐसे समय में आया है, जब उद्धव ने तीन-भाषा नीति को लेकर भाजपा और शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार पर अपने हमले तेज कर दिए हैं और जब अलग हुए ठाकरे चचेरे भाइयों के बीच सुलह की अटकलें जोर पकड़ रही हैं। यूबीटी और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) के बीच संभावित सहयोग को लेकर अटकलें बढ़ रही हैं। खासकर 5 जुलाई के बाद जब राज और उद्धव ठाकरे ने दो दशकों में पहली बार एक मंच साझा किया। महाराष्ट्र सरकार के राज्य के स्कूलों में कक्षा 1 से हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में अनिवार्य करने वाले दो विवादास्पद आदेशों को पलटने के फैसले ने पहले ही संभावित सुलह की चर्चाओं को हवा दे दी है, अपने पिछले मतभेदों को तुच्छ बताया है और जोर देकर कहा है कि मराठी मानुष के हित में एकजुट होना मुश्किल नहीं होना चाहिए। इसके तुरंत बाद उद्धव ठाकरे ने भी इसी तरह का सुर दोहराया और कहा कि वह सुलह के लिए तैयार हैं, बशर्ते इसमें महाराष्ट्र के हितों के खिलाफ काम करने वाले लोग शामिल न हों।

### इधर, टीएमसी और आप ने बनाई इंडिया ब्लॉक से दूरी

**नई दिल्ली।** विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक में सबकुछ ठीक नजर नहीं आ रहा है। 19 जुलाई की शाम को दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर होने वाली बैठक में आप और टीएमसी शामिल नहीं होंगी।

**● मॉनसून सत्र से पहले विपक्ष का मंथन, खरगे के आवास पर कल बैठक**

संसद के मानसून सत्र से पहले विपक्षी सासंद इस बैठक में अपनी रणनीति बनाएंगे। इंडिया ब्लॉक की पिछली बैठक लोकसभा चुनाव के बाद 1 जून 2024 को दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष खरगे के आवास पर हुई थी। इसके बाद कोई बैठक नहीं हुई। हालांकि, इंडिया ब्लॉक के संसद में फ्लोर लीडर्स की बैठक जून 2025 में हुई थी, जब इंडिया ब्लॉक के सांसदों ने साझा खत लिखकर ऑपरेशन सिंदूर और सीजफायर पर अमेरिका की मध्यस्थता को लेकर विशेष संसद सत्र बुलाने की मांग की थी। टीएमसी नेता 21 जुलाई को होने वाले शहीद दिवस कार्यक्रम की तैयारियों में व्यस्त होने से बैठक में शामिल नहीं हो पाएंगे। सूत्रों के मुताबिक, आप भी इस बैठक में शामिल नहीं होगी। बता दें कि इंडिया ब्लॉक का गठन 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले एक संयुक्त विपक्ष के रूप में किया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य २०24 के आम चुनावों में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को चुनौती देना था।

### सिंगापुर की शान और पहचान में लगेंगे चार चांद



**सिंगापुर, जेएनएन।** सिंगापुर का आलीशान मरीना बे सैंड्स शहर के क्षितिज में एक और आकर्षक टावर के जुड़ने के साथ नई ऊंचाइयों को छू रहा है। अभी इसे मरीना बेसैंड्स आईआर2 नाम दिया गया है। हालांकि, यह इसका अंतिम नाम नहीं है, यह 55-मंजिला टावर मूल 'एकीकृत रिसॉर्ट' विकास के दूसरे चरण में है, जिसका उद्घाटन 2010 में हुआ था। 'अल्ट्रा-लक्जरी रिसॉर्ट डेस्टिनेशन' के रूप में स्थापित आईआर-2 में 570 ऑल-सूट होटल कमरे, 23 'सिग्नेचर मल्टी-बे मैन्शन' शामिल होंगे। यह टावर 45 डिग्री के कोण पर खड़ा होगा और इसके दो पंख बाहर की ओर मुड़े होंगे, जिससे शहर की ओर मरीना बे, सिंगापुर जलडमरू मध्य दोनों का भव्य नजारा दिखेगा। प्रसिद्ध 'सी-एंड-बी-सीन' रूफटॉप इन्फिनिटी पूल और स्काईपार्क जो पहले तीन टावरों के बीच स्थित है, उसके पूरक के रूप में आईआर-2 के ऊपर स्काईलूप होगा। जमीन से 245 मीटर ऊपर स्काईपार्क से थोड़ा ऊंचा बहु-स्तरीय स्काईलूप में विपरीत दिशाओं में सर्पिलाकार दो अतिव्यापी अण्डाकार डेक हैं।

**खासियत**

**15,000**

- सीटों वाला एक हाल, जो एशिया का सर्वश्रेष्ठ लाइव मनोरंजन स्थल होगा
- बेसमेंट से कई मंजिल ऊपर पोडियम पूल डेक, एक क्लब लाउंज
- बैठकों, सम्मेलनों के लिए अतिरिक्त 200,000 वर्गफीट जगह
- 8 अरब अमेरिकी डॉलर (800 करोड़ रुपए) है कुल लागत
- मोशे सफी के नेतृत्व वाली सफी आर्किटेक्ट्स ने किया डिजाइन
- इसी महीने शुरू होगा निर्माण कार्य, उद्घाटन 2031 में निर्धारित
- सबसे ऊपरी मंजिल पर चेयरमैन, प्रेसिडेंशियल, स्काईलाइन और होराइजन सुइट्स।
- मेहमानों के लिए निजी लिफ्टों वाली एक गुप्त लॉबी।

## सुप्रीम कोर्ट ने समझा पिता का दर्द रूसी महिला को ढूंढने का आदेश

### लुकआउट नोटिस जारी करने का दिया निर्देश

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने 4 साल के एक बच्चे की कस्टडी को लेकर चल रहे विवाद में बड़ा आदेश दिया है। कोर्ट ने विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय को रूसी महिला के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है, जो कथित तौर पर बच्चे को लेकर फरार हो गई है। बच्चा एक भारतीय पिता और रूसी मां के संबंध से जन्मा था, लेकिन दोनों के बीच विवाद के बाद महिला उसे लेकर चली गई। मामले की सुनवाई कर रही जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच ने दिल्ली पुलिस कमिश्नर और डिफेंस कॉलोनी थाने के एसएचओ को आदेश दिया है कि बिना किसी देरी के बच्चे का पता लगाया जाए और उसकी कस्टडी पिता को सौंपी जाए।

कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया है कि रूसी महिला का पासपोर्ट जब्त किया जाए और एयरपोर्ट तथा इमिग्रेशन अधिकारियों को देश के सभी हवाई अड्डों पर उसके प्रवेश और निकास पर नजर रखने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट का



यह फैसला कस्टडी मामलों में विदेश भागने जैसी घटनाओं पर लगाम लगाने के लिहाज से अहम माना जा रहा है।

**क्या है पूरा मामला?:** दरअसल, विक्टोरिया नाम की एक रूसी महिला ने 2017 में भारत के एक इंजीनियर सैकत बसु से शादी की थी। साल 2020 में दोनों को एक बेटा हुआ। लेकिन दोनों का शादीशुदा जीवन ज्यादा लंबा नहीं चला। दोनों के अलग होने के बाद विक्टोरिया ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया और कोर्ट से सप्ताह में तीन दिन बच्चे को अपने साथ रखने की इजाजत ली। मगर कोर्ट की यह छूट एक बड़े धोखे की शुरुआत साबित हुई। आरोप है कि विक्टोरिया ने रूसी दूतावास के एक अधिकारी की मदद से 4 साल के बेटे को लेकर फरार हो गई।

## रूस के बाद अब चीन भी भारत के साथ 'त्रिगुट' बनाने के समर्थन में

**मॉस्को, जेएनएन।** रूस, भारत और चीन की तिकड़ी यानी आरआईसी त्रिपक्षीय फोरम फिर से सक्रिय हो सकता है। रूस के तीन दशक पुराने इस तंत्र को फिर से शुरू करने के आह्वान पर भारत ने सकारात्मक संकेत दिए हैं। भारत के विदेश मंत्रालय का कहना है कि आपसी सहमति से इस पर फैसला लिया जा सकता है। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने पिछले महीने आरआईसी वार्ता फिर से शुरू करने की ख्वाहिश का इजहार किया था। इसके बाद चीन ने अपनी ओर से इसे फिर से शुरू करने पर अपनी सहमति दी है।

आरआईसी पर रूस की अपील और चीन के समर्थन के बाद भारत ने खुलेपन का संकेत दिया है। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को कहा कि यह तीनों देशों को साझा चिंता के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करने के लिए एक साथ लाता है। उन्होंने बैठक के लिए किसी विशिष्ट समय-सीमा की पुष्टि किए बिना कहा कि तीनों देशों के बीच पारस्परिक रूप से सुविधाजनक तरीके से कार्यक्रम तय किया जाएगा।



**फिर सक्रिय होगा मंच**

रूसी उप विदेश मंत्री आंद्रेई रुडेंको ने गुरुवार को कहा कि उनका देश त्रिपक्षीय प्रारूप को फिर से शुरू करने के लिए नई दिल्ली और बीजिंग दोनों के साथ सक्रिय वार्ता कर रहा है। उन्होंने कहा कि हम इस प्रारूप में रुचि रखते हैं। चीन ने भी रूस के प्रस्ताव का समर्थन किया है। चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा है कि यह तीनों देशों के हितों की पूर्ति करने के साथ दुनिया में शांति, स्थिरता बनाए रखने में भी मदद करता है। भारत के विदेश मंत्री जयशंकर ने हाल ही में एससीओ के विदेश मंत्रियों की बैठक के लिए चीन का दौरा किया है। उनकी चीनी विदेश मंत्री वांग यी और रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से द्विपक्षीय वार्ता हुई है।

**क्या है आरआईसी**

आरआईसी (रूस, भारत, चीन) की शुरुआत 1990 के दशक में हुई थी। इसे कई साल पहले येवगेनी प्रिमाकोव (पूर्व रूसी प्रधान मंत्री) की पहल पर स्थापित किया गया था। इसका उद्देश्य प्रमुख गैर-पश्चिमी शक्तियों के बीच सहयोग को बढ़ावा देकर बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था को मजबूत करना है। हालांकि बीते कुछ वर्षों से यह फोरम निष्क्रिय रहा है। बीते करीब एक दशक से इसकी कोई महत्वपूर्ण बैठक नहीं हुई है।

### ओडिशा में पृथ्वी-2 और अग्नि-1 मिसाइलों का सफल परीक्षण

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत ने एक बार फिर पूरी दुनिया को मिसाइल ताकत से रूबरू करवाया है। गुरुवार को ओडिशा के चांदीपुर में भारत ने मिसाइल परीक्षण केंद्र से दो कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों, पृथ्वी-।। और अग्नि-1 का सफल परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि दोनों मिसाइलों ने अपने सभी लक्ष्यों को पूरा किया। स्ट्रैटेजिक फोर्सेस कमांड ने यह परीक्षण किया। एसएफसी भारत के परमाणु हथियारों का प्रबंधन करता है। रक्षा मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि



दोनों मिसाइलें एसएफसी के तहत लॉन्च की गईं। परीक्षण के दौरान सब कुछ ठीक रहा। पृथ्वी-।। और अग्नि-। दोनों ही कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलें हैं। बैलिस्टिक मिसाइलें लंबी दूरी तक मार कर सकती हैं। यह परीक्षण भारत की सैन्य शक्ति को दर्शाता है। इससे पता चलता है कि भारत अपनी सुरक्षा के लिए पूरी तरह से तैयार है। सूत्रों ने बताया, अग्नि-1 का परीक्षण अब्दुल कलाम द्वीप से किया गया, जबकि पृथ्वी-2 का परीक्षण कुछ समय बाद चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज के लॉन्च पैड संख्या-3 से किया गया। 24 घंटे में यह दूसरा महत्वपूर्ण सफल परीक्षण है। इससे पहले बुधवार को भारत ने अपने एयर डिफेंस सिस्टम को बेहतर करने के मिशन में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की थी। बुधवार को भारतीय सेना ने लद्दाख सेक्टर में करीब 15 हजार फीट की ऊंचाई पर 'आकाश प्राइम' एयर डिफेंस सिस्टम का सफल परीक्षण किया था।

## लखनऊ को देश के तीसरे सबसे स्वच्छ शहर का अवॉर्ड

**लखनऊ/नई दिल्ली।** उप्र ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में भी बड़ी सफलता हासिल की है। राज्य ने शहरी स्वच्छता और सैनिटेशन पहल के लिए शीर्ष रैंक और विभिन्न श्रेणियों में कई प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त किए हैं। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 के नौवें संस्करण के पुरस्कार गुरुवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में एक समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने प्रदान किए।

प्रदेश के कैबिनेट मंत्री एके शर्मा ने उप्र को मिले पुरस्कार ग्रहण किए। समारोह में लखनऊ ने 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में स्वच्छ शहर पुरस्कार में तीसरा स्थान प्राप्त किया और ऐतिहासिक 7-स्टार कचरा मुक्त शहर रेटिंग हासिल की है। राष्ट्रपति ने लखनऊ को 'प्रेसिडेंशियल अवार्ड' प्रदान किया। वहीं प्रयागराज, आगरा, गोरखपुर एवं महाकुंभ 2025 को भी उत्कृष्टता का पुरस्कार मिला है। अब 5 स्टार रेटिंग से ऊपर वाले

**स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25**



देश के 20 स्वच्छतम बड़े शहरों में से 6 शहर उप्र के हैं। प्रयागराज नगर निगम को सबसे स्वच्छ गंगा शहर के रूप में सम्मानित किया गया है। गोरखपुर ने सफाईमित्र सुरक्षित शहर श्रेणी में तीसरा और 3-10 लाख आबादी वर्ग में चौथा स्थान प्राप्त किया है। आगरा को उभरते स्वच्छ शहर में 32वां स्थान मिला। मुरादाबाद ने 3-10 लाख आबादी वर्ग में 10वां स्थान हासिल किया है। वहीं मध्यम शहरों की श्रेणी में नपा बिजनौर ने 29वां और शमशाबाद ने 95वां स्थान प्राप्त किया। उप्र को स्वच्छ महाकुंभ 2025 पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

प्रमुख सचिव, शहरी विकास विभाग ने कहा कि राज्य की शीर्ष रैंकिंग, जीएफसी प्रमाणन और ओडीएफ प्लस प्लस और वाटर प्लस श्रेणियों में प्रगति कठोर निगरानी, प्रशिक्षण और पर्यवेक्षण के प्रभाव को दर्शाती है। उप्र एक परिवर्तनकारी यात्रा पर है और इसके शहरी नगर निकाय, नगर पालिकाएं और नगर निगम शहरी स्वच्छता के उच्चतम मानकों को प्राप्त करने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। राज्य का लक्ष्य स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 की सफलता को आधार बनाकर शहरी सैनिटेशन में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी स्थान को और मजबूत करना है।

## जब राज कपूर ने शम्मी कपूर को महफिल में बुलाना बंद कर दिया



**मुंबई, जेएनएन।** हिंदी सिनेमा को अलग मुकाम पर पहुंचाने वाले अभिनेता राज कपूर ने करियर में कई फिल्में दी हैं। ओल्ड स्टोरीज बताने वाले एक यूट्यूब चैनल ने ये किस्सा शेयर करते हुए बताया कि जब राज कपूर 'संगम' और शम्मी कपूर 'जंगली' बना रहे थे, तो राज ने घर में महफिल जमाई थी, जिसमें संगीत के साथ शराब भी थी। इत्तेफाक से संगम, जंगली दोनों फिल्मों का संगीत शंकर जयकिशन का था और गाने शैलेंद्र और हसरत ने लिखे थे। पार्टी में राज ने हसरत से गीत सुनाने को कहा। उन्हें दोनों फिल्मों के लिए एक थीम पर गाना था। हसरत ने एक-एक कर गाना स्टार्ट किया। हसरत ने जैसे पहला गाना 'ये मेरा प्रेम पत्र' पढ़कर सुनाया,राज कपूर नशे में डूब गए, तभी शम्मी ने हसरत से दूसरा गीत सुनाने को कहा, उन्होंने 'एहसान तेरा होगा मुझ पर' सुनाया तो एक्टर इसमें खो गए। शम्मी को ये गाना इतना पसंद आया कि उन्हें ये डर लगने लगा कि गाना राज संगम में ले लेंगे, जिससे हसरत से गुजारिश की, दूसरा गाना राज को न सुनाए। उन्हें सुबह तक याद नहीं रहेगा। बाद में राज को शम्मी कपूर की गाने की हेराफेरी की भनक लग गई, तो अभिनेता भाई पर काफी नाराज हुए कि महफिलों में उन्हें बुलाना बंद कर दिया। हालांकि, बाद में ये मामला सुलट गया और दोनों भाइयों में सुलह भी हो गई।


---

**तकनीक** | **बिना शर्माए उतार रही कपड़े, एक्सएआई की वजह से मस्क भी हो चुके हैं शर्मिंदा**

# मस्क के 'गर्लफ्रेंड', 'बॉयफ्रेंड' दोनों बेहद बदतमीज

**वॉशिंगटन, जेएनएन।** हाल ही में ग्रोक के एक फीचर को लेकर बड़ा हंगामा खड़ा हो गया है। दरअसल, एलन मस्क की कंपनी एक्सएआई ने अपने एआई चैटबॉट ग्रोक में कंपेनियन नाम का फीचर लॉन्च किया है। इसमें दो एआई अवतार पेश किए गए हैं, जिनमें से एक एनी नाम की लड़की है और दूसरा बैड रूडी नाम का पांडा है। एनी दिखने में एक एनिमे कैरेक्टर की तरह लगती है, जो छोटे कपड़ों में यूजर्स के साथ फ्लर्ट करती है। ऐप को खोलते ही यह खुद को यूजर की गर्लफ्रेंड के तौर पर पेश करती है। वहीं बैड रूडी नाम का एनिमेटेड किरदार बेहद गुस्सैल है और लोगों से बदतमीजी से बात करता है। इन दोनों ही किरदारों की हरकतों की वजह से फिलहाल ग्रोक को लेकर बवाल हो रहा है। ऐसे में ग्रोक एआई को अपने दो एनिमेटेड किरदारों की वजह से शर्मिंदा होना पड़ रहा है।

ग्रोक के कंपेनियन फीचर ने दो एनिमेटेड किरदारों को यूजर्स के आगे पेश किया है। इनमें से एक किरदार एनी नाम की लड़की



का है जो यूजर्स के साथ बातचीत करती है। ऐप को इस्तेमाल करते हुए यह आपकी बातों को सुन पाती है और पलट कर अश्लील अंदाज में जवाब भी देती है। अगर इसे आपके जवाब पसंद आते हैं, तो यह अपने कपड़े उतारकर अंडरगारमेंट्स भी दिखाती है। इसी तरह एक किरदार है एनिमेटेड रकून का जिसे बैड रूडी नाम दिया गया है। यह भी आपकी आवाज सुन कर आपसे बातचीत कर सकता है और गंदी-गंदी गालियां देता है। इन दोनों किरदारों के बदतमीजी भरा व्यवहार चर्चा का विषय बना हुआ है। जिस पर एलन मस्क पूरी तरह से चुप हैं।

ग्रोक इस्तेमाल करने वाले कई लोग हैं, जो इन दोनो किरदारों का कूल मान रहे हैं, लेकिन एक धड़ा है, जिसका कहना है कि ग्रोक अश्लीलता फैला रहा है। शनल सेंटर ऑन सेक्शुअल एक्सप्लॉइटेशन ने तो एनी जैसे एआई किरदार को सेक्शुअल बिहेवियर बढ़ाने वाला बताया है। जानकारों का कहना है कि यह महिलाओं को वस्तु की तरह दिखाता है और अश्लीलता को बढ़ावा देता है। बता दें कि पिछले दिनों ग्रोक नाजी और हिटलर को सपोर्ट करने के चलते सुर्खियों में रहा था। उसके बाद इस तरह के अश्लील और गाली देने वाले एआई फीचर्स पेश कर ग्रोक अपनी और फजीहत करवा रहा है। ये फीचर फिलहाल ग्रोक ऐप में आईओएस यूजर्स के लिए उपलब्ध है। इसे ऐप में जाकर अलग से ऑन करना पड़ता है। ऐप में बैड रूडी का एक अश्लील वर्जन भी मिलता है। बहरहाल एलन मस्क का इसे लेकर कहना है कि यह एक सॉफ्ट लॉन्च है। आने वाले समय में इन फीचर्स को एक्सेस करने में और आसान बनाया जाएगा।

**बच्चे भी कर रहे इस फीचर का इस्तेमाल**

जानकारों का कहना है कि ग्रोक के इस फीचर को इस्तेमाल करने के लिए फिलहाल उम्र की कोई लिमिटेशन नहीं है। ऐसे में बच्चे भी इसे इस्तेमाल कर सकते हैं और यह न सिर्फ बच्चों के लिए गलत हो सकता है बल्कि ऐप स्टोर की पॉलिसी के भी खिलाफ है। एक्सपर्ट्स का यह भी कहना है कि अगर बच्चों की पहुंच इस तरह के कंटेंट की तरफ बढ़ती है, तो उनमें आक्रामकता बढ़ सकती है।

# जस्टिस सचदेवा ने ली मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ

### राजभवन में राज्यपाल ने दिलाई शपथ, मंत्री रहे मौजूद

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा ने शुक्रवार को राजभवन में मध्यप्रदेश के 29वें मुख्य न्यायाधिपति की शपथ ग्रहण की। उन्हें राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने शपथ दिलाई। इससे पूर्व मुख्य सचिव अनुराग जैन ने राष्ट्रपति द्वारा न्यायाधीश संजीव सचदेवा को मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधिपति नियुक्त किए जाने की अधिसूचना का वाचन किया। सांदीपनि सभागार में आयोजित गरिमामय समारोह में शपथ के दौरान न्यायमूर्ति सचदेवा के परिजन भी मौजूद रहे। शपथ के उपरांत राज्यपाल पटेल और उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने मुख्य न्यायाधिपति सचदेवा को पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण, सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राच्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार, विधायक रामेश्वर शर्मा, हरियाणा के पूर्व राच्यपाल कप्तान सिंह सोलंकी, भोपाल नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, लोकायुक्त सत्येन्द्र कुमार सिंह, मुख्य सूचना आयुक्त विजय यादव, सदस्य मानवाधिकार आयोग राजीव टंडन, राच्यपाल के अपर मुख्य सचिव केसी गुप्ता, अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन संजय शुक्ल, पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना, रजिस्ट्रार जनरल मप्र उच्च न्यायालय धरमिंदर सिंह आदि उपस्थित रहे।



# पानी की मनमानी : बारिश से बर्बादी, गांव-गांव तबाही

## कलेक्टर ने पलेरा समेत ग्रामीण इलाके का लिया जायजा



**टीकमगढ़/पलेरा।** नगर क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के चलते नदी-नाले उफान पर हैं। गुरुवार की रात मूसलाधार बारिश ने नगर समेत कई इलाकों में तबाही मचाई है। नदियां, तालाब, झरने समेत लगभग सभी जलाशय पानी से लबालब हो चुके हैं। नगर के वार्ड इलाकों के आम रास्तों में जलभराव हो रहा है। पलेरा नगर मुख्यालय से 4 किलोमीटर दूर स्थित संजयनगर की उर नदी का पानी शुक्रवार की सुबह पुल के ऊपर बहने से प्रशासन के निर्देश पर तत्काल मार्ग को बंद किया गया। जिसके चलते नगर से टीकमगढ़-जतारा एवं मऊरानीपुर आवागमन का संपर्क कट गया। इसके अलावा दांतगोरा-किशनपुरा से देरी मार्ग पर बना हुआ पुल भी तेज बारिश के बहाव में बह गया। जनपद पंचायत पलेरा क्षेत्र की ग्राम पंचायत लिधौरा नजदीक टौरी एवं बूदौर-महेंद्र महेवा के पुल पर पानी आने से कई गांव का संपर्क नगर से कट गया। इसके साथ ही खैरा विजयपुर से उत्तर प्रदेश को जोड़ने वाले पुल पर पानी आ जाने से यह मार्ग भी बंद रहा। नगर क्षेत्र में हालात बिगड़ते देख जिला कलेक्टर विवेक श्रोतिय नगर के गजाधर तालाब की स्थिति का जायजा लेने मौके पर पहुंचे। जल निकासी के पर्याप्त इंतजामों को लेकर उन्होंने सीएमओ शिवि उपाध्याय एवं कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए। कलेक्टर विवेक श्रोतिय के निर्देश पर नगर के प्रशासनिक अधिकारी संपूर्ण नगर के प्रभावित क्षेत्र का जायजा लेते रहे एवं लोगों को पानी वाले क्षेत्रों में नहीं जाने की सलाह दी गई। पुरैनियां-चरी गांव में तालाब का जलस्तर बढ़ने की सूचना पर कलेक्टर ने तहसीलदार कुलदीप सिंह ठाकुर, सीईओ सिद्धगोपाल वर्मा के साथ मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लेते हुए दिशा निर्देश दिए। इसके बाद कलेक्टर ने दांतगौरा-भदर्रा एवं बूदौर गांव के हालातो का जायजा लेने मौके पर पहुंचे। वहीं गुरुवार की रात नगर की 33 केवी विद्युत लाईन फाल्ट होने से नगर एवं क्षेत्र की विद्युत सप्लाई पूर्ण रूप से बंद रही। जिसके चलते लोगों को कई असुविधाओं का सामना करना पड़ा।

### नगर की वार्ड-कॉलोनियों में भरा पानी

गुरुवार की रात से तेज मूसलाधार बारिश की वजह से पलेरा नगर के चारों तरफ जलभराव के हालात बन गए। नगर के पठेश्वरी गजाधर तालाब का जलस्तर बढ़ने से गंज मोहल्ला समेत बाले का पुरा इलाका जलभराव की चपेट में है। लोगों के घरों में पानी घुसने की नौबत आ गई। यही हालत वार्ड क्रमांक 15 पटपरा एवं वार्ड क्रमांक 3 कंचनपुरा-बगारभाटे में बनें हुए हैं। गजाधर तालाब का जलस्तर बढ़ने की सूचना पाकर नगर परिषद अध्यक्ष गायत्री विनोद वर्मा, नगर परिषद उपाध्यक्ष संदीप तिवारी उर्फ रानू, पार्षद अभय मोर,मान सिंह राय, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुनील खटीक पार्षद प्रतिनिधि मुकेश यादव, पार्षद गुलाब आदिवासी, पार्षद रामकिशोर कुशवाहा एवं सीएमओ शिवि उपाध्याय नगर परिषद कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंची। गजाधर तालाब के तेज बहाव ने नगर के सवाई दीवान साहब की बाउंड्रीवॉल को तोड़ दिया। जिसके चलते गंज मोहल्ला वार्ड बाशिंदों के घरों में अंदर तालाब का पानी पहुंचने लगा। यहां हालात बिगड़ते देख नगर परिषद सीएमओ शिवि उपाध्याय ने तत्काल बिना देर किए दो जेसीबी मशीन मौके बुलाते हुए रामप्रसाद चौरसिया के मकान के पास बने हुए रपटें की दीवाल तुड़वा दी। जिसके चलते पर्याप्त रूप से पानी की निकासी नाले में होने लगी। गंज मोहल्ला के निवासियों ने बताया पठेश्वरी गजाधर तालाब की बंधान को मिट्टी से ऊंचा करने के बाद पत्थरों की पिचिंग लगाई जानी थी। उन्होंने बताया करीब एक साल से बंधान पर पत्थर रखे हुए हैं। लेकिन नगर परिषद की लापरवाही के चलते उन पत्थरों को मौके पर नहीं लगाया गया। जिसके चलते बारिश एवं हवा की तेज लहरों से मिट्टी खिसक रही है। लगातार तेज बारिश के चलते तालाब फटने की कगार पर है। उन्होंने बताया कि तालाब का पानी घरों के अंदर भरने से दहशत की यह स्थिति पूरे गंज मोहल्ला में बनी है। नागरिकों के द्वारा नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही करने एवं इस पूरे मामले पर जांच किए जाने की मांग की है।

# बगैर रजिस्ट्री और नपा अनुमति के बनाया मकान, कलेक्टर से हुई शिकायत

**टीकमगढ़।** जिले में अवैध कॉलोनियों पर कलेक्टर ने नकेल कसना शुरू कर दिया है, जिसके बाद अब कई जगह अवैध मकान होने की शिकायतें भी आने लगी है, जिसमे एक पीड़ित ने कलेक्टर से शिकायत करते हुए बताया की नया बस स्टैंड मऊ रोड पर जयप्रकाश दीक्षित पिता केशवदास दीक्षित के द्वारा अवैध तरीके से एक मकान का निर्माण किया गया है, जिसमे पीड़ित पुष्पेंद्र पिता हल्केलाल दीक्षित निवासी छिदारी जिला टीकमगढ़ ने दिनांक 16 जुलाई 2025 को कलेक्टर विवेक श्रोतिय को शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि जयप्रकाश दीक्षित पिता केशवदास दीक्षित ने शासकीय सेवा में रहते हुए बगैर रजिस्ट्री और नगर पालिका से अनुमति के बिना नक्शा पास कराय नया बस स्टैंड पर एक मकान का निर्माण कर लिया है जो अवैध है। शिकायतकर्ता ने बताया कि यह जमीन किसी समिति के नाम थी जिससे फर्जी तरीके से बगैर अनुमति और बगैर रजिस्ट्री के जयप्रकाश दीक्षित ने मकान बनाकर अतिक्रमण कर लिया है। साथ ही पीड़ित ने आरोप लगाया कि अंबेडकर तिराहे से नया बस स्टैंड तक अतिक्रमण हटाया गया है यह मकान भी अवैध बना हुआ है जो सड़क पर बाधा बन रहा है, जिसे अतिक्रमण मुक्त किया जाए।

# सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर बिजली विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को दी गई गाली, कोतवाली में की गई शिकायत



**टीकमगढ़।** सहायक अभियंता (शहर) म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.क.लि. टीकमगढ़। बिजली विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा शुक्रवार को कोतवाली थाने में शिकायत की गई है ।शिकायत में बताया गया कि 18 अगस्त को एवं पूर्व में भी सोसल मिड़िया के फेस बुक तरूण सोनी बानपुर दरवाजा द्वारा बिजली विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियो को गालिया दी गई। जिसमें फेसबुक के पेज पर माँ बहन की गालिया दी गई है। जो कि यह कृत्य तरूण सोनी निवासी बानपुर दरवाजा द्वारा किया गया है। जिससे विभाग के कर्मचारियो को ठेस पहुँची हैं। तरूण सोनी (बाबा की बुटी) निवासी बानपुर दरवाजा के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही करने की कृपा करें कार्यवाही न होने पर पूर्ण शहर में ब्लैक आऊट की स्थिती हो बन जायेगी। जिसकी जावावदारी शासन एवं प्रशासन की होगी। इस दौरान कमलेश गंगेले, नितेश यादव, दीपक मिश्रा, पवन यादव, भूपेंद्र सिंह चौहान, आशुतोष दुबे, प्रेम नारायण विश्वकर्मा, कड़ौरी कुशवाहा, अनुज बुंदेला, अर्पित भोंडेले, अजीत यादव, अब्दुल कुरैशी, अखिलेश दीक्षित, रविन्द्र नामदेव, कमलेश प्रजापति, सुनील श्रीवास्तव, मुकेश लोधी, ब्रजेश श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# मत्स्य बाजारों में की गई छापामार कार्रवाई, 56 किलो लावारिस मछली जब्त

**पन्ना ।** कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देशानुसार मत्स्य पालन विभाग द्वारा गुरूवार को बंद ॠतु की अवधि में पन्ना के स्थानीय मत्स्य बाजारों में छापामार कार्यवाही कर 56 किलो मछली लावारिस हालत में जप्ती के उपरांत नीलामी की कार्यवाही की गई। जिला कलेक्टर द्वारा गत 16 जून को अधिसूचना जारी कर आगामी 15 अगस्त तक मत्स्याखेट पर प्रतिबंध लगाया गया था। इस अवधि में मत्स्य विक्रय, विनिमय और परिवहन भी प्रतिबंधित किया गया है। उल्लंघन पर अधिनियम की धाराओं में एक वर्ष के कारावास या 5 हजार रूपए जुर्माना अथवा दोनों से दण्डित करने का प्रावधान है। मत्स्य निरीक्षक एच.सी. विश्वकर्मा द्वारा विभाग की टीम के साथ मत्स्य बाजार में छापामार कार्रवाई की गई।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत छत्रसाल महाविद्यालय में 101 पौधों का रोपण




**पन्ना।** पन्ना म.प्र. शासन पर्यावरण विभाग एवं कलेक्टर पन्ना के निर्देशों के परिपालन में छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना के प्राचार्य डॉ एस डी चतुर्वेदी के आदेशानुसार महाविद्यालय के वानस्पतिक उद्यान में आज दिनांक 17.7.2025 को एक पेड़ माँ के नाम 2.0 अभियान अंतर्गत 101 पौधों का रोपण किया गया है। यह वृक्षारोपण महाविद्यालय में इको-क्लब तथा उसके प्रभारी डॉ मनोज कुमार शुक्ल के तत्वाधान में किया गया। आज के वृक्षारोपण कार्यक्रम में कटहल के 30 अमरूद के 20, जामुन के 20, आंवला के 20, आम के 05 एवं कदम के 06 पौधों सहित कुल 101 पौधों का रोपण किया गया। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ एस डी चतुर्वेदी, जनभागीदारी अध्यक्ष श्री राजेश गौतम, प्रशासनिक अधिकारी डॉ पी पी मिश्रा, पूर्व प्राचार्य डॉ एस पी एस परमार, डॉ जे के वर्मा, डॉ मनोरमा गुप्ता, डॉ आर एम दत्ता, डॉ नंद कुमार पटेल कार्यक्रम के संयोजक डॉ मनोज कुमार शुक्ल सदस्य डॉ आनंद चौरसिया, डॉ डीपी कुशवाहा, श्री अरविंद निषाद, डॉ निशांत खरे, डॉ अमिता सिन्हा सहित महाविद्यालय परिवार के सदस्य तथा वन विभाग से श्री अजय बाजपेई परिक्षेत्र अधिकारी पन्ना, सहायक परक्षेत्राधिकार देवेंद्र सिंह, पंकज प्रकाश कुशवाहा, राजीव कुमार तथा भरत लोहरहा बीट गार्ड के विशेष सहयोग से कार्यक्रम किया गया। एक पेड़ माँ के नाम पौधा रोपण कार्यकम में पौधा रोपण के साथ प्रतिभागी का फोटो वायुदूत (अंकुर) मोबाइल एप पर अपलोड भी करना होगा।

# सोमवार को डाक सेवाएं अस्थाई रूप से निलंबित रहेगी

**पन्ना ।** अधीक्षक डाकघर सतना संभाग द्वारा अवगत कराया गया है कि सोमवार, 21 जुलाई को आईटी 2.0 एप्लीकेशन के रोलआउट के कारण डाक सेवाएं अस्थाई रुप से निलंबित रहेंगी। डाक विभाग द्वारा एप्लीकेशन के निर्बाध और सुरक्षित संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से डाउनटाइम निर्धारित किया गया है। इस दिन सभी डाकघर में कोई सार्वजनिक लेन-देन नहीं होगा। यह अस्थाई सेवा निलंबन डेटा माइग्रेशन, सिस्टम सत्यापन और आवश्यक कॉन्फिगरेशन प्रक्रियाओं को निष्पादित करने के लिए आवश्यक है, जिससे नई प्रणाली को प्रभावी व सुचारू रूप से लागू किया जा सके। उल्लेखनीय है कि डाक विभाग द्वारा अगली पीढ़ी की एपीटी एप्लीकेशन की शुरूआत की जा रही है। इस परिवर्तनकारी पहल के तहत उन्नत प्रणाली को पन्ना जिले के सभी डाकघरों में 22 जुलाई 2025 से लागू किया जाएगा।

# वैष्णव माता विधि महाविद्यालय में प्रारंभ हुआ नवीन पांच वर्षीय विधि पाठ्यक्रम बीएएलएलबी (ऑनर्स)




**पन्ना ।** जिले के वैष्णव माता शिक्षा समिति द्वारा संचालित वैष्णव माता विधि महाविद्यालय पन्ना में आज दिनांक 17 जुलाई 2025 को एक प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। यह पत्रकार वार्ता समिति के सचिव अंकुर त्रिवेदी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता रामलखन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में वैष्णव माता विधि महाविद्यालय के प्राचार्य राजकुमार सेन व प्राचार्य डिग्री पाठ्यक्रम अविनाश पाण्डेय ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि यह हमारे जिले के लिए गौरव की बात है कि जिले में पूर्व से वैष्णव माता विधि महाविद्यालय संचालित है। जिसमे एलएल.बी. त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम संचालित था अब महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा प्रयास करते हुए पन्ना जिला मुख्यालय व ग्रामीण क्षेत्रों के ऐसे छात्र-छात्रायें जो कक्षा 12वीं के बाद विधि पाठ्यक्रम में ऑनर्स की पढाई करना चाहते हैं। उनके लिए सत्र 2025-26 से बीए.एलएल.बी. आनर्स पांच वर्षीय पाठ्यक्रम जो कि बार कांउसिल ऑफ इण्डिया से मान्यता, उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन से मान्यता व महाराजा छत्रशाल बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय छतरपुर से संबद्धता प्राप्त है महाविद्यालय में प्रारंभ किया गया है। अभी तक यह कोर्स बाहर के बडे शहरों में ही संचालित था। वैष्णव माता शिक्षा समिति व विधि महाविद्यालय द्वारा प्रयास करते हुए बीए.एलएल.बी. (ऑनर्स पांच वर्षीय पाठ्यक्रम) को सत्र 2025-26 से प्रारंभ किया गया है। इस दौरान प्राचार्य राजकुमार सेन द्वारा बताया गया कि यह पांच वर्षीय ऑनर्स विधि पाठ्यक्रम है जिसमें कोई भी छात्र-छात्रायें जो कक्षा 12वीं में किसी भी संकाय से उत्तीर्ण हो प्रवेश लेकर बीए.एलएल.बी. आनर्स की पढाई कर सकते हैं। और अपना भविष्य बना सकते है। हायर सेकेण्डरी उत्तीर्ण करने के बाद वकालत के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए बीए एलएलबी कोर्स कर सकते हैं। बीएएलएलबी पाठ्यक्रम उत्तीर्ण करने के बाद वकालत के क्षेत्र में अपना भविष्य बना सकते हैं एवं सिविल जज, एडीपीओ, किसी कंपनी में विधिक सलाहकार, बैंक के विधिक सलाहकार के रूप में अपना करियर बना सकते हैं, वर्तमान में प्रत्येक विभाग में विधि से संबधित नियुक्तियां होती है जिसमें छात्र,छ छात्रायें अपना करियर बना सकते हैं एवं बीएएलएलबी उत्तीर्ण करने के बाद एलएलएम पाठ्यक्रम में प्रवेश लेकर विधि से स्नातकोत्तर की पढाई कर सकते हैं।

### प्रवेश हेतु अंतिम अवसर

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा वर्तमान में बीएएलएलबी पाठ्यक्रम में वर्तमान सत्र 2025-26 में प्रवेश लेने हेतु उच्च शिक्षा विभाग के ई-प्रवेश पोर्टल पर कालेज लेवल कांउसलिंग की प्रक्रिया दिनांक 16 जुलाई से जारी है जिसकी अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 है जिसमें छात्र महाविद्यालय में उपस्थित होकर अपना रजिस्ट्रेशन ऑनलाईन कराकर महाविद्यालय में सीधे प्रवेश ले सकते हैं।

### क्यों खास है बीएएलएलबी ऑनर्स कोर्स

उक्त पाठ्यक्रम में बीए व एलएलबी दोनों शामिल होता है. वकालत में करियर बनाने के लिए इसे बेस्ट कोर्स माना जा रहा है. 12वीं के बाद बेहतरीन करियर के लिए किसी भी स्ट्रीम के छात्र बीए एलएलबी कोर्स कर सकते हैं. बीए.एएल.बी. कोर्स एक इंटीग्रेटेड कोर्स है जिसमें बैचलर ऑफ आर्ट्स एवं बैचलर ऑफ लॉ एक साथ कर सकते हैं. बीए एलएलबी कोर्स पांच साल में कर सकते हैं. इस 5 वर्ष के इंटीग्रेटेड कोर्स में छात्र सिविल लॉ, क्रिमिनल लॉ, लेबर लॉ, टैक्स लॉ, प्रशासनिक लॉ, कॉर्पोरेट लॉ आदि के बारे में पढ़ सकते हैं. इसके अलावा अर्थशास्त्र, इतिहास, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र आदि जैसे आदि जैसे सब्जेक्ट्स का अध्ययन कर सकते हैं। पत्रकारवार्ता के दौरान वैष्णव माता विधि महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक विधि विभाग से बृजकिशोर त्रिपाठी, गरिमा जैन, राहुल पटेल, अनुपम त्रिपाठी, नवीन शर्मा, सहित अन्य संकायों से पंकज पाण्डेय, श्रीमती नितिका डनायक, शिभा सिंह सोलंकी, साधना साहू, अमित पाण्डेय, भूपेन्द्र चौबे, मनोज जडिया, अतुल पाण्डेय, नरेन्द्र अहिरवार, भारत सिंगरौल, महेन्द्र सिंह, संजय कुमार प्रजापति, रानी यादव, रागिनी चौधरी, नेहा सेन, रिचा तिवारी, सविता, गजेन्द्र उपस्थित रहे।

# नशे से दूरी है जरूरी अभियान के अंतर्गत पन्ना पुलिस द्वारा भव्य बाइक रैली का आयोजन



**पन्ना ।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार दिनांक 15 जुलाई से 30 जुलाई 2025 तक समूचे मध्यप्रदेश में ऽनशे से दूरी है जरूरीऽ विषय पर सघन जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे की लत से दूर रखना, समाज को स्वस्थ और सुरक्षित बनाना तथा मादक पदार्थों के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता फैलाना है। पन्ना जिले में इस अभियान की भव्य शुरुआत पुलिस अधीक्षक कार्यालय से हुई, जहां विधायक श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह, कलेक्टर श्री सुरेश कुमार, पुलिस अधीक्षक श्री साई कृष्णा एस. थोटा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री वंदना चौहान की गरिमामयी उपस्थिति में पुलिस बल को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर माननीय विधायक श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि ऽनशा युवाओं के भविष्य के लिए सबसे बड़ा खतरा है। यह केवल एक व्यक्ति नहीं, उसके पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। आज आवश्यकता है कि हम सब मिलकर नशा विरोधी अभियान को जनांदोलन का रूप दें। अभिभावक, शिक्षक, प्रशासन एवं समाज के प्रत्येक वर्ग को अपनी भूमिका निभानी होगी। यह रैली केवल प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि परिवर्तन की दिशा में पहला कदम है। साथ ही पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा कहा गया कि ऽनशे के विरुद्ध यह लड़ाई केवल कानून की नहीं, बल्कि समाज की है। हमें मिलकर एक ऐसा वातावरण तैयार करना है, जिसमें युवा जागरूक, स्वावलंबी और नशा मुक्त जीवन की ओर अग्रसर हों। अभियान के तहत आज दिनांक 15 जुलाई को पन्ना पुलिस द्वारा एक बाइक रैली का आयोजन किया गया, जिसमें 150 से अधिक पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मोटरसाइकिलों पर सवार होकर शामिल हुए। रैली का उद्देश्य नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत करना तथा समाज में सकारात्मक संदेश प्रसारित करना था। यह बाइक रैली पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्रारंभ होकर पुलिस लाइन तिराहा, बीटीआई तिराहा, कोतवाली तिराहा, कटरा बाजार, गणेश मार्केट, गोविंद जी चौराहा, बड़ा बाजार, अजयगढ़ चौराहा, गांधी चौक और अस्पताल चौराहा होते हुए पुनः पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर संपन्न हुई। रैली में कोतवाली थाना, यातायात थाना, पुलिस रक्षित केंद्र सहित अन्य इकाइयों के अधिकारी-कर्मचारियों ने सहभागिता की। प्रदेश में नशीले पदार्थों का सेवन एक गम्भीर सामाजिक समस्या बन चुका है, जो युवाओं के शारीरिक, मानसिक व सामाजिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है। इसके उन्मूलन हेतु सभी वर्गों—परिवार, विद्यालय, सामाजिक संस्थाएं एवं प्रशासन—को एकजुट होकर कार्य करना होगा। यह अभियान न केवल नशे के खिलाफ चेतना जागृत करता है, बल्कि समाज को यह संदेश देता है कि नशा एक व्यक्ति नहीं, पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। पन्ना पुलिस ने यह संकल्प लिया है कि इस जागरूकता अभियान को सड़क से समाज तक पहुँचाकर अधिक से अधिक नागरिकों को नशा उन्मूलन हेतु प्रेरित किया जाएगा।

# बाइक की टक्कर में तीन घायल, मासूम की हालत गंभीर



**पवई।** पवई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम महेड़ा में शुक्रवार दोपहर एक भीषण सड़क दुर्घटना हो गई। जानकारी के अनुसार राज तोमर पिता वीरू तोमर (19) निवासी बड़खेरा, हर्ष राजा पिता सुखदेव सिंह (17) निवासी बिल्हा एवं रवि चौधरी पिता रामलाल चौधरी (19) निवासी बिल्हा, तीनों युवक पवई से अपने गांव की ओर बाइक से लौट रहे थे। इसी दौरान महेड़ा गांव के पास पुलिया के समीप खड़े शिवकुमार वर्मा एवं उनके 9 वर्षीय पुत्र अक्षांश वर्मा, जो मूलतः तिघरा निवासी हैं और वर्तमान में महेड़ा में रह रहे हैं, के साथ उनकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। दुर्घटना में राज तोमर, रवि चौधरी एवं मासूम अक्षांश वर्मा घायल हो गए। बताया जा रहा है कि अक्षांश को गंभीर चोटें आई हैं, जिसे तत्काल उपचार के लिए पवई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# जागरुकता ही जीवन रक्षा है : डॉ अभिषेक जैन

## बरसात में सर्पदंश से सावधानी सांप के डसने पर घबराएं नहीं, तुरंत उपचार लें, झाड़-फूंक से बचें



**पन्ना ।** देवेंद्रनगर जैसे ही वर्षा ॠतु प्रारंभ होती है, सर्पदंश की घटनाओं में तेजी से वृद्धि हो जाती है। बरसात के मौसम में सांप अपने बिलों से निकलकर रिहायशी इलाकों की ओर आ जाते हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में खतरा बढ़ जाता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवेंद्रनगर के मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक जैन ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा प्राथमिक, सामुदायिक एवं जिला चिकित्सालयों में एंटी-स्नेक वेनम इंजेक्शन सहित उपचार की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। नागरिकों को चाहिए कि वे कुछ आसान सावधानियाँ अपनाकर इस खतरे से स्वयं की और अपनों की रक्षा करें। खेतों, झाड़ियों, लकड़ी या पुआल के ढेर में काम करने से पहले लाठी से हल्का प्रहार अवश्य करें। अंधेरे में टॉर्च का प्रयोग करें और घर के आसपास साफ-सफाई रखें, झाड़ियाँ काटें तथा दीवारों की दरारें बंद करें। खुले स्थानों में विशेषकर रात को सोने से बचें, क्योंकि यही समय सर्पों की सक्रियता का होता है। यदि सर्पदंश की स्थिति उत्पन्न हो जाए तो घबराएं नहीं, शरीर को शांत रखें और बिना समय गंवाए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाएं। घाव को काटना, चूसना या उस पर कोई रसायन लगाना अत्यंत हानिकारक हो सकता है। झाड़-फूंक या टोने-टोटके में समय न गंवाएं, क्योंकि देरी जानलेवा सिद्ध हो सकती है। यदि संभव हो तो सांप के रंग, आकार या कोई अन्य पहचान याद रखने का प्रयास करें, पर उसे पकड़ने या मारने का प्रयास न करें। डॉ. जैन ने नागरिकों से अपील की कि वे स्वयं सतर्क रहें, समय पर चिकित्सा लें और सर्पदंश से संबंधित जानकारी का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार करें। शासन एवं प्रशासन की व्यवस्थाएं तभी प्रभावी होंगी जब समाज का हर व्यक्ति जागरूकता और सजगता को जीवन का हिस्सा बनाएगा। बरसात के मौसम में सर्पदंश के साथ-साथ मलेरिया, डेंगू, दस्त और वायरल बुखार जैसी बीमारियाँ भी आम हो जाती हैं। इनके बचाव के लिए घर के आसपास पानी जमा न होने दें, मच्छरदानी का उपयोग करें, साफ-सुथरा व उबला हुआ पानी पीएं तथा हाथों की स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें।

# सिमरा कलां के ग्रामीणों ने पटवारी को यथावत रखने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**पवई।** पवई जनपद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिमरा कलां के ग्रामीणों ने शुक्रवार को तहसील कार्यालय पहुंचकर एसडीएम के नाम तहसीलदार त्रिलोक सिंह को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने ज्ञापन में मांग की है कि वर्तमान में पदस्थ हल्का पटवारी निर्भय सिंह को स्थानांतरित न किया जाए और उन्हें सिमरा कलां में ही यथावत पदस्थ रखा जाए। ग्रामीणों ने बताया कि पटवारी निर्भय सिंह एक निष्पक्ष, ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी हैं। उनकी पदस्थापना के बाद से ग्रामवासियों को किसी कार्य के लिए पवई या अन्य स्थानों के चक्कर नहीं काटने पड़े। मात्र एक माह पूर्व ही उनकी सिमरा कलां में पदस्थापना हुई थी, लेकिन अब उनका स्थानांतरण कूपना ग्राम के लिए कर दिया गया है, जिससे ग्रामीणों में असंतोष व्याप्त है।
ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि जनहित को दृष्टिगत रखते हुए निर्भय सिंह को सिमरा कलां में ही पदस्थ रहने दिया जाए। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से शिवकुमार पाण्डेय, जगत सिंह, पूरन सिंह सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# अमानगंज थाना क्षेत्र मे फरियादिया के साथ धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को राजधानी भोपाल से किया गया गिरफ्तार

**पन्ना ।** आरोपी 500 बैग आटा का ऑर्डर कीमती करीब 3 लाख 50 हजार रुपये का प्राप्त कर हो गया था फरार पुलिस ने व्यापारिक धोखाधड़ी के एक महत्वपूर्ण मामले में सक्रियता और तकनीकी दक्षता के आधार पर राजधानी भोपाल से मामले के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामले मे फरियादिका द्वारा थाना अमानगंज में एक लिखित आवेदन दिया गया, जिसमें बताया गया कि वह निर्मल फरूड इंडस्ट्रीज़, ग्राम द्वारी, तहसील अमानगंज, जिला पन्ना के नाम से आटा उत्पादन का कार्य करती हैं। उन्होंने सोनी इंटरप्राइजेस भोपाल (प्रो. मोग्ली सोनी) से अनुबंध के तहत दिनांक 17.06.2024 को 500 बैग आटा (कीमत ?3,45,000) ट्रांसपोर्ट के माध्यम से भेजा था। अनुबंध के अनुसार भुगतान 7 दिन में किया जाना था, परंतु आरोपी ने माल प्राप्त करने के बाद भुगतान नहीं किया और फरार हो गया। फरियादिका की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए थाना अमानगंज में भारतीय न्याय संहिता के तहत धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया गया। मामले मे पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देश पर एक विशेष टीम गठित की गई। उक्त पुलिस टीम द्वारा आरोपी की लगातार तलाश पतारसी की गई एवं तकनीकी साक्ष्य एकत्रित किए संपर्क सूत्रों की गहन पूछताछ की गई, आरोपी के संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई। लगातार प्रयासों के फलस्वरूप आरोपी को भोपाल से हिरासत में लेकर विधिवत गिरफ्तार किया गया।

**नाम पता आरोपी**- 1. मोग्ली सोनी पिता गोविंद सोनी उम्र 30 साल निवासी सेक्टर नम्बर बी/2/51 साकेत नगर डीआरएम रोड हुजुर भोपाल जप्त सामग्री- आरोपी के कब्जे से 16 हजार रुपये नगदी जप्त की गई है। पन्ना पुलिस व्यापारिक एवं आर्थिक अपराधों को गंभीरता से लेती है तथा ऐसे अपराधियों को जल्द से जल्द न्याय के कटघरे में लाने हेतु सतत प्रयासरत है। मामले मे थाना प्रभारी अमानगंज निरी.



माधवी अग्निहोत्री, थाना स्टॉफ एवं सायबर सेल टीम पन्ना का सराहनीय योगदान रहा।

# झेलम सदन सात पुरस्कार प्राप्त कर रहा अव्वल

## डीपीएस निगाही में अंग्रेजी भाषण एवं वाद विवाद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




जागरण, निगाही

दिल्ली पब्लिक स्कूल निगाही में अंग्रेजी भाषा में अंतर सदनीय भाषण एवं वाद. विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसकी जानकारी देते हुए विद्यालय के प्राचार्य सुखवंत सिंह थापर ने बताया कि यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ान उनके अभिव्यक्त की क्षमता का विकास करने और उन्हें सामाजिक राष्ट्रीय एवं सम. सामयिक मुद्दों पर सोचने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष कराई जाती है। कार्यक्रम का आयोजन नव.निर्मित ऑडिटोरियम में किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र.छात्राओं के अलावा शिक्षक और अभिभावक भी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में वर्ग अ,ब,स और द के बच्चों ने भाग लिया। वर्ग अ और ब के लिए भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। जिसका विषय क्रमशः कृतज्ञता और आत्मविश्वास सफलता की कुंजी रखा गया था। जबकि वर्ग स और द के लिए वाद. विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई थी जिसका विषय क्रमशः जलवायु परिवर्तन हमारे समाज के लिए सबसे बड़ा खतरा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अवसर से बड़ा खतरा रखा गया था। कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती जसबीर कौर मान ने प्रतियोगिता का परिचय दिया और तत्संबंधी नियमों के बारे में बताकर विद्यालय के विद्यार्थी परिषद के कनिष्ठ वर्ग के छात्र आरव शुक्ल को स्वागत भाषण के लिए आमंत्रित किया। तत्पश्चात विद्यालय के विद्यार्थी परिषद के वरिष्ठ वर्ग की प्रधान छात्रा अभिरुपा विश्वास तथा उप. प्रधान छात्र अस्वित सिंह चंदेल को मंच संचालन के लिए निर्देशित किया। प्रतिभागियों ने अपने विचारों को तर्कए तथ्यों और आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुत किया। उनकी वाणी में विश्वास प्रस्तुति में स्पष्टता और भावों की गहराई ने दर्शकों को मंत्र मुक्त कर दिया। एक और जहाँ झेलम सदन सात पुरस्कार प्राप्त कर अव्वल रह। वहीं सतलज और गंगा सदन को तीन.तीन पुरस्कार जबकि रावी सदन को एक पुरस्कार से संतोष करना पड़ा। पुरस्कार विजेता के रूप में वर्ग अ गंगा सदन के तृषित जायसवाल ने तीसरा, झेलम सदन के रचित रंजन ने दूसरा एवं गंगा सदन की अमायरा शाह ने पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं वर्ग ब में रावी सदन के आदर्श नामदेव ने तीसरा, झेलम सदन की सान्वी वर्मा ने दूसरा जबकि झेलम सदन की प्रतिष्ठा पांडे ने पहला स्थान प्राप्त किया। वर्ग स में विषय के पक्ष में झेलम सदन की कृतिका सिंह को दूसरा, सतलज सदन के तनिष्क जायसवाल को पहला स्थान प्राप्त हुआ । वहीं विषय के विपक्ष में झेलम सदन के मोहम्मद अहान खान को दूसरा, सतलज सदन की आराध्य चोपड़ा को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ । वर्ग द में विषय के पक्ष में गंगा सदन के जे राजरतन गुप्त को दूसरा, झेलम सदन की अशिता शुक्ल को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। वहीं विषय के विपक्ष में सतलज सदन के आदर्श श्रीवास्तव को दूसरा, झेलम सदन की पूर्वी कुमारी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में प्राचार्य सुखवंत सिंह थापर डॉ. दिव्या श्रीवास्तव और श्रीमती रुमा ठाकुर रहीं। जबकि वाद. विवाद प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में प्राचार्य सुखवंत सिंह थापरमनोज कुमार मिश्र तथा श्रीमती जसवीर कौर मान थी। निर्णायक मंडल के सदस्यों ने प्रतिभागियों में विषय की समझ भाषा की शुद्धता प्रस्तुतीकरण और समय का सदुपयोग जैसे मापदंडों के आधार पर निरीक्षण करके समुचित निर्णय दिए। प्राचार्य ने अपने संबोधन में प्रतिभागियों और विजेताओं को इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए की गई कड़ी मेहनत के लिए बधाई दी। उन्होंने सभी प्रतिभागियों की सराहना की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों को सोचने विश्लेषण करने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता देते हैं। उन्होंने प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसके पश्चात अंतर सदनीय प्रतियोगिता प्रभारी मनोज कुमार मिश्र श्रीमती जसबीर कौर मान श्रीमती प्रियंका राज और डा. एन.पी. मिश्र के प्रबंध.सहयोग द्वारा विजित प्रतिभागियों को प्राचार्य श्री थापर ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर प्रोत्साहित किया। तत्पश्चात विद्यालय के विद्यार्थी परिषद के वरिष्ठ वर्ग के प्रधान छात्र सत्यम आनंद ने धन्यवाद ज्ञापन किया। अन्त में विद्यालय के संगीत शिक्षक नवेंदु तिवारी के निर्देशन में राष्ट्रगान हुआ और प्रतियोगिता समाप्त हुई।

# वर्ष 24-25 में नई सीएसआर पहलों से सिंगरौली परिक्षेत्र के समेकित विकास को मिला नया बल

## एनसीएल की 40वीं वार्षिक आम बैठक सिंगरौली स्थित मुख्यालय में हुई सम्पन्न




जागरण, सिंगरौली। आज भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एनसीएल की 40वीं वार्षिक आम बैठक सिंगरौली स्थित मुख्यालय में सम्पन्न हुई। इस दौरान बैठक में एनसीएल की होल्डिंग कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष पी. एम. प्रसाद एनसीएल सीएमडी बी. साईराम निदेशक मानव संसाधन कोल इंडिया विनय रंजन एनसीएल के निदेशक मानव संसाधन मनीष कुमार निदेशक वित्त रजनीश नारायण निदेशक तकनीक सुनील प्रसाद सिंह कंपनी सचिव कोल इंडिया बी. पी.दूबे कंपनी सचिव एनसीएल सुशांत पांडा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष पी.एम. प्रसाद ने एनसीएल की कार्य संस्कृति को अनुकरणीय बताते हुए इसे कोल इंडिया की उत्कृष्ट कंपनी बताया व वित्त वर्ष में शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी। इसके साथ ही उन्होनें सभी कर्मियों से राष्ट्र की ऊर्जा आत्मनिर्भरता के आलोक में सुरक्षित संचालन के साथ निरंतर योगदान देने का आह्वान किया। बैठक के दौरान वित्तीय वर्ष 24.–25 के दौरान कंपनी की गतिविधियों व प्रदर्शन का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया। एनसीएल ने वित्तीय वर्ष 24–.25 में कोयला उत्पादन प्रेषण अधिभार हटाव जैसे भौतिक पैमानों के साथ वित्तीय मानकों पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस अवसर पर एनसीएल सीएमडी बी. साईराम ने कंपनी की इस वर्ष की सफलताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एनसीएल ने वित्त वर्ष 24.–25 में 139 मिलियन टन कोयला उत्पादन 137.70 मिलियन टन कोयला प्रेषण कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। वर्ष 24.–25 में एनसीएल ने देश की ऊर्जा आकांक्षाओं के अनूरूप अपने कुल प्रेषण का लगभग 86 प्रतिशत 118.51 मिलियन टन कोयला बिजली क्षेत्र को प्रेषित किया है। शेयरहोल्डर्स को संबोधित अपने संदेश में एनसीएल सीएमडी साईराम ने कहा कि एनसीएल पर्यावरण अनुकूल पद्धतियों के साथ सतत खनन के लिए प्रतिबद्ध है और वित्त वर्ष 23–.24 में कंपनी ने 84प्रतिशत से अधिक कोयला हरित माध्यमों से प्रेषित किया है। इतना ही नहीं कंपनी ने वित्तीय मानकों पर भी अभूतपूर्व प्रदर्शन किया है जिसके तहत कंपनी का सकल टर्नओवर वित्त वर्ष 24–.25 में 35,138.09 करोड़ रहा है। साथ ही कंपनी का कर पूर्व लाभ 12,803.13 करोड़ रुपये व कर उपरांत लाभ 9,583.29 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने वर्ष 24–25 में शेयरहोल्डर्स को 4,038.02 करोड़ रुपये का लाभांश भी दिया है। एनसीएल ने एमओयू लक्ष्य 2170.00 करोड़ रुपये के मुकाबले 3289.56 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय किया है । सीएमडी एनसीएल ने शेयरहोल्डर्स के नाम अपने संदेश में बताया कि कंपनी ने विगत वर्ष निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत स्थानीय समाज के उत्थान पर लक्ष्य से अधिक 192.19 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। साथ ही विभिन्न नई सीएसआर पहल जैसे चरकए नन्हा सा दिल.एनसीएल मेडिकल मोबाइल यूनिट के माध्यम से सिंगरौली परिक्षेत्र में स्वास्थ्य सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कंपनी ने श्रमिक सहभागिता व सौहार्दपूर्ण औद्योगिक संबंध के भी नए पैमाने गढ़े हैं व आगे भी कर्मियों की चहुमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध है । एनसीएल को वित्त वर्ष 25–.26 में 140 मिलियन टन कोयला उत्पादन एवं 141 मिलियन टन प्रेषण के साथ 500 मिलियन क्यूबिक मीटर ओवरबर्डेन रिमुवल का लक्ष्य दिया गया है।

# पंचायत उपचुनाव के ईवीएम मशीन की कमीशनिंग कराकर स्ट्रांग रूप में किया गया सील



जागरण, चितरंगी। जनपद पंचायत चितरंगी में ग्राम पंचायत धानी में सरपंच पद हेतु निर्वाचन आयोग ने 22 जुलाई को मतदान तिथि घोषित कर दिया है। पंचायत उप निर्वाचन 25 सरपंच पद हेतु ग्राम पंचायत धानी का निर्वाचन हेतु आज शासकीय उत्कृष्ट उत्तर माध्यमिक विद्यालय चितरंगी में कमिश्निंग कराकर ईवीएम मशीनों को स्ट्रांग रूम में सील्ड किया गया हैं। ईवीएम मशीन में ग्राम पंचायत धानी के उम्मीदवारों के चुनाव चिन्ह बैलेड पेपर फ्डि कर स्ट्रांग रूम में रख कर ताला को शील कर दिया गया है। सभी प्रक्रिया पीठासीन अधिकारी तहसीलदार चितरंगी ऋषि नारायण सिंह अपने समक्ष तकनीकी विभाग से उपयंत्री मुकेश पटेल ओ पी सिरोठिया द्वारा किया गया। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए सशस्त्र बल के नौजवान तैनात किए गए है।

# डीजीएमएस खान सुरक्षा महानिदेशालय की टीम ने पुनर्वास गांव चिल्काडांड का कोयला खदान जनित प्रदूषण स्थल का किया सत्यापन



जागरण, शक्तिनगर। नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड की प्रथम परियोजना की प्रथम पुनर्वास बस्ती चिल्का डांड गांव में मानसून आते ही ग्रामीणों में भय की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। प्रतिवर्ष नॉर्दर्न कोलफील्ड लिमिटेड खड़िया परियोजना के ओवर वर्डन की मिट्टी पानी के साथ गांव में घुस जाती है जिसे जान माल का खतरा बना रहता है। वही पुनर्वास बस्ती के समीप हॉल रोड से हजारों टेलर कोयला लेकर गुजरते हैं जिससे धूल का गुब्बर पूरे गांव को प्रदूषित कर रहा है। पुनर्वास बस्ती के लोग भयंकर प्रदूषण के कारण गंभीर बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। उर्जाचल विस्थापित कल्याण समिति द्वारा पुनर्वास गांव में हो रहे कोयला खदान जनित प्रदूषण की शिकायत डीजीएमएस खान सुरक्षा महानिदेशालय को किया गया था। जिसको संज्ञान में लेते हुए डीजीएमएस खान सुरक्षा महानिदेशालय की टीम एनसीएल खड़िया के अधिकारियों के साथ शिकायत के स्थलीय सत्यापन के लिए पुनर्वास बस्ती चिल्का डांड पहुंच गई।

ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि एनसीएल खड़िया परियोजना के खदान खदान से मानसून का पानी मिट्टी के साथ गांव में हर वर्ष घुस जाता है जिससे ग्रामीण भयभीत रहते हैं। वही समीप में कोल हैडिंग प्लांट से भयंकर धूल उड़ाता है जिससे ग्रामीण गंभीर बीमारियों के शिकार हो रहेहैं। मौके पर मौजूद विस्थापित संगठन के अध्यक्ष ने शिकायत के सत्यापन में कहा कि 2012 में तत्कालीन जिला अधिकारी द्वारा जांच कराया गया था और बस्ती को पुनर्वास करने की सिफारिश की गई थी पर अब तक उसको अमल में नहीं लाया गया है। चुकी गांव का पुनर्स्थापना नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड सिंगरौली प्रोजेक्ट द्वारा कराया गया है ऐसे में लोक प्राधिकरण द्वारा गांव को हटाया जाना ही एकमात्र विकल्प है। डीजीएमएस खान सुरक्षा महानिदेशालय टीम के प्रमुख जीवन कुमार ने स्थलीय निरीक्षण एवं ग्रामीणों के शिकायत का सत्यापन किया और यथोचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। मौके पर एनसीएल खड़िया परियोजना के खान प्रबंधक संतोष कुमार सुरक्षा अधिकारी रंजीत प्रधान ब्लास्टिंग मैनेजर पीके सिंह तथा ग्रामीण प्रतिनिधि नंदलाल भारती ईश्वरी प्रताप मिश्रा पंकज शुक्ला छोटेलाल बर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# एकल नृत्य प्रतियोगिता में लय व ताल के साथ बच्चों के थिरके कदम




जागरण, विंध्यनगर। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध एनटीपीसी आवासीय परिसर में स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में कक्षा 6 से 8 वीं तक के बच्चों के लिए एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम प्राचार्य एवं निर्णायक मंडल को बालपौध भेंट कर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात गणेश वंदना से प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। अंतर्सदनीय इस प्रतियोगिता में सभी छह सदनों के 36 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों के सुर लय व ताल के साथ नृत्य की कला ने प्रेक्षागृह में उपस्थित सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया । प्रतियोगिता में बच्चों ने शिव स्तुति महिषासुर मर्दिनी श्री हरि स्तोत्र मधुराष्टकम महाभारत कथा ओडिसी कत्थक शास्त्रीय अर्धशास्त्रीय आदि नृत्य प्रस्तुत किए। इस प्रतियोगिता में कक्षा 6 से संस्कृति सिंह प्रथम अयांशी विश्वकर्मा द्वितीय दिव्यांशी पति तृतीय मीमांसा कुमारी एवं आद्या सिंह ने प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त किया । कक्षा 7 से इंद्राक्षी साहा प्रथम आरोही सिंह द्वितीय अस्विता तिवारी तृतीय आर्याही भारद्वाज एवं अदिती गांगुली प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त किया। कक्षा 8 से राजवी प्रथम गौरी श्रीवास्तव द्वितीय श्रेया त्रिपाठी तृतीय आयूष कुमार गुप्ता एवं अदिती उपाध्याय ने प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त किया। प्रतियोगिता का मंच संचालन अर्थ मेवाड़ा जागृति सिंह शुभ्भता सिंह अद्वैत मालवीया निष्का मिश्रा और प्रखर कारीवाल ने किया। प्रतियोगिता में बतौर निर्णायक श्रीमती विभूति रस्तोगी श्रीमती ऋचा वशिष्ठ ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस रंगारंग कार्यक्रम में प्रतिभागियों के अभिवावक भी उपस्थित थे। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. जनार्दन पाण्डेय ने विजेता प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ देते हुए अपनी कला को अनवरत जारी रखने साथ अपना लक्ष्य का निर्धारण करते हुए अपनी नई पहचान बनाने के लिए प्रेरित किया। नृत्य प्रतियोगिता क्रियाकलाप प्रभारी श्रीमती स्वाति जायसवाल की देखरेख में संपन्न हुआ।

# स्कूल जाने के उम्र में बच्ची मांग रही भीख, प्रशासन मौन

## भीख मांगने वाली महिलाएं ग्राम पंचायत. महुली की



जागरण, सरई। सिंगरौली को वैसे तो नेताओं द्वारा सिंगापुर बताया जाता है। जहां सारी सुख . सुविधाएं रोजगार शिक्षा स्वास्थ्य सड़क सभी चीजें पर्याप्त हों। लेकिन सिंगरौली जिले के तहसील मुख्यालय सरई में एक विवाहित महिला अपने दो बच्चों के साथ रोजाना भीख मांगते देखी जा रही है। जिसमे एक बच्ची लगभग 10 साल की है। इसका बच्चा बड़ी बच्ची के गोद मे है। बड़ी बच्ची जो लगभग 10 साल की है जो किताब कॉपी से खेलती वह गोंद में अपने भाई को लेकर मां के साथ भीख मांग रही है यह सब सिंगरौली जिले के विकास को तंज कस रही हैं। वहीं एक ओर सरकार द्वारा शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए तरह.तरह की योजनाएं व अभियान चलाई जा रही है। गरीब छात्र.छात्राओं के लिए विद्यालयों में मध्यान भोजन की व्यवस्था है। गांव.गांव मोहल्ले मोहल्ले में आंगनबाड़ी केंद्र खुले हैं जहां छोटे बच्चों व महिलाओं को तरह.तरह के पोषण आहार भोजन सुझाव सलाह सब निःशुल्क दिया जाता है। फिर भी ग्रामीण इलाकों की हालत आदिमानव की तरह है।

**बड़ी बच्ची की नाम दर्ज हो सकती है विद्यालय में :** अपनी युवती मां के साथ 10 साल की बच्ची जो छोटे भाई को गोद में लेकर मां के साथ सरई बाजार में आज भीख मांग रही थी। उसका नाम निश्चित ही किसी न किसी विद्यालय में दर्ज होगी और शाला प्रमुख द्वारा फर्जी उपस्थिति बनाकर उसके विद्यालय में उपस्थित होने का दावा कर रहा है और अपना कागजी कोरम पूर्ति कर ऐशो आराम कर रहा है।

**सरकारी व गैर सरकारी संस्थाएं मूक :** वैसे तो जिले में इन भिखारी को सही मार्ग पर पहुंचाने के लिए सरकारी कार्यालय खुले हैं। जहां अधिकारी .कर्मचारी भी तैनात हैं। इसके अलावा जिले में तमाम गैर सरकारी संगठनें लोगों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए कागजों में कार्य कर रहे हैं। जिसका उदाहरण देव कली वादी उम्र लगभग 25 वर्ष निवासी तहसील सरई के ग्राम पंचायत. महुली जो अपने 10 साल की बच्ची को साथ में लेकर सरई बाजार में भीख मांग रही है। चंपा वादी पति शिव मूरत वादी उम्र लगभग 20 वर्ष निवासी ग्राम पंचायत. महुली जो आज सरई बाजार में भीख मांगते हुए देखी गई है।

### लाडली बहना योजना के लाभ से वंचित हैं महिलाएं

सरई बाजार में भीख मांगने वाली महिला चंपा वादी का कहना है कि हमें लाड़ली बहना योजना का लाभ नहीं मिल रहा है हमारे पास आधार कार्ड के साथ.साथ कोई रिकॉर्ड नहीं है हमारे मोहल्ले में वादी जाति की महिलाएं शासन की ओर से मिलने वाली 1250 रुपए लाडली बहना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। हम लोग इसी तरह से भीख मांग कर अपना जीविकोपार्जन करते हैं। क्या शासन. प्रशासन के पास इन वादी जाति के लोगों के लिए कोई योजना नहीं है जो इनके रूढ़िवादिता विचारधारा मांगने. खाने की प्रवृत्ति को दूर किया जा सके। क्या क्षेत्रीय प्रशासनिक अमला द्वारा इनके विकास एवं सुधार व शिक्षा प्रगति के लिए कोई ठोस पहल की गई है यदि नहीं तो क्यों् यह जांच का विषय है।

# ग्रामीण किशोरियों एवं महिलाओं हेतु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

## एनटीपीसी सिंगरौली के सीएसआर योजना एवं आह्वान स्वास्थ्य और कल्याण नीति के अंतर्गत




जागरण, शक्तिनगर। एनटीपीसी सिंगरौली के सीएसआर योजना एवं आह्वान स्वास्थ्य और कल्याण नीति के सहयोग से आज स्थानीय कोटा पंचायत भवन में ग्रामीण किशोरियों एवं महिलाओं के लिए एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं और किशोरियों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी देना उनकी देखभाल सुनिश्चित करना और समग्र कल्याण को बढ़ावा देकर उन्हें जागरूक करना था। इस अवसर पर निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण पोषण परामर्श मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता और सामान्य स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रदान की गईं। यह शिविर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस. के.सिंह के नेतृत्व में आयोजित किया गया। डॉ. दिव्या कासल अपर महाप्रबंधक मेडिकल और डा. ममता अपर महाप्रबंधक अनेस्थेसिआ ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित किया और उन्हें महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संदेश प्रदान किए जिससे उन्हें बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा सके। शिविर के दौरान ज़रूरतमंदों को आवश्यक चिकित्सीय परामर्श एवं उपचार प्रदान किया गया। कुल 50 लाभार्थियों ने इस शिविर का लाभ उठाया। एनटीपीसी की मोबाइल हेल्थ क्लिनिक टीम ने इस पहल में सक्रिय भागीदारी निभाई और इसके सफल आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। यह पहल समुदाय के स्वास्थ्य सुधार और जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से सामाजिक कल्याण के प्रति एनटीपीसी की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# अब महिला कर्मियों के हाथ में होगी एनसीएल के कॉस्ट एंड बजट सेल की बागडोर



जागरण, सिंगरौली। नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एनसीएल ने वुमेन.लेड एंटरप्राइज़ की दिशा में एक सशक्त कदम उठाया है। इसी क्रम में एनसीएल के वित्त विभाग का कॉस्ट एंड बजट सेल अब पूर्णत महिला कर्मियों द्वारा संचालित किया जाएगा। महिला नेतृत्व द्वारा चलित यह प्रकोष्ठ कंपनी में बजट आवंटन राजस्व व्यय पूंजीगत व्यय निगरानी और वार्षिक बजट निर्माण जैसे महत्वपूर्ण वित्तीय विषयों का प्रबंधन करेगा। इस दौरान सीएमडी एनसीएल ने महिला कर्मियों को एनसीएल की फ्लैग बियरर ध्वजवाहक के रूप में कार्य करने का आह्वान किया। यह पहल एनसीएल की सकारात्मक कार्य संस्कृति और महिला नेतृत्व को प्रोत्साहन देने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है

# पुल बना नहीं राशि का हुआ आहरण

चितरंगी। ग्राम पंचायत ओडनी में गड़बड़झाला हुआ पुल बना नहीं राशि का आहरण हुआ सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत ओडनी के ग्राम रेहड़ा हरिजन बस्ती में प्रस्तावित पुल का बिना निर्माण कार्य किए बिना ही सरपंच सचिव के द्वारा 8 लाख निकाल लिए गए जबकि जमीनी स्तर पर पुल कही अभी दिख ही नहीं रही है पुलिया निर्माण कार्य में जो एस टी एस सीसी जारी हुई उसमें बकायदा मटेरियल के लिए छह लाख असी हजारऔर मजदूरी के लिए एक लाख बीस हजार हुआ था लेकिन सरपंच सचिव के द्वारा सात लाख इकतालीस हजार आठ सौ सात रुपए मटेरियल के नाम पर पेमेंट निकाल लिया गया जबकि मटेरियल के लिए छः लाख असी हजार रुपए ही स्वीकृत था लेकिन एसटीएस में जो राशि निर्धारित थी उससे ज्यादा पेमेंट किस आधार पर हुआ है यह सवाल बहुत बड़ा है और जनपद पंचायत के सीईओ इंजीनियर एसडीओ किस प्रकार की जांच किए थे इंजीनियर एसडीओ किस स्थान का जियो टैग किए थे यह भी बड़ा सवाल है।

सूचना

मैं कि प्रार्थी अनीता अग्रवाल निवासी वार्ड न. 08 मेन मार्केट सिंगरौली (म.प्र.) सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी जमीन के ORIGINAL REGISTRI PAPER गुम हो गई है जिसका विवरण इस प्रकार है टिकुरी टोला ई पंजीकरण संख्या MP508472023A11407245 जिसका आराजी नंबर 333/1/1/1/1/1/1(S) कुल रकवा 0.0480 हे. आराजी नंबर 333/1/1/1/1/1/3/1(S) कुल रकवा 0.0200 हे. आराजी नंबर 333/1/1/1/2/1(S) कुल रकवा 0.0190 हैं. आराजी नंबर 334/1/1/1(S) कुल रकवा 0.0230 हे. आराजी नंबर 334/1/1/2(S कुल रकवा 0.0230 हैं. आराजी नंबर - 334/1/1/3(S) कुल रकवा 0.0220 हे. आराजी नंबर 334/1/1/6/1/1(S) कुल रकवा 0.0140 हे. / ई पंजीकरण संख्या MP508472023A11407194 जिसका आराजी नंबर -333/1/1/1/1/1/3/2(S) कुल रकवा 0.0050 हे. जिसका आराजी नंबर 334/1/1/5(S) कुल रकवा 0.0100 हे. /

उक्त दोनों ई पंजीकरण संख्या का रजिस्ट्री पेपर गुम हो गया है, दस्तावेज मिलने पर उक्त पते व निम्न नंबर पर संपर्क कर प्रदान करे।

प्रार्थी
अनीता अग्रवाल
मो. नं.-9131720010

CMN-11284

## मैदान से हटकर

### दिग्गज रेसलर लेसनर की बेटी ने सार्वजनिक किया रिलेशनशिप



डब्ल्यूडब्ल्यूई के दिग्गज रेसलर की बेटी ने अपने रिलेशनशिप का ऐलान कर दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने ब्यॉयफ्रेंड के साथ तस्वीरें भी शेयर की है। डब्ल्यूडब्ल्यूई के ब्रॉक लेसनर की बेटी का नाम माया लेसनर है। माया ने एनएफएल के नए खिलाड़ी ड्रू मॉस के साथ अपने रिश्ते को सार्वजनिक कर दिया है। वहीं ड्रू मॉस ने इंस्टाग्राम पर उनकी तस्वीरें शेयर करके इस रिश्ते को सही करार दिया है। एनएफएल के खिलाड़ी ड्रू मॉस ने तस्वीरों के साथ कैप्शन में एक दिल के इमोजी के साथ हमेशा के लिए शादी की तारीख लिखा है। इस पर माया ने भी कमेंट सेक्शन में मेरे हैंडसम मैन लिखकर रिश्ते की पुष्टि की। इस खबर से माया और ड्रू मॉस के फैंस काफी खुश हैं और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दे रहे हैं। माया ने हाल ही में एनसीएए आउटडोर ट्रैक एंड फील्ड चैंपियनशिप में महिलाओं के शॉट पुट में जीत हासिल की थी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी माया को उनकी जीत पर बधाई दी थी। माया लेसनर ने एनसीएए आउटडोर ट्रैक एंड फील्ड चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर सभी को हैरान कर दिया था। उन्होंने पहले ही प्रयास में 19.01 मीटर का थ्रो करके शॉट पुट में गोल्ड मेडल हासिल किया था। उनके पिता, ब्रॉक लेसनर भी हेवर्ड फील्ड, यूजीन, ओरेगन में मौजूद थे और उन्होंने भी अपनी बेटी की जीत को देखा। (जेएनएन)

## खेल एक नजर

### डूरंड कप के लिए जमशेदपुर में दर्शकों को मिलेगी फ्री एंट्री

**जमशेदपुर, जेएनएन।** एशिया के सबसे पुराने फुटबॉल टूर्नामेंट डूरंड कप के जमशेदपुर में होने वाले सभी मैचों के लिए मुफ्त प्रवेश दिया जाएगा। आयोजन समिति ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की। टूर्नामेंट के शुरुआती दिन के मैच के लिए कुल 22,500 सीटों के लिए मानार्थ पास उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जेआरडी टाटा खेल परिसर स्टेडियम में खेले जाने वाले शुरुआती मैच के लिए 23 और 24 जुलाई को मुफ्त टिकट वितरित किए जाएंगे। यह वितरण 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर होगा। टिकटों के निष्पक्ष वितरण को सुनिश्चित करने के लिए प्रति व्यक्ति अधिकतम चार टिकट जारी किए जाएंगे। स्थानीय स्कूलों और जेएसए लीग की सभी 41 टीमों के लिए भी मानार्थ टिकट आरक्षित किए गए हैं। स्टेडियम में डूरंड कप के दूसरे मैच से दर्शकों को प्रवेश के लिए किसी टिकट की आवश्यकता नहीं होगी। दर्शक गेट नंबर चार, पांच, छह और सात से मुफ्त में स्टेडियम में प्रवेश कर पायेंगे। जमशेदपुर में ग्रुप-सी के लीग मैच खेले जाएंगे। इस ग्रुप में मेजबान जमशेदपुर एफसी, नेपाल की त्रिभुवन आर्मी एफसी, इंडियन आर्मी एफटी और 1 लद्दाख एफसी शामिल हैं।

### विश्व रिकॉर्ड धारी रूथ चेपनगेटिच डोपिंग जांच में पॉजिटिव, निलंबित

**मोनाको, जेएनएन।** विश्व रिकॉर्ड धारी महिला मैराथन एथलीट रूथ चेपनगेटिच को डोपिंग जांच में पॉजिटिव पाए जाने के बाद अस्थाई रूप से निलंबित कर दिया गया है। ट्रैक एंड फील्ड की एथलेटिक्स नैतिक इकाई (एआईयू) ने यह जानकारी दी।



जांचकर्ताओं ने बताया कि चेपनगेटिच का मार्च में प्रतिबंधित मूत्रवर्धक और 'मास्किंग एजेंट' की जांच पॉजिटिव आई है और 'एआईयू की जांच जारी रहने तक उन्होंने स्वैच्छिक अस्थायी निलंबन का विकल्प' चुना। कीनिया की इस धावक ने पिछले साल अक्टूबर में शिकागो मैराथन में दो घंटे, नौ मिनट, 56 सेकंड में लगभग दो मिनट के अंतर से विश्व रिकॉर्ड बनाया था। एआईयू ने अनुशासनात्मक मामले के लिए कोई समय नहीं दिया है।

### बेल्जियम ने भारत-ए पुरुष हॉकी टीम को 3-1 से हराया

**यूरोपीय दौरा**

**एंटवर्पन (बेल्जियम), जेएनएन।** यूरोपीय दौरे के तहत भारत-ए पुरुष हॉकी टीम को गुरुवार को बेल्जियम के खिलाफ खेले गए मुकाबले में 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। यह मैच एंटवर्पन के स्पोर्टसेंट्रम विलरिज्कसेप्लेन मैदान में खेला गया। भारतीय टीम की ओर से एकमात्र गोल कप्तान संजय ने किया। बेल्जियम ने मुकाबले की तेज शुरुआत करते हुए पहले ही क्वार्टर में तीन गोल दाग दिए और भारत पर शुरुआती दबाव बना दिया। हालांकि, इसके बाद भारतीय खिलाड़ियों ने संयम बरतते हुए बेहतर खेल दिखाया और गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा। अंतिम क्वार्टर में भारत की ओर से एकमात्र गोल हुआ। मैच के बाद टीम के कोच शिवेंद्र सिंह ने कहा कि हालांकि शुरुआत थोड़ी कमजोर रही, लेकिन कुल मिलाकर प्रदर्शन अच्छा था।

# मैच में ब्रेक बना टीम इंडिया के लिए मुसीबत

## मैच के दौरान ब्रेक के करीब विकेट गंवाने से भारत को गंवानी पड़ रही है मजबूत स्थिति



जेएनएन, लंदन

भारतीय टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ 23 जुलाई से मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में होने वाले चौथे टेस्ट मैच के लिए तैयारी शुरू कर दी है। इस टेस्ट के लिए दोनों टीमों के खिलाड़ियों को काफी समय मिला है। भारतीय टीम को लॉर्ड्स टेस्ट मैच में इंग्लैंड से 22 रन से करीबी हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ भारतीय टीम पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में 2-1 से पिछड़ गई। हालांकि इंग्लैंड दौरे पर भारत को इस बात से काफी चिढ़ हुई होगी कि उन्होंने मैच के ब्रेक से ठीक पहले या ठीक बाद अक्सर विकेट गंवाए हैं। आइए सबसे पहले लॉर्ड्स टेस्ट को एक उदाहरण के तौर पर देखें। अपनी पहली पारी में, तीसरे दिन लंच से तीन गेंद पहले उपकप्तान रिषभ पंत खुद रनआउट हो गए। ब्रेक के दो ओवर से भी कम समय बाद उनके बल्लेबाजी साथी केएल राहुल की गेंद ड्राइव करते हुए स्लिप में चली गई। उसी दिन, उन्होंने चायकाल के बाद 3.3 ओवर में नीतीश कुमार रेड्डी और अंतिम ड्रिंक्स ब्रेक के बाद 3.2 ओवर में रवींद्र जडेजा का विकेट गंवा दिया और जेमी स्मिथ ने दोनों मौकों पर विकेट के पीछे कैच लपका। जडेजा के विकेट के बाद टीम का पतन शुरू हो गया और उन्होंने अपने आखिरी चार विकेट केवल 11 रन पर गंवा दिए। चौथे दिन दोपहर के बाद एक नाटकीय आखिरी घंटे में, भारत ने दूसरी पारी में 31 गेंदों में तीन विकेट गंवा दिए, जिससे स्कोर 41 से 4 विकेट पर 58 रन हो गया। आखिरी सुबह के पहले घंटे में 23 गेंदों में तीन और विकेट गिर गए। फिर, लंच से चार गेंद पहले, रेड्डी का विकेट उस समय गिर गया जब वह जडेजा के साथ साझेदारी बना रहे थे।

### हेडिंग्ली में भी बनीं ऐसी ही स्थिति

हेडिंग्ली में पहले टेस्ट में हार के दौरान भी यही स्थिति रही। राहुल और डेब्यू कर रहे बीसाई सुदर्शन पहले दिन लंच से ठीक पहले पांच गेंदों के अंतराल में आउट हो गए। यशस्वी जायसवाल चाय के बाद दूसरे ओवर में ही आउट हो गए। भारत दूसरे दिन को भी भूलना चाहेगा, जहां टीम 4 विकेट पर 447 से 471 पर ऑलआउट हो गई थी। तीसरे दिन, स्टंप्स से तीन ओवर पहले, उन्होंने साई सुदर्शन का विकेट गंवा दिया और अगली सुबह ब्राइडन कार्स द्वारा फेंके गए पहले ओवर में शुभमन गिल का विकेट गंवा दिया। हालांकि ऊपर बताए गए आउट होने के कई मामले इंग्लैंड के गेंदबाजों द्वारा अपनी योजनाओं को अंजाम देने के कारण हुए, लेकिन ऐसे भी मौके आए हैं जब भारत को लगा कि उनके बल्लेबाजों ने ध्यान भटका दिया या ब्रेक के बाद लापरवाही से शॉट खेला। यह एक ऐसी पहेली है, जिसे मुख्य कोच गौतम गंभीर और उनके दो बल्लेबाजी सहायक- सीतांशु कोटक और रयान टेन डेश्काटे इस एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के दौरान सुलझाने की कोशिश कर रहे हैं, जो अब मैनचेस्टर में 23 जुलाई से ओल्ड ट्रैफर्ड में शुरू होने वाले चौथे टेस्ट में भी यही चुनौती होगी।

### समाधान ढूंढ रहा मैनेजमेंट

केंट के दूसरे घरेलू मैदान बेकेनहैम में गुरुवार को भारत के अभ्यास सत्र के बाद बोलते हुए, टेन डेश्काटे ने सहमति जताई कि अंतराल के दौरान विकेट गंवाना एक गंभीर चुनौती साबित हो रहा है। उन्होंने कहा, यह सच है। आपको इस पर विचार करना होगा कि क्या यह संयोग है या हम जो हम कर रहे हैं उसमें ऐसी कोई गलती कर रहे हैं क्या हम एकाग्रता खो रहे हैं क्या हम मैदान पर उतरने के लिए बहुत ज्यादा उत्साहित हो रहे हैं क्या हम जिस स्थिति में हैं, उसमें आत्मसंतुष्ट हो रहे हैं और किसी खिलाड़ी से यह बात निकालना बहुत मुश्किल है। इसलिए हम इस बारे में बात कर रहे हैं।

### पंत का रनआउट चर्चा का विषय

लॉर्ड्स में पहली पारी में पंत का रनआउट होना चर्चा का विषय बन गया और राहुल ने स्वीकार किया कि लंच से पहले आखिरी ओवर की शुरुआत में वे 97 रन पर थे और शतक बनाने की उनकी उत्सुकता ने गलत निर्णय लेने में भूमिका निभाई। राहुल ने जहां इसे मैच का एक निर्णायक मोड़ बताया, वहीं हार के बाद गिल ने कहा कि यह पूरी तरह से गलत निर्णय था। जब लॉर्ड्स में खचाखच भरे स्टेडियम में पंत के आउट होने पर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं बयां की जा रही थीं, जो इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स की सजगता और बेहतरीन एथलेटिक क्षमता का नतीजा था, उस सयय पर टेन डेश्काटे नर्सरी एंड के पीछे ट्रेनिंग नेट पर भारत के रिजर्व बल्लेबाजों को थ्रोडाउन दे रहे थे। उन्हें यकीन नहीं हो रहा था। टेन डेश्काटे ने कहा, कई बार ऐसा हुआ है कि हमें लगभग ऐसा लगा कि ऐसा दोबारा नहीं हो सकता।

# टी-20 के बाद वनडे सीरीज जीतने पर भारतीय महिला टीम की निगाहें

## भारत-इंग्लैंड के बीच दूसरा वनडे आज, तीन मैचों की सीरीज में भारत 1-0 से आगे, मैच दोपहर 3:30 बजे से

जेएनएन, लंदन

कई मैच विजेता खिलाड़ियों से सजी भारतीय महिला क्रिकेट टीम अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए इंग्लैंड के खिलाफ शनिवार को होने वाले दूसरे वनडे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जीत हासिल करके सीरीज में अजेय बढ़त बनाने के साथ ही आगामी विश्व कप के लिए अपनी पुख्ता तैयारी को नए मुकाम पर पहुंचाने की कोशिश करेगी। भारत ने साउथैम्पटन में पहला मैच चार विकेट से जीता था और लॉर्ड्स में जीत से वह तीन मैचों की इस सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर लेगा। इससे हाल के दिनों में इस प्रारूप में उसकी जीत का सिलसिला भी जारी रहेगा, जिसमें मई में श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ त्रिकोणीय सीरीज में मिली जीत भी शामिल है। इंग्लैंड के खिलाफ मैच आईसीसी महिला वनडे विश्व कप की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण हैं, जिसकी मेजबानी भारत इस वर्ष के अंत में करेगा। भारतीय महिला टीम ने इससे पहले इंग्लैंड को टी-20 सीरीज में हराया था और अब वनडे सीरीज जीतने से उसका 30 सितंबर से शुरू होने वाले वनडे विश्व कप के लिए मनोबल और बढ़ेगा। जहां तक इंग्लैंड की टीम का सवाल है, तो उसको जीत हासिल करने के लिए खेल के तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।





**भारत:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), प्रतीका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रोड्रिग्स, रिचा घोष, यास्तिका भाटिया, तेजल हसब्निस, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, शुचि उपाध्याय, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, सयाली सतघरे।

**इंग्लैंड:** नैट साइवर-ब्रंट (कप्तान), एम अर्लट, टैमी ब्यूमोंट, लॉरेन बेल, माइया बाउचियर, एलिस कैप्सी, केट क्रॉस, एलिस डेविडसन-रिचर्ड्स, चार्ली डीन, सोफिया डंकले, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फाइलर, एमी जोन्स, एम्मा लैम्ब, लिंसे स्मिथ।

### प्रतिका पर गेंदबाजों के साथ धक्का-मुक्की पर लगा जुर्माना

**दुबई।** प्रतीका रावल और इंग्लैंड की टीम पर पहले वनडे के बाद आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन के लिए जुर्माना लगाया गया। रावल पर दो अलग-अलग घटनाओं में लेवल एक के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ दिया गया। रावल को 18वें ओवर के दौरान इंग्लैंड की गेंदबाज लॉरेन फाइलर और उसके अगले ओवर में सोफी एक्लेस्टोन के साथ अनावश्यक शारीरिक संपर्क बनाने का दोषी पाया गया। आईसीसी ने धीमी ओवर गति के लिए इंग्लैंड की टीम पर मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया है, क्योंकि उसने निर्धारित समय में एक ओवर कम किया था।

# टेस्टः ड्यूक्स गेंद के जल्दी 'नरम' होने की होगी जांच

## गेंद की निर्माता कंपनी ने कहा-जांच के बाद जरूरी बदलाव करेंगे

जेएनएन, लंदन

भारत और इंग्लैंड के बीच मौजूदा टेस्ट सीरीज के दौरान आलोचना का सामना कर रहे 'ड्यूक्स' गेंद की निर्माता कंपनी ने शुक्रवार को कहा कि वह गेंद के जल्दी 'नरम (खराब)' होने की गहन समीक्षा करेंगे। भारतीय कप्तान शुभमन गिल और इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड की आलोचना के बाद इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) इस्तेमाल की गई ज्यादा से ज्यादा गेंदों को इस सप्ताह के आखिर तक ड्यूक्स गेंद बनाने वाली कंपनी को लौटा देगा। बीबीसी स्पोर्ट्स के अनुसार ड्यूक्स का निर्माण करने वाली 'ब्रिटिश क्रिकेट बॉल्स लिमिटेड' के मालिक दिलीप जाजोदिया ने कहा कि हम इन (इस्तेमाल हुई) गेंदों को ले जाएंगे, निरीक्षण करेंगे और फिर इसके निर्माण से जुड़े लोगों से बातचीत करेंगे। हम इस मामले में जो भी जरूरी होगा वह कदम उठाएंगे। उन्होंने कहा कि समीक्षा में अगर हमें लगेगा कि कुछ बदलाव करने की जरूरत है, तो हम करेंगे।



### 30 ओवर में बदलनी पड़ रही गेंद

सीरीज के दौरान मैदानी अंपायरों को नियमित रूप से गेंदों को बदलना पड़ा, क्योंकि वे जल्दी नरम हो जा रही थीं। गेंद लगभग 30 ओवर के इस्तेमाल के बाद ही खराब हो जा रही थी। इस पूरी प्रक्रिया के कारण मैचों के दौरान विलंब भी हुआ। लॉर्ड्स टेस्ट के दौरान गिल उस गेंद से नाखुश थे, जो उन्हें अंपायरों द्वारा दी गई थी। इस दूसरी नई गेंद को मैच के दूसरे दिन सुबह के पहले घंटे में बदलना पड़ा था। जसप्रीत बुमराह ने मूल गेंद से कम ओवरों में तीन विकेट लिए थे, लेकिन गेंद में बदलाव के बाद भारतीय गेंदबाज पहले सत्र के बाकी समय में एक भी विकेट नहीं ले पाए।

■ ड्यूक्स गेंद का उत्पादन 1760 से हो रहा है, लेकिन हाल के वर्षों में टेस्ट और काउंटी क्रिकेट में उसे आलोचना का सामना करना पड़ा है। टेस्ट सीरीज के लिए इस्तेमाल होने वाली गेंद का निर्णय मेजबान बोर्ड करता है। इंग्लैंड में ड्यूक्स गेंद का उपयोग किया जाता है, तो वहीं भारत में टेस्ट मैच एसजी गेंद से खेले जाते हैं।

## अर्जुन एरिगैसी सेमीफाइनल में प्रज्ञानानंदा खिताबी दौड़ से बाहर

**लास वेगास, जेएनएन।** भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी ने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को हराकर 7,50,000 डॉलर इनामी फ्रीस्टाइल ग्रैंड स्लैम टूर शतरंज प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश किया, लेकिन आर प्रज्ञानानंदा अमेरिका के फैबियानो कारुआना से हारकर खिताब की दौड़ से बाहर हो गए। अर्जुन ने अब्दुसत्तोरोव पर 1.5-0.5 से जीत हासिल की, लेकिन प्रज्ञानानंदा एक कड़े मुकाबले में कारुआना से 3-4 से हार गए। क्वार्टरफाइनल चरण में लेवोन अरोनियन और हंस मोके नीमन की अमेरिकी जोड़ी भी जीत हासिल करने में सफल रही। उन्होंने क्रमशः अमेरिका के हिकारू नाकामुरा और उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंडारोव को हराया। जहां अरोनियन ने 2.5-1.5 के अंतर से जीत हासिल की, वहीं निमन को सिंडारोव को 4-2 से हराने में अधिक समय लगा। सेमीफाइनल में अर्जुन का मुकाबला अरोनियन से, जबकि नीमन का कारुआना से होगा। निचले वर्ग में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने अपनी जीत की लय वापस पा ली। उन्होंने भारत के विदित गुजराती को आसानी से 2-0 से हराया। निचले वर्ग के अन्य मुकाबलों में अमेरिका के वेस्ली सो ने हमवतन सैमुअल सेवियन को, जबकि लीनियर डोमिनगेज पेरेज ने कजाकिस्तान की बिबिसारा अस्सौबायेवा को 1.5-0.5 के समान अंतर से हराया।



फ्रीस्टाइल शतरंज

## ईस्ट बंगाल ने तीन विदेशी खिलाड़ियों से करार किया

**कोलकाता, जेएनएन।** इंडियन सुपर लीग क्लब ईस्ट बंगाल ने शुक्रवार को ब्राजील के मिगुएल फिगुएरा, फलस्तीन के मोहम्मद राशिद और अर्जेंटीना के डिफेंडर केविन सिबिल के साथ करार की घोषणा की। लंबे कद के मिडफील्डर फिगुएरा बांग्लादेश के बशुंधरा किंग्स से जुड़े हुए थे, जिसके साथ उनका कार्यकाल काफी सफल रहा, जिसमें उन्होंने 2021-24 तक लगातार तीन बांग्लादेश प्रीमियर लीग खिताब और लगातार दो इंडिपेंडेंस कप (2022-24) जीते। बशुंधरा में शामिल होने से पहले वह ब्राजीलियाई सीरी बी क्लब गोइयास ईसी में थे, जिसमें उन्होंने 64 मैच में 37 गोल दागे थे। राशिद ने अपने देश को पिछले साल एएफसी एशियाई कप के राउंड 16 में पहुंचाने में मदद की। वहीं सिबिल इससे पहले स्पेन के क्लब एसडी पोंफेराडिना से जुड़े हुए थे।

# इंटर काशी बना आई लीग चैंपियन

## खेल पंचाट ने एआईएफएफ अपील समिति के फैसले को खारिज किया



**नई दिल्ली, जेएनएन।** स्विट्जरलैंड स्थित खेल पंचाट (सीएएस) ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की अपील समिति के चर्चिल ब्रदर्स को आई लीग खिताब देने के फैसले को खारिज कर दिया, जिसके बाद इंटर काशी को शुक्रवार को आई लीग चैंपियन घोषित किया गया। एआईएफएफ ने गोवा के क्लब चर्चिल ब्रदर्स को आई लीग चैंपियन घोषित किया था और इसकी अपील समिति ने एक 'अयोग्य खिलाड़ी' को मैदान में उतारने से संबंधित मामले में इंटर काशी के खिलाफ फैसला सुनाया था। वाराणसी का यह क्लब अंक काटे जाने के बाद दूसरे स्थान पर रहा था। लेकिन इंटर काशी की अपील पर खेल पंचाट ने एआईएफएफ से चर्चिल ब्रदर्स को 2024-25 सत्र का खिताब देने के अपने फैसले को पलटने को कहा है। लुसाने स्थित खेल पंचाट ने आदेश में कहा कि एआईएफएफ को तुरंत इंटर काशी एफसी को आई लीग 2024-25 सत्र का विजेता घोषित करना चाहिए। इसमें कहा गया, एआईएफएफ की अपील समिति द्वारा 31 मई 2025 को जारी किए गए फैसले के खिलाफ इंटर काशी एफसी की चार जून 2025 को दायर अपील आंशिक रूप से बरकरार रखी जाती है। खेल पंचाट ने कहा, एआईएफएफ की अपील समिति द्वारा 31 मई 2025 को जारी किए गए फैसले को रद्द किया जाता है। इंटर काशी ने इस तरह एआईएफएफ अपील समिति के फैसले के खिलाफ दूसरी अपील जीती है। पिछले महीने भी फैसला इंटर काशी के पक्ष में रहा था। इस तरह इंटर काशी ने देश की दूसरी श्रेणी की क्लब प्रतियोगिता में भाग लेने के अपने दूसरे ही सत्र में आई लीग का खिताब जीत लिया।

# प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अवसर देने के लिए 365 दिन टैलेंट सर्च चलाएं, ब्लॉक क्लस्टर बनाएं

## जिला खेल अधिकारी और युवा समन्वयकों की कार्यशाला में छह युवा समन्वयक का सम्मान

**भोपाल, खेप्र।** खेल प्रतिभाओं को अवसर देने प्रति दिन टैलेंट सर्च के संकल्प के साथ कार्य किए जाए, जिससे प्रदेश के कम से कम 50 लाख युवाओं की खेल प्रतिभा को चिन्हित कर उन्हें प्रोत्साहित किया जा सके। यह बात खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने शुक्रवार को समन्वय भवन में आयोजित जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारियों तथा युवा समन्वयकों की कार्यशाला में कही।

उन्होंने कहा कि युवा समन्वयक खेल एवं युवा कल्याण विभाग की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाएं। जिस ब्लॉक में जनसंख्या कम है, वहां खिलाड़ियों की खोज के लिए ब्लॉक का क्लस्टर बनाकर टैलेंट सर्च आयोजित किया जाए। इसके अलावा युवा समन्वयक स्कूल गेम्स और अन्य विभागों से भी समन्वय करें। इस कार्यशाला में विभागीय नवाचारों पर विस्तृत चर्चा हुई। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले छह युवा समन्वयक ज्योति तिवारी, च्योति अहिरवार, दिनेश लोधी, विशाल दामके, वसीम राजा और राजेश बम्हुरे को सम्मानित किया। खेल मंत्री ने निर्देश दिए कि समन्वयक प्रत्येक ब्लॉक में सक्रिय भूमिका निभाते हुए युवाओं के संपर्क में रहे और उन्हें विभागीय गतिविधियों से जोड़ें। उन्होंने कहा कि युवा समन्वयकों की तीन माह बाद कार्यों की पुनः समीक्षा की जाएगी। कार्यशाला के दौरान खेलो बढ़ो अभियान, पार्थ योजना, फिट इंडिया क्लब, एक जिला-एक खेल, खेलो एमपी यूथ गेम्स के नए स्वरूप, टैलेंट सर्च कार्यक्रम और जिलों में किए गए नवाचारों पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ।



### विचारपुर में बनेगा फुटबॉल फीडर सेंटर

कार्यशाला में शहडोल के युवा समन्वयकों द्वारा प्रस्तुत सुझावों के आधार पर मंत्री सारंग ने विचारपुर (मिनी ब्राजील) में शीघ्र ही फुटबॉल फीडर सेंटर की स्थापना की घोषणा की। उन्होंने ब्लॉक स्तर पर खेल एक्सचेंज प्रोग्राम शुरू करने को भी कहा। खेल मंत्री ने नरसिंहपुर में स्थापित प्रदेश के एकमात्र व्हाली-बॉल हॉस्टल को अकादमी में विस्तारित करने की कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

**मेगा सीबीएसई क्लस्टर बास्केटबाल गर्ल्स टूर्नामेंट**

# डीपीएस की गर्ल्स टीम ने बीएस होली फैमिली स्कूल को दी करारी शिकस्त

**भोपाल, खेप्र।** डीपीएस भोपाल ने मेगा सीबीएसई क्लस्टर बास्केटबाल गर्ल्स टूर्नामेंट के दूसरे दिन अंडर-14 वर्ग में बीएस होली फैमिली स्कूल को 12-2 से करारी शिकस्त दी। आईईएस पब्लिक स्कूल के बास्केटबॉल कोर्ट पर खेले गए मुकाबले में शुक्रवार को अंडर-17 वर्ग में जॉयती सीनियर सेकंडरी स्कूल (रीवा) ने डीपीएस स्कूल (निपानिया) को 31-16 से हराया। राम शांति स्कूल (छिंदवाड़ा) ने इंदौर पब्लिक स्कूल को 14-4 से, द महावीर जैन स्कूल ने सेंट मैरी स्कूल भोपाल को 8-0 से, शांति पब्लिक स्कूल (गुना) ने गोकुलदास पब्लिक स्कूल (खरगोन) को 12-2 से, द शिशुकुंज इंटरनेशनल स्कूल (इंदौर) ने सेंट माउंट फोर्ट भोपाल को 30-10 से और जवाहरलाल नेहरू भोपाल ने ट्रिनिटी कॉन्वेंट स्कूल विदिशा को 20-2 से शिकस्त दी। अंडर-14 से डीपीएस भोपाल ने बीएस होली फैमिली को 12-2 से, शिशुकुंज ने एसपीएस को 13-8 से, गुड शेफर्ड स्कूल (शहडोल) ने गोल्डन इंटरनेशनल स्कूल (इंदौर) को 30-4 से, एसपीएस (साकेत नगर) ने सेंट जोसेफ भोपाल को 19-4 से, सेंट थेरेसा गर्ल्स स्कूल ने एसपीएस को 19-2 से हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया। इससे पहले खेल मंत्री विश्वास सारंग और आईईएस यूनिवर्सिटी की चांसलर बीएस यादव ने खिलाड़ियों एवं से परिचय प्राप्त कर मैच के लिए गुडलक दिया।



दैनिक जागरण

रीवा, 19 जुलाई, 2025 | सतना जागरण | www.dainikjagranmpcg.com




## मोटरयान दुर्घटना प्रतिकर योजना के तहत सहायता राशि स्वीकृत

**सतना।** हिट एण्ड रन मोटरयान दुर्घटना पीड़ित प्रतिकर योजना 2022 के अनुसार अज्ञात वाहन से सड़क दुर्घटना में घायल होने पर 50 हजार रूपये तथा मृत्यु होने पर 2 लाख रूपये की आर्थिक सहायता का प्रावधान है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा वार्ड नं. 3 हरदी थाना सिंहपुर जिला शहडोल निवासी मोहम्मद इसमाईल अज्ञात वाहन से सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनकी पत्नी नैमुन निशा को 2 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

# कलेक्टर-एसपी पहुंचे चित्रकूट मंदाकिनी नदी का किया निरीक्षण

**जागरण सतना**

कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस एवं पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने शुक्रवार को चित्रकूट पहुंचकर मंदाकिनी नदी के जलस्तर का निरीक्षण किया। इसके बाद कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक के साथ चित्रकूट भरत घाट पहुंचकर मंदाकिनी बाढ़ का भी जायजा लिया। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि बरसात के समय जिले में भारी बरसात की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए फील्ड में सतत निगरानी रखें। कलेक्टर ने नगर पंचायत चित्रकूट के अमले को नदी की बाढ उतरने पर घाटों एव सार्वजनिक स्थलों की जमी मिट्टी की सफाई एवं आवश्यक व्यवस्थायें ठीक करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने भरत घाट एवं मंदाकिनी तट के अन्य घाटों का निरीक्षण भी किया। इसके बाद कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने कामतानाथ स्वामी के कामदगिरी परिक्रमा मार्ग में चल रहे विकास कार्यों का अवलोकन किया। बाद में सद्‌गुरू संघ ट्रस्ट जानकी कुण्ड के नेत्र चिकित्सालय क भ्रमण कर चिकित्सालय के विभिन्न प्रकल्पों का अवलोकन किया। इस दौरान राहत एवं बचाव कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता पर करें। अमले को लगातार सक्रिय रखें।



### निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

कलेक्टर ने आरोग्यधाम से मोकमगढ़ तक कराए गए सुदृढीकरण, घाट निर्माण, रिटनिंग बाल व पिचिंग के बाढ़ में बह जाने के मामले में संबंधित विभाग के अधिकारियों को भेज कर निरीक्षण करने के निर्देश दिये। इस मौके पर अधीक्षण यंत्री पीके मिश्रा, एसडीएम एपी द्विवेदी सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सतना जिले में अब तक 565.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**जागरण सतना।** सतना जिले में इस वर्ष 1 जून से 18 जुलाई तक 565.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख सतना से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की सतना (रघुराजनगर) तहसील में 711.7 मि.मी., सोहावल (रघुराजनगर) में 478.2 मि.मी., बरौंधा (मझगवां) में 648.8 मि.मी, बिरसिंहपुर में 467.1 मि.मी., रामपुर बाघेलान में 514.4 मि.मी., नागौद में 704 मि.मी., जसो (नागौद) में 252.5 मि.मी. एवं उचेहरा में 738.5 मि.मी. औसत वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 891.7 मि.मी. है। विगत वर्ष इस अवधि तक जिले में औसत वर्षा 176.5 मि.मी. वर्षा दर्ज की जा चुकी थी।

**105.8 मिमी हुई औसत दैनिक वर्षा :** चालू मानसून सीजन में सतना जिले में अब तक की वर्षा में 105.8 मिमी औसत 24 घण्टे की दैनिक वर्षा 18 जुलाई की प्रातः 8 बजे तक दर्ज की गई है। दैनिक वर्षा में सतना (रघुराजनगर) तहसील में 141.4 मि.मी., सोहावल (रघुराजनगर) में 139 मि.मी., बरौंधा (मझगवां) में 114.3 मि.मी, बिरसिंहपुर में 136.9 मि.मी., रामपुर बाघेलान में 89.2 मि.मी. नागौद में 115.3 मि.मी., जसो (नागौद) में 60.2 मि.मी. एवं उचेहरा में 50 मि.मी. औसत दैनिक वर्षा दर्ज की गई है।

# मॉ शारदा देवी मंदिर में घटित नहीं हुई कोई घटना : एसपी



**जागरण सतना।** मैहर में स्थित मॉ शारदा देवी मंदिर में बम ब्लास्ट एवं आतंकवादी हमले का एक वीडियो वायरल हुआ था जिसके बाद हड़कम्प मच गया। वायरल वीडियो को लेकर मैहर एसपी सुधीर अग्रवाल ने कहा है कि मॉ शारदा देवी मंदिर में न तो कहीं बम ब्लास्ट हुआ और न ही कोई आतंकवादी हमला। मंदिर पूरी तरह से सुरक्षित है। उन्होने कहा कि वायरल वीडियो प्रथम दृष्टया एआई जनरेटेड लग रहा है। वीडियो वायरल करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध मैहर कोतवाली मे विभिन्न धाराओ के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

## दम्पत्ति ने लिया देहदान का संकल्प

**सतना।** मुख्यमंत्री डा0 मोहन यादव की घोषणा अनुसार देहदान करने वाले व्यक्तियों के परिजनों को 15 एवं 26 जनवरी को सम्मानित किया जायेगा। इसी कडी में शुक्रवार को ग्राम गंगवारिया तहसील नागौद निवासी मुकुन्दीलाल वर्मा एवं उनकी धर्मपत्नी सुम्मीबाई ने जिला अस्पताल पहुंचकर रेडक्रास के माध्यम से देहदान का संकल्प लिया। जिला अस्पताल में देहदान के लिए दम्पत्ति के फार्म भरने की प्रक्रिया पूर्ण की गई। इस मौके पर सिविल सर्जन डा0 मनोज शुक्ला, रेडक्रास सचिव डा0 शरद दुबे, डा0 विजेता राजपूत, डा0 संदीप द्विवेदी, जे0पी0 शुक्ला, संजय शुक्ला एवं पेरामेडीकल स्टाफ उपस्थित रहा।

## वन अधिकार समिति की बैठक 25 को

सतना। वन अधिकार अधिनियम अंतर्गत 11 हितग्राहियों को जारी हक प्रमाण पत्र शून्य किए जाने हेतु जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक 25 जुलाई को शायं 5 बजे कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित की गई है।

# जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देश तत्काल प्रारंभ करें प्रायोगिक कार्य



**जागरण सतना।** जिला शिक्षा अधिकारी विष्णु त्रिपाठी ने सभी हाईस्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्यों को निर्देशित किया है कि राज्य शासन के निर्देशानुसार शैक्षणिक सत्र 2025-26 में स्कूलों के लैब में तत्काल प्रायोगिक कार्य प्रारंभ कराए जाएं। उन्होंने अपने पत्र में कहा है कि राज्य शासन के निर्देश हैं कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 में 16 जून से स्कूल खुलने के साथ ही लैब में प्रायोगिक कार्य किए जाएं। लेकिन एक माह की समयावधि बीतने पर भी अधिकांश विद्यालयों में लैब के ताले नहीं खोले गए हैं। यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक और संस्था प्रमुख की उदासीनता का परिचायक है। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि आगामी दिनों में जिले और विकासखंड स्तर की निरीक्षण टीमों के निरीक्षण में कहीं लैब संचालित नहीं पाई गई तो संबंधित संस्था प्रमुखों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी विकासखंड अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपने क्षेत्रांतर्गत आने वाली शालाओं में लैब संचालित कराये और प्रत्येक विद्यालय में लैब संचालन के फोटोग्राफ्स प्राप्त कर अभिलेख संधारण करें। आगामी 24 जुलाई को सतना जिले की शिक्षा विभाग से संबंधित समीक्षा बैठक में लैब संचालक के फोटोग्राफ्स एवं विभागीय जानकारी के साथ उपस्थित रहेंगे।

## पंचायत उपनिर्वाचन- दो पंचायतों में सामान्य अवकाश घोषित

**सतना।** पंचायत उपनिर्वाचन 2025 में जिले की जनपद पंचायत सोहावल की ग्राम पंचायत बठियाकला एवं जनपद पंचायत उचेहरा की ग्राम पंचायत भरहटा में सरपंच पद का निर्वाचन 22 जुलाई को होने पर संबंधित क्षेत्र में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सतना द्वारा सामान्य अवकाश घोषित किया गया है।

# भारी बारिश से गिरा घर, गृहस्थी का समान बर्बाद



**जागरण सतना।** कोटर क्षेत्र में पानी ने मचाई तबाही घरो में पानी भरा तो किसी का घर भी पानी की वजह से गिर गया जिससे लोग परेशान है पानी की वजह से घर में रखा सामान गेहूं चावल सहित अन्य समृद्धि पानी में भीग जाने की वजह से पूरी तरह से नष्ट हो गई जिससे हम लोगों के भोजन के लिए भी लाले पड़ रहे हैं ग्राम पंचायत अकौना में दो दर्जन से ज्यादा घर में पानी भर गया जिसकी वजह से सामान पूरी तरह से नष्ट हो गया जिसका निरीक्षण करने कोटर तहसीलदार सुजीत नागेश ग्राम पंचायत सरपंच श्रद्धा अनुराग सिंह पहुंचे और उनकी समस्या सुनी वहीं इटौर ग्राम पंचायत में भी चार से पांच घरों में पानी भरने की वजह से कच्चे मकान थे जो पूरी तरह से धराशाई हो गए और लोगों को खाने पीने की व्यवस्था नहीं है वहीं पर ग्राम पंचायत रजरबार में पानी भरने की वजह से घर विहीन हो गया परिवार जिससे उसके पास ना तो रहने की व्यवस्था है और ना ही खाने की फिर भी प्रशासनिक टीम द्वारा उसकी मदद के लिए आज तक आगे नहीं आया गया बल्कि हल्का पटवारी भी मौके का निरीक्षण करने नहीं पहुंचे जिससे पीड़ित आज खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो रहा है रजरवार निवासी जैकरण पांडे ने बताया कि मेरे पास दो कच्चे मकान थे जो कि कल की बारिश होने की वजह से दोनों गिर गए जिससे अब मेरे पास रहने के लिए कोई मकान नहीं है।

## अरहर किस्म पूसा-16 किस्म का उत्पादन बढ़ाने हेतु सुझाव

**जागरण सतना।** जिले में इस वर्ष राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन दलहन योजनान्तर्गत अरहर की नवीनतम किस्म पूसा-16 कृषकों को बोनी हेतु उपलब्ध कराई गई है। अरहर की यह किस्म कम अवधि की अधिक उत्पादन देने वाली प्रजाति है, इसकी कुल अवधि 135 से 150 दिवस की है। जो भी कृषक बंधु इस किस्म की बोनी किये हों वे इसकी एक महत्वपूर्ण शस्य क्रिया पर अवश्य ध्यान देवें। इस किस्म में पुष्पन (फूल आने की अवस्था) की अवस्था 45 से 50 दिन है। पुष्पन की अवस्था में इस पर कीटनाशी का छिड़काव अति आवश्यक है। चूंकि जिस समय इस फसल पर फूल बनते हैं उस समय अन्य किसी फसल की पुष्पन अवस्था न होने से इस फसल पर कीटों का प्रकोप ज्यादा होता है और विशेषकर भौंरा इसके नर परागण को नष्ट कर देता है जिससे फूल तो दिखते हैं किन्तु फसल की अवस्था कमजोर पड़ जाती है। इससे बचने के लिये पुष्पन की अवस्था में फसल पर कीटनाशी इमामेक्टीन बेंजोएट 0.5 प्रतिशत या अन्य अनुशंसित कीटनाशी का छिड़काव करें तथा एक-एक सप्ताह के अंतर पर दो बार और दोहराएं अर्थात तीन बार कीटनाशी का प्रयोग करना है। यदि किसान इस शस्य क्रिया को अपनाते हैं तो अरहर फसल का अच्छा उत्पादन पा सकते हैं। इस क्रिया को न अपनाने पर उत्पादन अत्यधिक प्रभवित हो सकता है।

## कोटर के अभय गौतम को मिला मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से एक्सीलेंस अवार्ड



**जागरण सतना।** नगर का नाम रोशन हुआ जब यहां के होनहार छात्र अभय गौतम को इंजीनियरिंग में शानदार प्रदर्शन के लिए श्एक्सीलेंस अवार्ड् से सम्मानित किया गया यह सम्मान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने खुद अपने हाथों से दिया अभय,कोटर नगर परिषद के सभापति राजेंद्र गौतम के पुत्र हैं यह पूरे नगर के लिए गर्व की बात है इस अवसर पर नगर परिषद के अध्यक्ष राजमणि सिंह, उपाध्यक्ष प्रभाकर तिवारी, पार्षद पंकज कुशवाहा, सांसद प्रतिनिधि शांति सुरूप अग्रवाल ,आनंद पाठक, कुंजीलाल, केपी चौधरी और हेमराज गोस्वामी ने शुभकामनाएं दी।

## महिलाओं को वितरित किये गए सब्जी बीज व टूल किट



**जागरण सतना।** बिरला कॉरपोरेशन लिमिटेड यूनिट सतना सीमेन्ट वर्क्स अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों के प्रति सदैव कटिबद्ध है। इसी के परिपालन में संस्थान द्वारा समय.समय पर अनेकों सामाजिक एवं विकास कार्यों का निष्पादन किया जाता रहा है। सतना सीमेन्ट के प्रेसीडेंट कौशल मिश्रा का यही ध्येय है कि सीमेन्ट प्लांट की प्रगति के साथ.साथ प्लांट के आसपास के गांवों का भी समग्र विकास हो और ग्रामीण किसान की आजीविका सुदृढ हो उनके मार्गद नि में ग्राम सगमनिया में अंकुरण कार्यक्रम के तहत 20 गर्भवती धात्री महिलाओं के लिए सब्जी बीज एवं आंगनवाडी साईडिंग बठियाकलां के लिए टूल किट का वितरण किया गया इस अवसर पर पुनीत शर्मा बाल विकास परियोजना अधिकारी सतना एवं श्रीमती साधना सिंह सुपरवाईजर सीएसआर क्लस्टर हेड रंजीत प्रसाद विजय चौवे मैनेजर सीएसआर सरपंच मंजीत वेन एवं प्रियांशी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# जलमग्न हुआ पिपरी कलां का नौपुला



**उचेहरा।** ग्राम पंचायत पिपरी कला का नौपुला इस बारिस में जलमग्न हो गया । दो दिन हुई रुक-रुक कर हुई बारिस ने नौपुला को जलमग्न कर दिया जिसके चलते जान जोखिम में डाल रेल की पटरियों को पार कर नौपुला मोहल्ले और अकही गांव के मेंनिवासी जान जोखिम में डाल जाने को मजबूर हैं। सतना - मैहर मार्ग में पिपरी कला के पास कुछ वर्ष पहले रोड बनी थी उस समय भी थोड़ी बारिस में रोड जाम हो जाती थी वजह इसी रास्ते विजय सागर एरमनी सागर बांध सहित अन्य जगहों का पानी इसी रोड से हो कर निकलता था उस समय के रोड के तकनीकी अमले की कमी के कारण इस तरह से जल भराव के हालात अमूमन हर बारिस में बन जाते है । पानी की निकासी के हिसाब से रोड में जो ढोला डाला गया वह कम है एजानकारों की माने तो रोड में इस जगह ढोला नही बड़ी पुलिया बनानी चाहिए इसी तकनीकी चूक के चलते इस तरह इस रेल के नौ पुला में जल भराव हो जाता हैं जिसके चलते जान जोखिम में डाल रेल के उस पार के वासिंदे आते और जाते हैं एदूसरा कोई रास्ता न होने से रेल की पटरी को पार कर आते जाते हैं। मौके के हालातो की जानकारी मिलते ही एस डी एम ने तुरंत ग्रामीणों को इकट्ठा कर कोई ऐसा कदम न उठाने की समझाइस दी

*पानी निकासी की फिलहाल वैकल्पिक व्यवस्था बनाई जा रही हैं ग्रामीणो को समझाइस दी गई कि कोई ऐसा काम न करे जिससे किसी तरह की अनहोनी हो जाय ।*

***सोमेश दुवेदी एस डी एम उचेहरा***

## आवेदन 20 जुलाई तक

**जागरण सतना।** उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास मनोज कश्यप ने सतना जिले के सभी वर्ग के किसान भाइयों कों सूचित किया है कि ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर (राष्ट्रीय कृषि विकास योजना त्तमेनतप्रमक ष्तपहंजपवद) योजना अंतर्गत सिंचाई उपकरण स्प्रिंकलर सेट, ड्रिप सिस्टम एवं मिनी स्प्रिंकलर के आवेदन 14 जुलाई से 20 जुलाई 2025 तक आमंत्रित किये जा रहे है। प्राप्त आवेदनों के आधार पर 21 जुलाई को लॉटरी कि प्रक्रिया की जायेगी। इच्छुक कृषक इस योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर मे किसी भी अनलाइन केंद्र पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए दस्तावेज खसरा एवं खतौनी की प्रति मोबाईल नंबर एवं आधार कार्ड अनिवार्य किया गया है।

























जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**

**कार्यालय:- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com